www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 30 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –195 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



नशीली दवा से युवाओं को अंधा बना रही केंद्र सरकार : कांग्रेस पृष्ठ 2

- प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक
- संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान

पृष्ठ 6

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा में हो रही तबाही पर चेताया
- ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा

पृष्ठ 7

रोहित की 87 रन की पारी पृष्ठ 8

### राजनांदगांव व कवर्धा में राहुल गांधी की चुनावी सभा

# कांग्रेस गरीबों के साथ और मोदी सरकार अमीरों के साथ

**राजनांदगांव**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा के चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद राहुल गांधी ने स्टेट स्कूल की सभा में छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा के चुनाव पर कांग्रेस पार्टी के चुनावी सभा को संबोधित करने राजनांदगांव पहुंचे थे भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 6 चुनावी वादे किए हैं। पार्टी का कहना है कि राज्य में दोबारा सरकार बनते ही सरकारी स्कूलों में केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई मुफ्त कर दी जाएगी। इससे सभी वर्ग के छात्रों को फायदा मिलेगा।

कांग्रेस ने कहा कि सरकार बनते ही जातिगत जनगणना शुरू कर दी जाएगी। साथ ही तेंदूपत्ता का सालाना बोनस 4 हजार रुपए कर दिया जाएगा। दरअसल, दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसके पहले बस्तर में दो बड़ी रैलियां कीं । स्टेट स्कूल मे हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर बरसे उन्होंने पुरानी घोषणा पर कहा- जो हमने वादा किया, उससे आगे निकले

5 साल पहले हमने 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदने का वादा किया था। हमने वादा किया था कि ऐसी सरकार आएगी जो किसानों और मजदूरों की बात सुनेगी। आज हम 2500 नहीं 2640 में धान खरीद रहे हैं। जो स्टेज से बोला था उससे हम आगे निकल चुके हैं। आप बोलो भी ना हम दिल की बात सुन लेते हैं। इसे आने वाले समय में 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे।

**केंद्र के कानून से किसानों को नुकसान, उद्योगपतियों को फायदा**

राहुल गांधी ने सभा में केंद्र की बीजेपी



सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मनरेगा को हम लेकर आए तो बीजेपी ने इसे बेकार बताया। हमने मजदूरों का सम्मान किया, क्योंकि हम जानते हैं, जब तक गरीबों की मदद नहीं करेंगे, देश मजबूती से खड़ा नहीं हो सकता। केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के खिलाफ कानून बनाकर उन्हें नुकसान पहुंचाया और अडाणी को लाभ पहुंचाया। मोदी सरकार के नोटबंदी, जीएसटी के फैसले से सिर्फ अडाणी को फायदा हुआ। आम आदमी को सिर्फ परेशानी और तकलीफ के सिवा कुछ नहीं मिला।

## राहुल गांधी ने किसानों के साथ काटी फसल



**रायपुर**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन रविवार सुबह नवा रायपुर के पास कठिया गांव पहुंचे। यहां किसान पीलू राम साहू के खेत मे किसानों के साथ धान काटा और उनसे चर्चा की। धान काटने वाले किसानों ने मजदूरी बढ़ाने मांग की। वो किसानों के साथ हाथ में हंसिया लिए और सिर पर गमछा बांधे नजर आए। राहुल ने खेत में धान की कटाई भी की।जिस पर राहुल गांधी ने तुरंत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को घोषणा पत्र में मजदूरी बढ़ाने के लिए कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश समेत विधान सभा अध्यक्ष चरणदास महंत , उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव व गृह मंत्री त ताम्रधवज साहू मौजूद थे।

### कवर्धा में लगाई घोषणाओं की झड़ी

## भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को मिलेगा सालाना 10 हजार



**कवर्धा**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कवर्धा व पंडरिया के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में जन कल्याणकारी घोषणाओं की भरमार लगा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने पर भूमिहीन खेतीहर मजदूरों को मिलने वाली 07 हजार रूपए की राशि को बढ़ाकर 10 हजार करने, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 04 हजार हजार रूपए सालाना बोनस, सरकारी स्कूलों, कॉलेजों में केजी से लेकर पीजी तक की शिक्षा नि:शुल्क करने, जातिगत जनगणना कराने और गांवों में फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की घोषणा की। उन्होंने अपने पूरे भाषण में भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्योगपतियों मित्रों का 14 लाख करोड़ रूपए का कर्जा माफ किया है। कांग्रेस गरीबों, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों का इतना ही कर्जा माफ करेगी। राहुल गांधी की सभा में भीड़ का यह आलम था कि सरदार पटेल मैदान में जितनी भीड़ थी उतनी ही भीड़ मैदान की बाहर मौजुद थी। राहुल गांधी की सभा से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल बन गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत में

- **तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा सालाना 4000 रू बोनस**
- **गांव में लगेंगे फूड प्रोसेसिंग प्लांट, केजी से लेकर पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा**

कहा कि कांग्रेस जो कहती है वो करती है। उन्होंने विधानसभा की पिछले चुनाव में किसानों का कर्जा माफ करने, धान 2500 रूपए चिंटल में खरीदने की घोषणा की थी। कांग्रेस की सरकार ने 26 लाख किसानों का 23 हजार करोड़ रूपए का कर्जा माफ किया है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अभी 2640 रूपए में धान की खरीदी कर रही है। आने वाले समय में धान 3000 रूपए क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। राहुल गांधी ने तेंदूपता संग्राहकों को प्रतिमानक बोरा का भुगतान 2500 की दर से बढ़ाकर 4 हजार रूपए करने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की अगली सरकार संग्राहकों को प्रतिवर्ष 4 हजार रूपए बोनस अलग से प्रदान करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने प्रदेश के 400 अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल खुलने का उल्लेख करते हुए कहा कि आज किसानों, मजदूरों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से नि:शुल्क शिक्षा मिल रही है। चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो केजी कक्षा से लेकर पीजी याने स्नातकोत्तर तक की शिक्षा नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। अपनी घोषणाओं के क्रम में राहुल गांधी ने फुड प्रोसेसिंग प्लांट खुलने की घोषणा की। उनका कहना था कि अनाज, सब्जी, फलों एवं अन्य फसलों को सीधे प्लांट तक पहुंचाने से किसानों को उनकी फसल का उचित दाम भी मिलेगा। राहुल गांधी यही तक नहीं रूके बल्कि उन्होंने केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ में दो, तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थापित करने की घोषणा कर दी। गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उगने ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### सार संक्षेप

#### दूधाधारी मठ के महन्त और रायपुर दक्षिण प्रत्याशी रामसुंदर दास को पितृ शोक



**रायपुर**। दूधाधारी मठ के महन्त और रायपुर दक्षिण के कांग्रेस प्रत्याशी रामसुंदर दास के पिता माधव प्रसाद त्रिवेदी का देहावसान आज 29 अक्टूबर को हो गया है, वे 86 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके निधन पर दुख जताया है। उनका अंतिम संस्कार कल 30 अक्टूबर को सुबह 9 बजे जिला सक्ति, विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत स्थित ग्राम पिहरीद में होगा।

#### मराठा आरक्षण : 11 दिन में 13 लोग कर चुके हैं खुदकुशी

**मुंबई**। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर रविवार को एक अन्य युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बीड जिले के परली तालुका के रहने वाले गंगाभीषण रामराव के रूप में हुई है। यह जिले में पिछले दो दिनो में आत्महत्या की दूसरी घटना है। वहीं, राज्य में 11 दिनों में 13 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले, शनिवार को एक पंचायत सदस्य ने खुदकुशी की थी।

#### खड़गे ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तंज किया। खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर एक कार्टून शेयर करते हुए हिंदी में लिखा, 'पिछले 9.5 सालों से बीजेपी बढ़ती महंगाई और ऊंची कीमतों के खिलाफ जनता के आक्रोश का मजाक उड़ा रही है, हर बार महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार ने लोगों का मजाक उड़ाया है।' महंगाई दिखाई नहीं देती, मैं प्याज नहीं खाता, हम दूसरे देशों से बेहतर हैं।'

#### मणिपुर से असम लाई गई 5 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**गुवाहाटी**। असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले में एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 5 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। वहीं, ड्रग तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है।

## श्रीनगर में आतंकी हमला पुलिस अफसर शहीद



**आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी**

**श्रीनगर**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को ईदगाह इलाके में आतंकी हमले में एक पुलिस इंस्पेक्टर शहीद हो गया। उनकी पहचान मसरूर अली वानी के रूप में हुई है। मसरूर येचिपोरा ईदगाह इलाके के रहने वाले थे। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। हमला उस समय हुआ, जब मसरूर वानी स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। मसरूर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हमले के बाद से ईदगाह इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उधर, कुपवाड़ा जिले में सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान एक आतंकी को मार गिराया। फिलहाल अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है। जम्मू-कश्मीर में 13 सितंबर को आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ों में 3 अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। शहीद अफसरों में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक डीएसपी शामिल थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।

# केरल के प्रार्थना सभा में 3 धमाके, एक की मौत

### 5 मिनट में हुए धमाके, 52 घायल, त्रिशूर में एक शख्स ने सरेंडर किया

**एर्नाकुलम**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के एर्नाकुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए। इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए। कलामासेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है।

उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था। आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। हालांकि मार्टिन ने अभी तक यह नहीं बताया कि किस वजह से उसने ये धमाके किए। इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। इससे पहले कन्नूर पुलिस ने भी एक व्यक्ति को उसके बैग में संदिग्ध सामान मिलने के बाद हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह झारखंड का रहने वाला है। वह मंगलुरु से एरिकोड जा रहा था।



**घायलों में 6 की हालत गंभीर**

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 52 लोगों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। एक 6 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की हालत गंभीर है। शुरुआती जांच के मुताबिक, आईईडी टिफिन बॉक्स में लगा कर कन्वेंशन सेंटर के अंदर रखी गई थी। जांच के लिए 8 स्पेशल टीम बनाई गई है।

## विजयनगरम में 2 पैसेंजर ट्रेनों में टक्कर, 6 लोगों की मौत

**अमरावती**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आंध्रप्रदेश के विजयनगरम जिले के कोठावलासा मंडल के अलमांडा-कंथकपल्ली में एक बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। विशाखापत्तनम-रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। ओवरहेड केबल कट जाने से रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर खड़ी हो गई। हालांकि उसी समय आई पलासा एक्सप्रेस ने रायगढ़ ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी। नतीजा ये हुआ कि रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन की तीन बोगियां न सिर्फ पटरी से उतर गईं। इस हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। पूर्वी तटीय रेलवे क्षेत्र के एक अधिकारी ने कहा कि विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08532), विशाखापत्तनम-रायगढ़ा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08504) से टकरा गई। हालांकि सूचना मिलने के बाद अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव शुरू किए। इस दौरान घटना स्थल पर बिजली की कमी के कारण बचाव कार्य में भारी दिक्कत आ रही है।

# भारत की विश्व कप में लगातार छठी जीत

### 20 साल बाद इंग्लैंड को हराया, किया 129 पर ऑलआउट, 100 रन से मिली जीत

**लखनऊ**, 29 अक्टूबर (एजेंसी)। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत ने लगातार छठी जीत हासिल की है। टीम ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। टीम इंडिया ने 20 साल बाद वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को हराया है। टीम ने डरबन के मैदान पर आखिरी बार 2003 में 82 रनों से जीत हासिल की थी। लखनऊ के एकाना स्टेडियम में टॉस हारकर टीम इंडिया ने बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



भारतीय गेंदबाजी के सामने इंग्लिश बल्लेबाज लड़खड़ाते नजर आए. मोहम्मद शमी ने 4 और जसप्रित बुमरा ने 3 विकेट लिए. जबकि कुलदीप यादव और रवींद्र जड़ेजा की स्पिन जोड़ी ने 3 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इंग्लैंड का स्कोर 4 ओवर में 26/0 से 10 ओवर में 40 रन पर 4 विकेट हो गया. शमी और बुमराह दोनों ने 2-2 विकेट लिए. बेयरस्टो ने 14 रन और मलान ने 16 रन बनाए, जबकि रूट और स्टोक्स खाता भी नहीं खोल सके।

**रोहित शर्मा ने पूरे किये 18 हजार रन-**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार रन पूरे कर लिए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि 457वीं पारी में हासिल की है। वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 क्लब में शामिल हो गए हैं। इस क्लब में सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली के नाम हैं।

### इजराइल-हमास संघर्ष

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपातकालीन बैठक

**गजा**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने परिषद में अरब प्रतिनिधि संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर सोमवार दोपहर को एक आपातकालीन बैठक बुलाई है. एपी के अनुसार यह बैठक सोमवार दोपहर को गाजा पर इजरायल के जमीनी हमले को लेकर है।

**अस्पताल के आसपास की बमबारी**

इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले और टैंक गोले तेज कर दिए. अलजजीरा के मुताबिक वहां के अस्पताल के आसपास तेज बमबारी हो रही थी। अस्पताल पर सीधा हमला नहीं हुआ, लेकिन उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाया गया।

**वेस्ट बैंक से 23 संदिग्ध गिरफ्तार**

इजरायली सेना ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक से रात भर में कम से कम 23 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार हमास लड़ाके भी शामिल हैं। अलजजीरा के मुताबिक युद्ध शुरू होने के बाद से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 700 हमास लड़ाकों सहित 1,030 से अधिक फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया था।

**गजा में मरने वालों की संख्या 7,950 हुई**-इजरायली हमले में गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,960 हो गई है। रामल्ला में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को हमास-नियंत्रित क्षेत्र के स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी।

### जल संकट | यूनेस्को की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

# भारत में जमीन के अंदर कम हो रहा पानी

- खतरनाक संकट की ओर बढ़ रहे हैं हालात
- 2025 तक बहुत ज्यादा बढ़ सकती है समस्या

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत गंगा, जमुना जैसी पवित्र नदियों का देश कहा जाता है। यहां पानी की समृद्धता इसे और सुंदर बनाती है। लेकिन इसी सुंदर और समृद्ध देश को गांवों और शहरों में पानी की बर्बादी किसी ओर दिशा में खींच रही है।**

*संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की एक रिपोर्ट की मानें तो साल 2025 तक भारत में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ सकती है। ऐसे में इस बढ़ती समस्या को लेकर आशंका जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा। यूनेस्को की द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार साल 2016 में धरती पर 9.33 करोड़ लोग पानी की कमी से परेशान थे, जिसके बाद कई देशों में जल संकट की भारी कमी देखी गई।*

***एशिया का 80 फीसदी क्षेत्र में पानी की कमी***

*रिपोर्ट में ये भी दावा है कि एशिया का 80 प्रतिशत क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहा है। जिसमें पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर ये संकट काफी ज्यादा है। समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय भारत के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण परेशानी का सामना कर रहे हैं।*

*देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण माना जा रहा है।*

***जल संरक्षण है सबसे बड़ी चुनौती***

*फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण है। यदि जल को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले सालों में लोगों को पीने का पानी तक उपलब्ध करवाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। ऐसे में फिलहाल ये जरूरी है कि सरकार के पास वो सभी डेटा हो जो जल सरंक्षण के लिए जरूरी है, जो फिलहाल एक बड़ी समस्या है।*

## सलमान खान 'होस्ट' के रूप में सबसे बेस्ट हैं : अरबाज खान

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस' सीजन 17 के स्टेज पर एक्टर अरबाज खान कहेंगे कि उनके भाई सलमान खान 'होस्ट' के रूप में सबसे बेस्ट हैं। 'बिग बॉस' सीजन 17 के दर्शकों को एक तोहफा मिलने वाला है। अरबाज और सोहेल खान 'वीकेंड का वार' एपिसोड में होस्ट और सुपरस्टार सलमान खान के साथ शामिल होंगे। खान अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन के बारे में कुछ फिल्मी सामान्य बातें और खुलासे करेंगे। अपने कॉमिक स्टाइल में, दोनों भाई कंटेस्टेंट्स को रोस्ट करेंगे और मजेदार गेम खिलाएंगे। इस बारे में बात करते हुए अरबाज ने कहा कि बिग बॉस का हिस्सा बनना एक बड़ा सम्मान और अवसर है। अगर आपके पास होस्ट करने या किसी सेगमेंट का हिस्सा बनने का अवसर है, तो यह बहुत अच्छी बात है।

स्ट्रोक को लेकर विशेषज्ञों का दावा

# धूम्रपान और लंबे समय तक काम करने से होता है स्ट्रोक



- 45 वर्ष से कम उम्र के लोगों में स्ट्रोक के मामले बढ़े
- अनियमित खान-पान व शारीरिक व्यायाम की कमी के कारण

**लखनऊ,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने कहा है कि व्यायाम की कमी, धूम्रपान और नौकरियों में नियमित रूप से सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बैठे रहना, रक्तचाप और मधुमेह का कारण बनता है। यह युवाओं में स्ट्रोक के लिए भी जिम्मेदार है Kकिंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में न्यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आर के गर्ग के अनुसार, '45 वर्ष से कम उम्र के लोगों में स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं और इसका एक सामान्य कारण उच्च रक्तचाप है। प्रोफेसर गर्ग ने बताया कि 40 से 50 वर्ष की आयु के बीच के पेशेवर अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कार्यालय में बहुत अधिक तनाव, घर में अनियमित खान-पान और शारीरिक व्यायाम की कमी के कारण, वे उच्च रक्तचाप और मधुमेह के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। उच्च रक्तचाप उन्हें स्ट्रोक के प्रति संवेदनशील बनाता है।

प्रोफेसर गर्ग ने कहा कि किसी को लग सकता है कि ये लक्षण काम के बोझ के कारण अस्थायी हैं, लेकिन ये शुरुआती चेतावनी के संकेत हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक के लक्षणों में चेहरे, हाथ या पैर में अचानक सुन्नता या कमजोरी शामिल है, खासकर शरीर के एक तरफ। अचानक भ्रम, बोलने या समझने में परेशानी, एक या दोनों आंखों से देखने में अचानक परेशानी, चलने में अचानक परेशानी, चक्कर आना, संतुलन या समन्वय की हानि, बिना किसी ज्ञात कारण के अचानक गंभीर सिरदर्द यह सभी प्रारंभिक चेतावनी संकेत हैं।

केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर कौसर उस्मान ने कहा कि दफ्तर जाने वाले लोगों में उच्च रक्तचाप आम होता जा रहा है। एससी त्रिवेदी मेमोरियल ट्रस्ट अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता शुक्ला ने कहा कि गर्भवती महिलाएं भी उच्च रक्तचाप और गर्भकालीन मधुमेह से पीड़ित होती हैं। यह उन्हें विशेष रूप से रक्तस्रावी स्ट्रोक के प्रति संवेदनशील बनाता है।

स्ट्रोक, जिसे अक्सर 'ब्रेन अटैक' कहा जाता है, यह तब होता है जब मस्तिष्क के एक हिस्से में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है। स्ट्रोक मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते हैं, पहला इस्केमिक स्ट्रोक, जो सबसे आम है, रक्त के थक्के से अवरुद्ध धमनी के कारण होता है। यहां रक्त को मस्तिष्क के हिस्से तक पहुंचने से रोका जाता है। दूसरे, रक्तस्रावी स्ट्रोक रक्त वाहिका के फटने के कारण होता है, जिससे रक्तस्राव होता है। उच्च रक्तचाप और धमनीविस्फार इस प्रकार के स्ट्रोक का कारण बन सकते हैं। तीसरा प्रकार ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक है जिसे मिनी स्ट्रोक भी कहा जाता है। यह मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह में एक अस्थायी रुकावट है।

## रेखा ने छुए शत्रुघ्न सिन्हा के पैर, तो यूजर्स ने पूछा- 'क्या दोनों एक ही उम्र के नहीं हैं?'

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा और एक्ट्रेस रेखा, जिन्होंने 'जानी दुश्मन', 'खून भरी मांग', 'मुकाबला' और अन्य फिल्मों में साथ काम किया है, को हाल ही में मुंबई में एक पार्टी में साथ देखा गया Kपैपराजी अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में 69 वर्षीय रेखा, 77 वर्षीय शत्रुघ्न के पैर छूती दिखाई दीं। इसके बाद रेखा ने उनकी पत्नी पूनम सिन्हा को गले लगाकर बधाई दी। उनके साथ उनकी बेटी सोनाक्षी सिन्हा भी थीं। रेखा को शत्रुघ्न के पैर छूते देख नेटिजन्स हैरान रह गए। उन्होंने कमेंट सेक्शन में लिखा कि क्या वे लगभग एक ही उम्र के नहीं हैं? रेखा ने ग्लोडन और ग्रीन कलर की साड़ी पहनी हुई थी। साथ ही मांगटीका, झुमके और चूड़ियां भी पहनी थीं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थी। उनके लुक की तारीफ करते हुए एक फैन ने लिखा, 'उफ्फफ... रेखा जी बेहद खूबसूरत लग रही हैं।' हिंदी फिल्म जगत के अन्य सितारे जैसे ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर, करण जौहर, जोया अख्तर, विवेक ओबेरॉय, बॉबी देओल और फराह खान भी पार्टी में थे।





## प्रतिदिन लगभग आठ हजार कदम चलने से समय पूर्व मृत्यु का खतरा काफी कम

**बीजिंग,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक हालिया अध्ययन से यह पता चला है कि अधिकांश लोगों के लिए अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन लगभग आठ हजार कदम चलना पर्याप्त है, और इससे समय से पहले मृत्यु का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि धीरे-धीरे चलने की तुलना में तेज चलना बेहतर है। आप जितनी तेजी से चलेंगे, आपकी मृत्यु का जोखिम उतना ही कम होगा। स्पेन में ग्रेनाडा यूनिवर्सिडैड के नेतृत्व में और नीदरलैंड तथा अमेरिका के शोधकर्ताओं को शामिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने वैज्ञानिक रूप से निर्धारित किया कि लोगों को शीघ्र मृत्यु का खतरा को कम करने के लिए प्रत्येक दिन कितने कदम उठाने की आवश्यकता है। संबंधित पेपर 'अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल' में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने एक लाख एक हजार से अधिक प्रतिभागियों को शामिल करते हुए 12 अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के डेटा का व्यवस्थित रूप से जांच और विश्लेषण किया। शोध के नतीजे बताते हैं कि प्रतिदिन लगभग आठ हजार कदम चलने से शीघ्र मृत्यु का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। पैदल चलने की दूरी के अलावा, चलने की गति बढ़ाने से धीरे-धीरे चलने की तुलना में अतिरिक्त लाभ होता है। शोध में यह भी पाया गया कि हर दिन आपके द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की संख्या में थोड़ी सी वृद्धि करने से उल्लेखनीय लाभ हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, जो लोग कम व्यायाम करते हैं, उनके लिए लगभग 500 का प्रत्येक अतिरिक्त कदम उनके स्वास्थ्य में और सुधार कर सकता है।

## 'जापान' के ट्रेलर में तमिल स्टार कार्ती का बिल्कुल नया अंदाज आया सामने

**चेन्नई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिल स्टार कार्ती की अपकमिंग फिल्म 'जापान' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में अभिनेता को एक सनकी, जानलेवा, रोमांच चाहने वाला और अहंकारी के एक नए अवतार में दिखाया गया है। टीजर में कार्ती को रोमांच चाहने वाले के रूप में दिखाया गया है। ट्रेलर उनके नए व्यक्तित्व का विस्तार करता है।

ट्रेलर की शुरुआत समुद्र के किनारे एक गांव के इलाके में बहुत ही सरल अंदाज में होती है, जहां कार्ती का किरदार 'जापान' एक युवा मछली की कहानी सुनाता है जो अपने भोजन के लिए बिच्छू, मगरमच्छ, केकड़े जैसे छेद खोदना शुरू कर देती है। इससे पहले कि उसे पता चलता, मछली ने इतने गड्ढ़े खोद डाले कि वह व्हेल में तब्दील हो गई। इससे कार्ती का किरदार खुद को अंडरवर्ल्ड में ऊपर उठाता है क्योंकि उसे जल्द ही चोरी की लत लग जाती है। अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी डकैती को अंजाम देते हुए, जापान ने अपनी डकैती में 200 करोड़ रुपये से अधिक की लूट की। लेकिन जापान केवल अपनी डकैती से ही नहीं रुकता वह एक राज्य मंत्री की हत्या कर देता है। अब इस हाई प्रोफाइल हत्या के साथ डकैती ने पूरे राज्य पुलिस को ढीला कर दिया है क्योंकि तमिलनाडु और केरल की पुलिस उस व्यक्ति को पकड़ने के लिए एक संयुक्त अभियान चलाती है। ऐसे कई दृश्य भी हैं जिनमें कार्ती का किरदार पुलिस से घिरा हुआ है, हालांकि वह उनसे बचकर निकल जाते है।

## इंस्टाग्राम पर अब फ्रेंड्स भी आपके पोस्ट में एड कर सकेंगे तस्वीरें

**सैन फ्रांसिस्को,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम एक नए फीचर का परीक्षण कर रहा है जिसमें आपके फ्रेंड्स को आपके पोस्ट में तस्वीरें एड करने की अनुमति होगी। इंस्टाग्राम प्रमुख एडम मोसेरी ने अपने प्रसारण चैनल पर यह जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम पर नया परीक्षण। हमने आपके फ़ीड पोस्ट में शामिल होने के लिए फ्रेंड्स को आमंत्रित करने के लिए एक नए तरीके का परीक्षण शुरू किया है। पोस्ट करने से पहले आप अपने फ़ॉलोअर्स के लिए फ़ोटो और/या वीडियो सबमिट करने की अनुमति दे सकते हैं, जिसे आप पोस्ट में एड करने के लिए एक्सेप्ट कर सकते हैं।

जब आप अपनी प्रोफ़ाइल पर फोटो पोस्ट कर रहे होंगे तो इंस्टाग्राम आपको फॉलोअर्स को अपनी फोटो और वीडियो सबमिट करने का विकल्प देगा, जिन्हें एड करना चाहते हैं।

ये फोटो या वीडियो आपके पोस्ट में अपने-आप नहीं जुड़ेगे। आपको प्रत्येक फ़ोटो और वीडियो को जोड़ने से पहले एक्सेप्ट करना होगा। मोसेरी द्वारा साझा किए गए फ़ीचर के




स्क्रीनशॉट में, फ़ीचर के निचले-बाएं कोने में 'पोस्ट में जोड़ें' बटन होगा। इस बीच, इंस्टाग्राम एक नई सुविधा का परीक्षण कर रहा है जो यूजरों को नोट्स में एक छोटे या लूपिंग वीडियो के साथ अपनी प्रोफ़ाइल तस्वीर अपडेट करने देगा। मोसेरी ने कहा कि जल्द ही, लोग एक छोटे, लूपिंग वीडियो के साथ नोट्स में अपनी डिफ़ॉल्ट प्रोफ़ाइल फ़ोटो को अपडेट कर सकेंगे। आप अभी भी वीडियो के साथ टेक्स्ट के माध्यम से एक विचार साझा करने में सक्षम होंगे। यदि आप नोट्स में वीडियो देखना शुरू करते हैं, तो हमें बताएं आप क्या सोचते हैं। डेमो वीडियो के अनुसार, जब यूजर नोट बनाना शुरू करेंगे तो प्रोफ़ाइल चित्र पर एक नया कैमरा आइकन मौजूद होगा।

## सूरज की किरणों से बचाने के लिए सनस्क्रीन सबसे कम प्रभावी तरीका

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (आईएएनएस)। शोधकर्ताओं का कहना है कि धूप से बचाने के लिए कपड़ों और अन्य चीजों की तुलना में सनस्क्रीन आपकी स्किन को प्रोटेक्ट करने का सबसे कम प्रभावी तरीका है। कैंसर जर्नल में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, सनस्क्रीन का इस्तेमाल बढ़ रहा है, लेकिन साथ ही मेलेनोमा और स्किन कैंसर रेट भी बढ़ रहा है, जिसे शोधकर्ता 'सनस्क्रीन पैराडॉक्स' कहते हैं।

गर्म तापमान व बाहरी गतिविधियों में संलग्न रहने की प्रवृत्ति का कारण

कनाडा के मैकगिल विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इवान लिट्विनोव ने कहा कि समस्या यह है कि लोग सनस्क्रीन को सूरज की किरणों से स्किन को बचाने के लिए सबसे उपयोगी तरीका मानते हैं। लोग सोचते हैं कि वो स्किन कैंसर से भी सुरक्षा देता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग पर्याप्त मात्रा में सनस्क्रीन नहीं लगाते या सुबह सनस्क्रीन लगाने के बाद घंटों तक धूप में नहीं रहते हैं, जिससे उनमें सुरक्षा का भ्रम पैदा होता है।

मेलेनोमा के बढ़ते मामलों के बीच फैक्टर्स को समझने के लिए, शोधकर्ताओं ने दो स्टडी की। पहली स्टडी में, उन्होंने पाया कि नोवा स्कोटिया और प्रिंस एडवर्ड द्वीप में रहने वाले कनाडाई लोग सन प्रोटेक्शन का ज्यादा इस्तेमाल करते है, वे धूप से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में अधिक जागरूक हैं, और यूवी इंडेक्स का पालन करने के लिए अधिक उपयुक्त हैं। इसके बावजूद, गर्म तापमान और बाहरी गतिविधियों में संलग्न रहने की प्रवृत्ति के कारण उन्हें अधिक धूप का सामना करना पड़ा। इसी तरह, यूके बायोबैंक के दूसरी स्टडी में, शोध[illegible] ने पाया कि सनस्क्रीन का इस्तेमाल आश्चर्यजनक रूप से स्किन कैंसर के दो गुना से अधिक जोखिम से जुड़ा है। लिट्विनोव ने कहा कि ये संयुक्त निष्कर्ष एक सनस्क्रीन पैराडॉक्स का सुझाव देते हैं, जिससे व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में सनस्क्रीन या अन्य सन-प्रोटेक्शन का इस्तेमाल नहीं करते हैं, जिससे सुरक्षा का भ्रम पैदा होता है। उन्होंने कहा कि सन-प्रोटेक्शन और स्किन कैंसर की रोकथाम में नॉलेज और प्रैक्टिस की कमियों को दूर करने के लिए इस सनस्क्रीन पैराडॉक्स और दुनिया भर के समुदायों के यूनिक मानदंडो पर विचार करना चाहिए।



## अपने माता-पिता को कभी हल्के में न लें : अनुपम खेर

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर ने माता-पिता का महत्व बताते हुए हाल ही में एक लंबा वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कह रहे हैं कि अपने माता-पिता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए और यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम जहां भी खड़े हैं, वह हमारे माता-पिता की देखभाल, प्यार और आशीर्वाद का नतीजा है, जिसने हमें उस मुकाम तक पहुंचाया है।



अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा वीडियो पोस्ट किया। बैकग्राउंड में अपनी और अपनी मां की तस्वीर के साथ, 'द वैक्सीन वॉर' अभिनेता ने रील को कैप्शन दिया माता-पिता के आशीर्वाद से बढ़कर इस दुनिया में कुछ भी नहीं है। खासकर अगर आप अपने माता-पिता से दूर रहते हैं तो इन चार बातों का ध्यान रखें, हम अपने माता-पिता को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। उन्हें दिखाएं कि आप उनसे प्यार करते हैं और नियमित रूप से उनकी देखभाल करते हैं। यह उनके लिए दुनिया है, और ऐसा करने में ज्यादा कुछ नहीं लगता। उन्होंने कहा कि दोस्तों, अगर आप अपने माता-पिता से अलग रह रहे हैं, तो कृपया हमेशा उन्हें कॉल करना सुनिश्चित करें। अब आप पूछेंगे कि क्या इमरजेंसी है। इमरजेंसी कुछ नहीं है आपको इन चार कारणों से उनसे बात करनी चहिए।

## 'बिग बॉस 17' के घर से बाहर हुईं सोनिया बंसल

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सोनिया बंसल 'बिग बॉस' सीजन 17 के घर से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट बन गई हैं। और उन्होंने कहा कि वह वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में वापस आना चाहती है, क्योंकि कई चीजें हैं जो पीछे रह गई हैं, और वह और ज्यादा खेलना चाहती है। शो के मेगास्टार और होस्ट सलमान खान ने घर में हो रही लड़ाइयों पर घरवालों को समझाया और फिर एविक्शन को लेकर चर्चा की।



नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में सनी आर्य, सोनिया, ऐश्वर्या शर्मा, नील भट्ट और सना रईस खान शामिल थे। 'दबंग' होस्ट ने पब्लिक के वोटों के रिजल्ट का खुलासा किया और बताया कि सना और सोनिया को सबसे कम वोट मिले हैं। इन दोनों का भाग्य अधर में लटक गया, और यह तय करना घर के सदस्यों पर छोड़ दिया गया कि बिग बॉस के मोहल्ले में कौन रहेगा और कौन बाहर निकलने वाला पहला शख्स होगा। घर के सदस्यों से मिले कम वोटों के कारण, सोनिया बंसल का यह सफर खत्म हो गया। सोनिया, दोस्तों से धोखा खाने और बायस्ड सीजन की पहली शिकार हुईं। घर के सदस्यों के अपर्याप्त वोटों के कारण, सोनिया के लिए यह रास्ता ख़त्म हो गया, जिससे वह अपने तथाकथित दोस्तों से धोखा खाने के बाद पक्षपात के सीज़न की पहली शिकार बन गईं। शो में अपनी दो सप्ताह की लंबी यात्रा के दौरान, सोनिया ने अपने डांस मूव्स और ग्लैमरस से दर्शकों का एंटरटेन किया।

## उर्वशी अग्रवाल बनी मिसेज स्टाइल क्वीन

**देहरादून,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के देहरादून में एक निजी होटल में रविवार को मिस मिसेज स्टाइल क्वीन प्रतियोगिता हुई जिसमें रश्मि अग्रवाल को मिसेज स्टाइल क्वीन का खिताब दिया गया। वहीं तर्जनी एवं दृष्टि जैन फर्स्ट व सेकंड रनर अप रहीं।

कार्यक्रम में बतौर सेलिब्रिटी जज व अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति गोवित्रिकर उपस्थित रहीं। इस दौरान, एक्स्ट्रा माइल अचीवर अवार्ड के साथ कुछ को पीएचडी की मानक उपाधियां भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर सुनील उनियाल गामा, आकाश पांडे, राजनीतिज्ञ रविंद्र सिंह आनंद, डॉक्टर प्राची गंडवाल, कमल वाधवान और कृतिका ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान, तीन राउंड फैशन परेड के रहे जिनमें पहला राउंड ट्रेडिशनल, दूसरा राउंड फ्री स्टाइल व तीसरा राउंड गाउन में रहा तथा प्रश्नोत्तरी का रहा।

- अदिति गोवित्रिकर ने पहनाया ताज



पिछले तीन दिन से चल रही ग्रूमिंग के दौरान, ग्रूमिंग देने वाले ग्रूमर्स याशना बाहरी सिंह, रूप सोनी, मिनी गुप्ता, सैम क्षेत्री, प्रीति शर्मा सिंह, वीएलसीसी इंस्टीट्यूट आदि को भी सम्मानित किया गया। जूरी में प्रीति शर्मा सिंह, अभिषेक कपूर, रचना पांधी, रिचा तिवारी भी अदिति गोवित्रीकर के साथ स्टेज साझा करते नजर आए। संचालन डॉक्टर प्राची कंडवाल व काजोल, जो की सीजन-2 की विनर थी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक आकाश पांडे ने धन्यवाद किया। कार्यक्रम में राम चोपड़ा, आचार्य वर्षा माटा, कनक भारत पाराशर, अंजना साहनी, डॉक्टर ललिता कोटिया, मोंटी कोहली, अरुण शर्मा, पारुल अग्रवाल, संजय गर्ग , दीपक निमरनिया, शिप्रा खन्ना ,मिनी गुप्ता, श्वेता सूरी आदि लोग मौजूद थे।

## हार्ट रेट मापने के लिए गूगल वैज्ञानिक ने किया हेडफोन का इस्तेमाल

**सैन फ्रांसिस्को,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। गूगल वैज्ञानिकों ने अतिरिक्त सेंसर जोड़ने या बैटरी लाइफ से समझौता किए बिना हियरेबल्स डिवाइस के साथ हार्ट की निगरानी के लिए ऑडियोप्लेथिस्मोग्राफी (एपीजी) का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है, जो हार्ट रेट को मापने के लिए अल्ट्रासाउंड का उपयोग करता है। टीम ने 153 प्रतिभागियों के साथ स्टडी के दो राउंड आयोजित किए।

परिणाम दिखाते है कि एपीजी लगातार सटीक हृदय गति (सभी गतिविधि परिदृश्यों में प्रतिभागियों में 3.21 प्रतिशत औसत त्रुटि) और हृदय गति परिवर्तनशीलता (अंतर-बीट अंतराल में 2.70 प्रतिशत औसत त्रुटि) माप प्राप्त करता है। लोग अक्सर हेडफोन और ईयरबड न केवल म्यूजिक सुनने के लिए पहनते हैं,




- टीम ने 153 प्रतिभागियों के साथ स्टडी के दो राउंड आयोजित किए

बल्कि व्यायाम करने, फोकस करने या सिर्फ मूड एडजस्ट करने के लिए भी पहनते हैं। गूगल शोधकर्ताओं ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, हमने एक नोवल एक्टिव इन-इयर हेल्थ सेंसिंग मोडेलिटी पेश की है। एपीजी अतिरिक्त सेंसर जोड़ने या बैटरी लाइफ से समझौता किए बिना, एएनसी हियरेबल्स को यूजर्स के फिजियोलॉजिकल सिंगनल्स, जैसे हृदय गति और हृदय गति परिवर्तनशीलता की निगरानी करने में सक्षम बनाता है। एपीजी सीमा से 80 डीबी मार्जिन के साथ सुरक्षा नियमों का पालन करता है, और इसमें सभी स्किन टोन शामिल हैं। कान कैनाल में निष्क्रिय श्रवण की सिग्नल क्वालिटी काफी हद तक ईयरबड सील स्थितियों पर निर्भर करती है।

कमर्शियल एएनसी हेडफोन पर लो फ्रीक्वेंसी सिग्नल्स की निष्क्रिय सुनवाई पर निर्भर हेल्थ फीचर्स को एम्बेड करना चुनौतीपूर्ण है। प्रायोगिक वैज्ञानिक जियाओरान वान फैन और गूगल के निदेशक ट्रौस्टी थोर्मंडसन ने कहा कि एपीजी एएनसी हेडफोन के स्पीकर के माध्यम से कम तीव्रता वाले अल्ट्रासाउंड जांच सिग्नल भेजकर उपरोक्त एएनसी हेडफोन हार्डवेयर बाधाओं को दूर करता है।

यह सिग्नल इकोज को ट्रिगर करता है, जो ऑन-बोर्ड फीडबैक माइक्रोफोन के माध्यम से प्राप्त होता है। हम देखते हैं कि छोटे कान के कैनाल स्किन का विस्थापन और दिल की धड़कन के वाइब्रेशन्स अल्ट्रासाउंड इकोज को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा, फाइनल एपीजी वेवफॉर्म बिल्कुल फोटोप्लेथिस्मोग्राम्स (पीपीजी) वेवफॉर्म के समान दिखता है, लेकिन अधिक स्पष्ट डाइक्रोटिक निशानों के साथ हृदय संबंधी गतिविधियों का एक बेहतर व्यू प्रदान करता है। अपने प्रारंभिक प्रयोगों के दौरान, उन्होंने देखा कि एपीजी खराब ईयरबड्स सील और म्यूजिक बजाने के साथ मजबूती से काम करता है। टीम ने कहा कि हमने देखा कि एपीजी सिग्नल कभी-कभी बहुत शोर कर सकता है और बॉडी मोशन से काफी बिगड़ भी सकता है। उस समय, हमने तय किया कि एपीजी को उपयोगी बनाने के लिए, हमें 80 से ज्यादा सालों के पीपीजी डेवलपमेंट के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए इसे और अधिक मजबूत बनाना होगा।

## दीपिका पादुकोण का जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ मीम वायरल

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण' के सीजन 8 में अपने इंटरव्यू से एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हलचल मचा दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर 'जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ' मीम बनाया, जो पहले ही वायरल हो चुका है। मीम पर लिप सिंक करते हुए, एक्ट्रेस को कई मशहूर हस्तियों से रिएक्शन मिले, जिनमें रणवीर सिंह, करण जौहर, सान्या मल्होत्रा, वामीका गब्बी शामिल हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेल्स पिच का वर्तमान में वायरल मीम बनाया, जहां एक महिला कुछ कपड़े बेचने की कोशिश कर रही थी और शब्दों का इस्तेमाल कर रही थी, 'सो ब्युटिफुल, सो एलिगेंट, जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ'। एक्टर रणवीर सिंह ने इस वीडियो पर कमेंट किया, 'हाहा'। डायरेक्टर करण जौहर ने लिखा कि आई लव लव लव दिस वामीका गब्बी और सान्या मल्होत्रा ने दीपिका के वीडियो पर लाफिंग इमोजी सेंट किए। हाल ही में, दीपिका को करण जौहर के टॉक-शो 'कॉफी विद करण सीजन 8' में रणवीर सिंह के साथ देखा गया था, जहां उन्होंने रिश्तों पर खुलकर बात की थी, जिससे कुछ विवाद पैदा हो गए।

रणवीर सिंह ने किया कमेंट

रायपुर, सोमवार 30 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## 70 घंटे काम की निष्ठुर सलाह

प्रसिद्ध आईटी कम्पनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति भारत के सफलतम व्यवसायियों में से एक है जिन्हें ऐसा स्वप्नदृष्टा और महत्वाकांक्षी कारोबारी कहा जाता है जिन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है। उनकी और इन्फोसिस की कामयाबी की कथाएं आधुनिक प्रबन्धन के पाठों के रूप में दर्ज हैं। वैसे तो उन्हें एक उदार मालिक के रूप में समझा जाता था लेकिन उन्होंने यह कहकर अपना और समस्त भारतीय उद्योग जगत का क्रूर व शोषक चेहरा सामने ला दिया है, जिसमें वे कहते हैं कि चीन से मुकाबला करने के लिये हर युवा को सप्ताह में 70 घंटे काम अवश्य करना चाहिये। यह परामर्श उन्होंने इंफोसिस के ही एक पूर्व सीएफओ मोहनदास पई से एक यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान दिया। कई कारोबारियों ने इसका समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे भी उद्यमी व प्रबन्धन सलाहकार हैं जिन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए इसका विरोध किया है।

नारायण मूर्ति की यह सलाह इसलिये हैरान कर देने वाली है क्योंकि वह आधुनिक कार्य संस्कृति के विरूद्ध है। उनकी सलाह ऐसे समय में आई है जबकि विश्व भर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने तथा उन्हें अपने व परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिये अधिक प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतम काम लेना मध्ययुगीन सोच है। पहले जब श्रम कानून नहीं बने थे और कामगारों के अधिकारों की सोच विकसित नहीं हुई थी, अधिकतम उत्पादन लेने के लिये उनसे कसकर काम लिया जाता था। वे लगभग गुलामी के हालात थे। जैसे-जैसे प्रबन्धन अधिक वैज्ञानिक एवं मानवीय होता गया और नई शोधें सामने आईं, यह पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करता है। तभी से लोगों के काम के घंटे घटाये जाने लगे, उन्हें कार्य स्थल से बाहर सुविधाएं दी जाने लगीं। आज आदर्श कार्य पद्धति (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिसेस- एसओपी) कर्मचारियों को निचोड़ने में नहीं वरन उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करने में भरोसा करती है। तीसरी दुनिया के ज्यादातर और तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाये तो लोगों से दुनिया में कहीं भी इतना काम लेने की परम्परा नहीं है और न ही नियम हैं। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे, फिनलैंड जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और वे सबसे अधिक उत्पादकता वाले देश हैं। वहां सप्ताह में 5 दिन ही काम करने का रिवाज है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में भी अधिकतम 41 घंटों का चलन है। इन देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है।

इसके विपरीत भारत समेत तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लातिन अमेरिकी के ज्यादातर देशों के औद्योगिक एवं कारोबारी प्रतिष्ठान कर्मचारियों से निष्ठुरतापूर्वक काम लेते हैं। उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। अन्य सुविधाएं भी न्यूनतम हैं। संगठित क्षेत्र में तो फिर भी उन्हें ठीक-ठाक तनख्वाह एवं अन्य सुविधाएं मिलती हैं लेकिन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन का एक तरह से कोई माई-बाप ही नहीं है। फिर, ठेका कम्पनियों में और भी बुरा हाल होता है। गिनती के उद्योग-धंधों में श्रमिकों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है। उन्हें बहुत कम वेतन में और कानूनी रूप से तयशुदा काम के घंटों से अधिक समयावधि तक काम करना होता है।

नारायण मूर्ति की सलाह एक ऐसे व्यक्ति के विचार हैं जो खुद के तथा अपने वर्ग के लोगों के लिये लाभ के नये तरीके ढूंढ़ रहा है। वह भी कम खर्च में। उनकी सलाह अगर मान ली जाये तो साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर छह दिन हर कर्मचारी-मजदूर को करीब 12 (11.66) घंटे काम करना होगा। भारत के निजी क्षेत्र में अमूमन 6 दिन का ही कार्य-सप्ताह होता है। कहीं-कहीं ही 5 दिन का है। सम्भवत: नारायण मूर्ति को यह गलतफहमी है कि भारत के हर व्यक्ति के पास उनकी तरह नौकर-चाकरों की फौज है। ज्यादातर बड़े शहरों में, खासकर जहां बड़े आईटी हब हैं, काम की जगह तक आने-जाने के लिये औसतन तीन-चार घंटे लग जाते हैं। ये केन्द्र बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, गुड़गांव आदि शहरों में हैं जहां अधिकतर कर्मचारी 25-50 किलोमीटर की यात्रा कर काम के स्थान पर पहुंचता है और उन्हें घरों को लौटने में उतना ही समय लगता है। कोई भी सहज ही यह हिसाब लगा सकता है कि 11-12 घंटे काम करने के लिये कर्मचारियों को कितने बजे सुबह घर से निकलना होगा और वे कितने बजे काम खत्म कर अपने घरों को पहुंचेंगे। क्या इसके बाद उनके पास अपने परिवारजनों के लिये कोई समय बच पायेगा? इंसान के पास उसके सैकड़ों तरह के निजी काम होते हैं। अगर उनके घरों में निजी कामों को निपटाने के लिये और कोई नहीं है तो वे ये काम कैसे कर सकेंगे? मां-बाप की देखरेख से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सम्बन्धी काम भी उनकी जिम्मेदारियों के हिस्से हैं।

फिर, नारायण मूर्ति ने इस सलाह को राष्ट्रवाद से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने 70 घंटे काम करना चीन से मुकाबला करने के लिये ज़रूरी बताया है। लोगों को उकसाकर उनसे अधिक काम लेने का प्रयास उद्योगों एवं व्यवसायों के लिये कम पैसों में अधिक काम के घंटे निर्मित करना है। भला देश की आम जनता को चीन से स्पर्धा किसलिये करनी है? इससे उसे क्या लाभ होगा, यह समझ से परे है। दरअसल नारायण मूर्ति भारत के क्रूर नियोक्ताओं के प्रतिनिधि की भाषा बोल रहे हैं जिनका जनकल्याण से कोई वास्ता नहीं है। अमेरिका में व्यवसाय जगत अपने लाभ का करीब 9 फीसदी लोककल्याण (सीएसआर) के लिये खर्च करता है, जबकि भारत में यह केवल 4 प्रतिशत है। नारायण मूर्ति उन्हीं के नुमाईंदे हैं।

# प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक

हिन्दी बेल्ट जहां की जीत हार ही 2004 के लोकसभा चुनाव का माहौल बनाएगी वहां सबसे पहले छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण का। वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मतदान के ठीक पहले एक बड़ा जायज सवाल उठाया है। नोटा को खत्म करने का।

बहुत सही मांग है। हालांकि ठीक मतदान से पहले इसे उठाने से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। यह सरकार में रहते हुए, केन्द्र सरकार में खत्म करने का काम है। मगर विडंबना यह है कि इसे लाया ही यूपीए सरकार के द्वारा था। और यह भी मजेदार है कि सबसे पहले इसे लागू भी छत्तीसगढ़ में किया गया था। 2009 में।

दरअसल भारत के अधिकांश चुनाव सुधार अति आदर्शात्मक और अव्यवहारिक सोच के शिकार रहे। सबसे पहले शेषन ने बिना यह सोचे कि भारत में लोकतंत्र गरीबों का है वाल राइटिंग (दीवारों पर लिखने) झंडे बैनर, नारों, जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने, नियंत्रित करने का काम किया। जाहिर है कि वह उस समय की सरकार, जो नरसिम्हा राव की थी, के बिना अनुमोदन के नहीं हुए। उनके अच्छे पक्ष भी हैं। मगर गरीबों के चुनाव लड़ने के जो मुख्य साधन होते थे दीवारों पर खुद रात-रात भर लिखना। छोटे-छोटे झंडे बैनर लगा देना वह सब बंद हो गया।

चुनावों का वह सबसे खूबसूरत पहलू था। आज भाजपा के पास बहुत पैसा साधन हैं। मगर पहले उसके उम्मीदवार भी प्रचार के परंपरागत साधनों दीवारों पर लिखने झंडा बैनर लगाने पर निर्भर थे। ऐसे ही लेफ्ट पार्टियां। उनके पास और कम साधन हुआ करते थे। मगर शहर गांव की दीवारें रंगते हुए वे लड़ते और जीतते भी थे। आज भी पुराने मोहल्लों में दूरदराज के गांवों के खंडहरों की दीवारों पर पुराने नारे, चुनाव चिन्ह और प्रत्याशियों के नाम लिखे दिख जाएंगे।

आज तो चुनाव मीडिया लड़ाता है। और वह केवल एक पार्टी के साथ है। बाकी दलों और प्रत्याशियों के पास क्या है? कैसे प्रचार करें वे अपना?

चुनाव सुधार के नाम पर दूसरा बड़ा काम ईवीएम लाना हुआ। यह 2004 से पूरी तरह शुरु हुआ। इसका भी अब कांग्रेस खुल कर विरोध कर रही है। मगर लाने वाली वही थी। दुनिया के विकसित देशों में इस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी जैसे प्रमुख देशों में। भारत के अलावा मशीन पर मतदान केवल 2 -4 छोटे देशों में ही हो रहा है।

बिना सोचे समझे इस तरह के प्रयोग भाजपा नहीं करती है। वह इलेक्टोरल बांड लाती है। जिसका फायदा उसे ही होता है। जबकि कांग्रेस के लाए नोटा, ईवीएम, आरटीआई, अपने अग्रिम संगठनों यूथ कांग्रेस एनएसयूआई में आन्तरिक चुनाव, अभी विधानसभा चुनावों के टिकट सर्वे के आधार पर देना विवादों में आ जाते हैं। और खुद उसके लिए लाभदायक नहीं होते।

पहले समाज को नए विचारों के लिए ढालने की प्रक्रिया शुरू करना पड़ती है। जनता के थोड़ा तैयार होने और अनुकूल व्यवस्था बनने के बाद लाया कोई जनहितकारी कानून ही उपयोगी हो पाता है। केवल किताबी सिद्धांत से लाया कानून नहीं। आरटीआई यूपीए लाई और यूपीए के खिलाफ ही इसका खूब उपयोग हुआ। कई आरटीआई एक्टिविस्ट बन गए। देश में और बाहर खूब प्रचार ले लिया। पुरस्कार और अन्य लाभ भी। मगर 2014 के बाद आरटीआई और आरटीआई एक्टिविस्ट कहां हैं? सरकार के खिलाफ तो कोई पूछ नहीं सकता। और पूछता है तो जवाब आता नहीं है। पीछे से कोई धमकी या चेतावनी जरूर आ जाती है। बड़े आन्दोलनजीवी, क्रान्तिकारी बन रहे हैं!



शकील अख्तर

**बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था।**

इसी तरह एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस का संगठन चुनाव के जरिए करवाने का राहुल गांधी का फैसला है। वे जब 2007 में कांग्रेस महासचिव बने और इन अग्रिम संगठनों का प्रभार मिला तब से उन्होंने इन दोनों संगठनों के आन्तरिक चुनाव करवाना शुरू किए। इसमें भी समस्या यह है कि जो ताकतवर पृष्ठभूमि से आए हुए लड़के या लड़कियां हैं उन्हें इसका और ज्यादा फायदा मिला। गरीब का कमजोर पृष्ठभूमि से आया लड़का या लड़की आन्तरिक चुनाव कैसे लड़ेगा? लड़ ही नहीं पाता है।

कालेज यूनिवर्सिटी में जाते ही खासतौर से एडमिशन के समय जुलाई-अगस्त में लड़के -लड़कियों की भीड़ में नेतृत्व क्षमता रखने वाले अलग ही नजर आ जाते हैं। ऐसे ही किसी भी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में आने वाले युवाओं में से युवा नेतृत्व अलग ही दिखने लगता है। राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए थे। इन्दिरा गांधी एक नजर में प्रतिभाशाली लोगों को पहचान जाती थीं। भाजपा में आडवानी बहुत पारखी थे। सबसे ज्यादा नेता उन्होंने बनाए हैं। यह अलग बात है कि आज के उनके शिष्य ने उनका ही अंगूठा मांग लिया! गुरु आडवानी को उनके प्रतिद्वन्दी वाजपेयी इतना नुकसान नहीं पहुंचा पाए जितना शिष्य ने पहुंचा दिया। 2014 में वाजपेयी स्वस्थ और प्रभावी होते तो आडवनी को राष्ट्रपति तो जरूर बनवाते। मगर मोदीजी ने उन्हें उपराष्ट्रपति भी नहीं बनाया। 2017 में आडवानी को उम्मीद थी कि उन्हें गुरु दक्षिणा के रूप में राष्ट्रपति नहीं तो उपराष्ट्रपति तो जरूर बना दिया जाएगा। मगर 2019 में उनको लोकसभा का टिकट भी नहीं दिया गया। खैर यह अलग मुद्दा है। मगर नेता बनाने में जिन लोगों का नाम सबसे ऊपर आएगा उनमें इन्दिरा गांधी और लालकृष्ण आडवानी हैं। दोनों प्रतिभाओं को पहचानने वाले, तराशने वाले और मौका देने वाले नेता निर्माता रहे। आज कोई किसी को नहीं बनाता है।

तो बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था। और सही में बहुत मेहनत करने वाले जनता के काम करवाने वाले कमजोर, आर्थिक स्थिति के उम्मीदवार के लिए वह गोपनीय ही रहा। सर्वे टीम कब आई चली गई उसे पता ही नहीं चला। मगर हर बार टिकट लेने में सफल होने वालों ने उन्हें सेटल भी कर लिया।

समस्या यह है कि आज नेता कार्यकर्ताओं से ही नहीं मिलते हैं तो जनता के बीच तो संपर्क होने का तो सवाल ही नहीं है। पहले पत्रकारों के भी जनता से सीधा संपर्क होता था। नेता उनसे भी फीडबैक ले लेते थे। मगर आज पत्रकार जो बताया जाता है लिख देते हैं। जनता के बीच जाते ही नहीं हैं। पहले नेता हर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, जनता के तमाम लोगों और वहां के काम करने वाले नेताओं को अच्छी तरह जानता था। मगर अब संपर्क संबंध की राजनीति खत्म हो रही है। और जाहिर है इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस को हो रहा है। क्योंकि भाजपा में तो आरएसएस के माध्यम से एक पुल है। जो नेता कार्यकर्ता और जनता को जोड़ता है। मगर कांग्रेस में बहुत गैप पैदा हो गया है।

राहुल प्रियंका ने कार्यकर्ताओं से मिलने का सिस्टम नहीं बनाया। फिर जनता से तो सवाल ही नहीं। यह जनसभाओं में जाना या यात्रा से वह भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास नहीं आता जो कार्यकर्ता या जनता के नेता से उसके आफिस या घर पर मिलने से आता है। खरगे जी को भी एक साल हो गया। मगर मुलाकातों का सिलसिला उन्होंने भी शुरू नहीं किया।

कांग्रेस ने एक काम और किया कि अपने मुख्यालय से अलग एक वार रूम बना लिया। सब गतिविधियां वहीं होने लगीं। मगर वहां कार्यकर्ता, जनता, पत्रकार का प्रवेश वर्जित है। इससे 24 अकबर रोड के मुख्यालय का महत्व खत्म हो गया। यह ऐतिहासिक जगह है जहां इन्दिरा गांधी को 1977 में हारने के बाद कांग्रेस का आफिस लेकर आना पड़ा था। और फिर यहीं से उन्होंने ग्रेट वापसी की थी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक दल एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस नेताओं को रावण कहती है, कांग्रेस भी उसी तरह भुगतान करती है। स्थानीय स्तर पर स्थिति सबसे खराब है।

इस बीच भाजपा के प्रचार को कुछ कमजोर पाते हुए आरएसएस ने भाजपा के लिए दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों की कमान अपने हाथ में ले ली है और अपने सारे संसाधन वहां झोंक दिये हैं। आरएसएस के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और छोटी-छोटी बैठकें कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, आरएसएस जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करेगा।

इन सीटों पर आरएसएस से जुड़े कुछ उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। यही कारण है कि आरएसएस के सदस्य सक्रिय हो गये हैं। आरएसएस भोपाल दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में भगवानदास सबनानी, भोपाल मध्य में ध्रुवनारायण सिंह, बेरेसिया में विष्णु खत्री और भोपाल उत्तर में आलोक शर्मा के लिए काम कर रहे हैं।



एल एस हरदेनिया

**संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं। इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।**

इनके अलावा मधु वर्मा (राऊ), उषा ठाकुर (महू), हेमंत खंडेलवाल (बैतूल), प्रेमशंकर वर्मा (सिवनी मालवा), चिंतामणि मालवीय (आलोट), मोहन शर्मा (नरसिंहगढ़), अरविंद पटेरिया (राजनगर), राकेश सिंह (जबलपुर पश्चिम), गणेश सिंह (सतना), श्याम व्रदे (पानसेमल), शैलेन्द्र जैन (सागर), योगेश पंडाग्रे (आमला), मोहन यादव (उज्जैन दक्षिण), लाल सिंह आर्य (गोहद), विजय आनंदरावी (बिछिया), राजकुमार करये (लांजी), प्रकाश उइके (पांडुर्णा) और देवेन्द्र जैन (शिवपुरी) के लिए भी वे काम कर रहे हैं।

हालांकि आरएसएस और उसके संगठन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के लिए काम करते हैं, लेकिन वे हर चुनाव में सीधे कुछ सीटों की कमान अपने हाथ में ले लेते हैं। पिछले चुनाव में भी आरएसएस ने सीधे तौर पर महू और अन्य सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम किया था। इसलिए, संगठन ने वही कवायद शुरू कर दी है, लेकिन वह आगामी चुनाव पर पहले की तुलना में अधिक ध्यान दे रहा है।

संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं।

इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने इस संबंध में उज्जैन के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में आरएसएस और उसके फ्रंटल संगठनों के 150 से अधिक पदाधिकारियों की एक मैराथन बैठक बुलाई थी।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में किसी भी भाजपा नेता को आमंत्रित नहीं किया गया था और जब एक कैबिनेट मंत्री और उज्जैन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें विनम्रतापूर्वक वापस जाने के लिए कहा गया।

बैठक में, सोहनी ने कथित तौर पर उपस्थित लोगों से कहा कि उन्हें उन उम्मीदवारों के लिए काम करना चाहिए जो राष्ट्रवाद और हिंदू धर्म के समर्थक हैं और हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि चयनित भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ बोलने के बजाय उन्हें ऐसे तरीके सुझाने चाहिए जिनसे वे भाजपा उम्मीदवारों के लिए सकारात्मक लहर पैदा कर सकें।

हालांकि बाद में, जब संघ परिवार के पदाधिकारी छोटे समूहों में मिले, तो उनमें से कई ने भाजपा द्वारा उज्जैन विभाग के तहत मैदान में उतारे गये एक कैबिनेट मंत्री, एक मौजूदा विधायक और एक पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत की, जिसमें उज्जैन और आगर-मालवा जिलों की विधानसभा सीटें शामिल हैं।

हाल में कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिन्होंने पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया है। ऐसा ही एक घटनाक्रम उमा भारती का चुनाव प्रचार से दूर रहने का निर्णय है। उमा ने गुरुवार को ट्वीट किया कि वह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो रही हैं, जहां से वह ओरछा जाकर राम राजा सरकार के दर्शन करेंगी और फिर हिमालय के लिए रवाना होंगी।

उन्होंने आगे ट्वीट किया कि वह राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगी। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकार की भी आलोचना की। उमा के मुताबिक, धार के भोजशाला स्थित उनके निवास स्थान पर देवी सरस्वती की मूर्ति नहीं खरीदी जा सकी, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी के आश्वासन के बावजूद रायसेन में सोमेश्वर मंदिर और विदिशा में विजय मंदिर के दरवाजे नहीं खोले गये। उमा ने कहा कि वह इस बात पर विचार करेंगी कि भाजपा सरकार ने लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए क्या किया है। उन्होंने गौ संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नाखुशी जाहिर की।

एक और आश्चर्य पेश किया भजापा के दिग्गज नेता गौरीशंकर बिसेन ने। उन्होंने अपने पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया, हालांकि पार्टी ने उनकी बेटी को टिकट दिया। उन्होंने मीडिया को बताया कि चूंकि उनकी बेटी मौसम की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने कवर के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने बालाघाट से उम्मीदवार बदला है, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश बाजपेयी ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने डमी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं।'

## आज प्रकाश पर्व

# ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए

चौथे नानक गुरु रामदास जी आपका इस धरा पर आगमन 26 असोज संवत 1591 को चूना मंडी लाहौर में हुआ था। माता दया कौर और पिता श्री हरदास मल सोढ़ी के घर इनका जनम हुआ। आपके बचपन का नाम जेठा भाई था। बचपन में ही माता-पिता के देहांत के बाद आपका पालन पोषण बासर गांव में आपकी नानी के घर में हुआ। नानी आपको चने उबाल कर देतीं फेरी लगा कर बेचते इस तरह दोनों का उदर पोषण होता रहा। आप गुरु अमरदास के दरबार में कथा, कीर्तन श्रवण करते रहते। जब तीसरे नानक गुरु अमरदास गोइंदवाल साहिब में चले गए और वहां पर प्रचार के साथ साथ बावली साहिब का भी निर्माण कराने लगे। तब भाई जेठाजी भी गोइंदवाल साहिब निर्माण में सेवा करते। उनकी सेवा, नम्रता और हर प्रकार से योग्य समझकर गुरु अमरदासजी ने अपनी छोटी बेटी बीबी भाणी के साथ उनका विवाह कर दिया। एक दिन गुरु अमरदासजी स्नान कर रहे थे तब उनकी बेटी ने देखा कि जिस चौकी में उनके पिता बैठ कर स्नान कर रहे हैं उसका एक पाया हिल रहा था। अपने पिता के वृद्ध शरीर को तकलीफ न हो यह सोचकर अपना हाथ उस पाये के नीचे रख दिया। स्नान के बाद उनके पिता ने देखा बेटी भाणी के हाथ से खून निकल रहा है। चौकी को देखकर सारा माजरा समझ में आ गया। उन्होंने बेटी से वरदान मांगने कहा। तब बीबी भाणी जी ने कहा आप प्रसन्न हैं तो गुरु गद्दी घर में ही रहे। गुरुदेव ने कहा-ठीक है तब उन्होंने जेठा जी की कई प्रकार से परीक्षा लेकर अंत में उन्हें योग्य समझ कर इस संसार से विदा लेने से पहले चौथे नानक रामदासजी बना दिया। अमरदास जी चक का जो अब अमृतसर है अपने सिख धर्म का काफी प्रचार किया। गुरवाणी की रचना की जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है। गुरुदेव ने अहंकार को त्याग करने का ईश्वर की सेवा करने नेक कमाई कर दीनदुखियों की सेवा करने इत्यादि की शिक्षा दी। इस संसार से विदा ली।

गुरु रामदासजी अपने छोटे बेटे अर्जुन देव को गद्दी सौंपकर इस संसार से 46 वर्ष की आयु में विदा ली। आपकी रचित सारी वाणी में आज्ञा पालन समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से बिना सेवा भाव प्रभु सिमरन बंदगी इच्छापूर्वक सरब सुख दाता-हरि जाके बस है कामधेनु सो ऐसा।

हरि धिआइये मेरे जीओ।. तां सरब सुख पाबे।
जिनि ऐसा हरि नाम न सेवियो से काहे जग आए राम राजे।
ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए।।
जिनके हिरदे नाम न बसिया तिन मात कीजै हरि बांझा।

लंगर प्रसादि के लिए दान देने हेतु प्रयास करने पर आपने बादशाह अकबर से कहा कि- लंगर एक व्यक्ति के दान से नहीं वरना समस्त साध संगत के तिल फुल मेहां से चलना चाहिए। भट कीरतजी ने आप के बारे में कुछ इस तरह लिखा है जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है।

हम अवगुण ऐक गुण नाहिं अमृत छांड़ि बिरवे बिख खांही।
माया मोह भरम बह भूले सुत दारा सिओं प्रीति लगाई।
इक अरदास भाट कीरत की गुरु रामदास राखहो सरणाई।

आपके द्वारा 678 शब्दों की रचना की गई है जो गुरु ग्रंथ साहिब में 30 रागों में दर्ज है। आज गुरुदेव के प्रकाश पर्व दिवस पर हम यह प्रण करें कि उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवनयापन करेंगे तभी हमारा यह प्रकाश पर्व मनाना सार्थक समझा जाएगा।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# राजनैतिक चौपड़ पर बिछी गोटियां

राजस्थान में एक बार फिर प्रदेश में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस हर हाल में सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए कांग्रेस ने अपवाद को छोड़कर पुराने चेहरों को ही तवज्जो दी है। कांग्रेस में जिनको टिकट नहीं मिला है उस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष चिंतातुर हैं। भाजपा दूसरे टर्म की जीत की आशा रखकर जीतने वाले घोड़े पर ही दांव लगाया है। राजस्थान में कांग्रेस हाईकमान ने तीन सूची जारी कर टिकट आवंटित किए है। अभी चौथी बार की सूची जारी नहीं हुई है। इस सूची में अनेक नामों के खुलने की आशा रखे हुए है। भाजपा ने सूची जारी कर दी है लेकिन इसके पलट राजस्थान में हर मोर्चे पर शिकस्त देने की गरज से उनके उम्मीदवारो की टक्कर में अपने प्रत्याशी इस तरह से तय किये है कि यदि सीट न निकले तो न सही पर विपक्ष को न मिले। राजस्थान में दोनों ही पार्टी की परंपरागत सीटे है। जहां से भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कांग्रेस के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले कई बार से जीतते आ रहे हैं। सीटों को कब्जे में बरकरार रखने के लिए भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा आसानी से इन सीटों को कांग्रेस की झोली में जाते हुए नहीं देखना चाहती। लिहाजा, पहले से घोषित उम्मीदवारों को ऐन वक्त पर बदलकर क्षेत्रीय गणित के हिसाब से नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया को टिकट आवंटन में लेटलतीफी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आलाकमान से अपील की है कि डॉ मांगीलाल गरासिया को टिकट दिया जाए। अगर उनको टिकट नहीं मिलता है तो मांगीलाल को निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा कर जीत दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और गोगुन्दा मंडल अध्यक्ष की सहमति आलाकमान के लिए सोचनीय विषय बन गया है। इस पर मंथन चल रहा है। इससे सीधा फायदा भाजपा को मिल रहा है। कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में बाज नजर रखे हुए भाजपा नेताओं को फायदा होता दिख रहा है। राजस्थान में दलित आदिवासी को एक मंच पर लाकर राजनैतिक जमीन तलाश रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि दलित आदिवासी एक ताकत के रूप में जुड़ेंगे तभी उनका राज होगा। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर गरासिया समाज और भील समाज को साधने के लिए कांग्रेस और भाजपा ने मिशन की शुरुआत कर दी है। दो टर्म से विधायक रहे प्रताप गमेती को इस बार उनको फिर से तीसरी टर्म के लिए टिकट दिया गया है। उनके कार्यकाल में विकास के कार्यो को सराहा गया। उदयपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोगुन्दा भाजपा का अब तक गढ़ बना हुआ है।

विधायक प्रताप गमेती को अपना हितैषी जताने की पुरजोर कोशिश की और लोगों के उत्थान की दिशा में किए गए अपने कार्यों की फेहरिस्त पेश की और सर्वे में प्रताप गमेती सबसे अग्रणी रहे। राजस्थान में राजनैतिक लाभ तलाशे जा रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा जीत का दावा कर रही है। राजस्थान में भाजपा वोटरों के दिमाग में यह बैठाने का प्रयास किया जा रहा है कि उनका आधार केवल राजस्थान तक ही नही है। देश में मजबूत सरकार के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। देश में भाईचारे की मिसाल दी जा रही है। जनता के हित में किए गए और लिए गए निर्णयों को गिनाया जा रहा है। कांग्रेस अपनी प्रारम्परिक जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव के रूप में देख रही है। प्रदेश में स्वतंत्र हैसियत बनाने के लिए दोनों दल सेंधमारी करता नजर आ रहा है। 25 नवम्बर को राजस्थान में चुनाव है। भाजपा और कांग्रेस चुनाव में कैसे प्रदर्शन कर पायेगी ? यह समय की बलिहारी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## अफगानिस्तान में भूकंप के झटके, 13 लोग घायल

**हेरात।** अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में शनिवार देर रात आए ताजा भूकंप में 13 लोग घायल हो गए। प्रांत के क्षेत्रीय अस्पताल के प्रमुख नूर गुल वलीजादा ने रविवार को बताया कि भूकंप के झटके कल देर रात महसूस किये गये। उन्होंने कहा कि घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में स्थित था।



# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा में हो रही तबाही पर चेताया

**न्यूयॉर्क,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में हो रही तबाही के प्रति चेतावनी देते हुए कहा है सबकी आंखों के सामन एक मानवीय आपदा हो रही है। शनिवार रात हुई भारी बमबारी ने गाजा को तबाह कर दिया और इसे बाहरी दुनिया से लगभग अलग-थलग कर दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गाजा में तत्काल, दीर्घकालिक और सतत मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करते हुए 14 के मुकाबले 120 मतों से एक प्रस्ताव पारित किया लेकिन लड़ाई रोकने के लिए इस भारी समर्थन के बावजूद भी गाजा की स्थिति पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा और इजरायली सैन्य कार्रवाई एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने एक ट्वीट में चेतावनी देते हुए कहा, गाजा पूरी तरह से ब्लैकआउट और अलगाव की स्थिति में है। इस बीच भारी गोलाबारी जारी है। गाजा में स्थिति बहुत हताश करने वाली है, जहां लोग बिजली, भोजन, पानी के बिना रह रहे हैं। बच्चों सहित बहुत सारे नागरिक मारे गए हैं जो कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव में शुक्रवार को गाजा में मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करने के अलावा यह आशा भी व्यक्त की गयी कि इससे शत्रुता समाप्त हो जाएगी लेकिन एकमात्र शक्ति जो ऐसा कर सकती है, उसने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया है क्योंकि इसमें हमास की निंदा नहीं की गई और बंधकों की रिहाई का आह्वान नहीं किया गया। यूरोपीय संघ के आठ सदस्य देशों ने प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से तीन - चीन, फ्रांस और रूस ने भी प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। अरब और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) देश, जिन्होंने 40 अन्य देशों के समर्थन से प्रस्ताव पेश किया, उन्हें विश्वास था कि चीन और रूस पक्ष में मतदान करेंगे, लेकिन फ्रांस की ओर से समर्थन करना उनके लिए एक सुखद आश्चर्य था।




■ सबके सामन एक मानवीय आपदा हो रही

■ भारी बमबारी ने गाजा को तबाह कर दिया

### गुटेरेस ने दुनिया से यथास्थिति से बाहर निकलने का आग्रह किया

श्री गुटेरेस ने दुनिया से यथास्थिति से बाहर निकलने का आग्रह किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा, हम पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए एकमात्र यथार्थवादी मूल सिद्धांत, दो-राष्ट्र समाधान का दृष्टिकोण नहीं खो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गाजा में तत्काल, दीर्घकालिक और सतत मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करते हुए 14 के मुकाबले 120 मतों से एक प्रस्ताव पारित किया। अमेरिका और इजरायल के अलावा 12 अन्य देशों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। इनमें प्रशांत क्षेत्र के पांच द्वीप राष्ट्र और चार यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य और हंगरी शामिल हैं।

### गाजा संघर्ष को लेकर तुर्की राष्ट्रपति ने पश्चिम, इजराइल पर साधा निशाना



**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शनिवार को पश्चिम पर इजरायल के हमले को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और गाजा पर इजरायल के हमलों की निंदा की। फिलिस्तीन समर्थक रैली को संबोधित करते हुए एर्दोगन ने कहा कि गाजा में हत्या के लिए पश्चिम ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, इजरायल-हमास संघर्ष अपने 22वें दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन %पश्चिमी नेता इस पर प्रतिक्रिया देना तो दूर, इजरायल से युद्धविराम के लिए भी नहीं कह सकते।% एर्दोगन की सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी द्वारा शनिवार को बुलाई गई ग्रेट फ़िलिस्तीन रैली में सैकड़ों-हज़ारों समर्थक शामिल हुए। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि रैली दिखाएगी कि तुर्किये इजरायली उत्पीड़न के खिलाफ फिलिस्तीनी लोगों के साथ खड़े हैं। एर्दोगन के भाषण के बाद, इजरायली विदेश मंत्री एली कोहेन ने घोषणा की कि उन्होंने प्रतिक्रिया में तुर्की से देश के राजनयिक प्रतिनिधियों को वापस बुला लिया है और तुर्की के साथ संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। एर्दोगन ने इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल की अपनी नियोजित यात्रा रद्द कर दी थी।

## सुडोकू 6361

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 30 अक्टूबर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष -दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा।

वृषभ -आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन -आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

कर्क -आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह -परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या -आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला -आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। दोपहर और शाम के समय आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें।

वृश्चिक -आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

धनु -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे।

मकर -आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा। संतान की चिंता रहेगी।

कुंभ -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थिति में बदलाव आएगा। किसी बात को लेकर कन्फ्यूजन बना रहेगा।

मीन -आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा। आप नए काम करने के लिए उत्साहित होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुई

**मेक्सिको सिटी,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में तूफान ओटिस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है, जबकि 10 लोगों के लापता होने की सूचना है। मैक्सिको की सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जानकारी दी गयी होटलों का लगभग 80 प्रतिशत बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त होने के अनुमान है और आवश्यक सेवाएँ बंद हो गई हैं। इधर संघीय विद्युत आयोग ने कहा कि लगभग 55 प्रतिशत उपभोक्ताओं को बिजली बहाल कर दी गई है। सैफिर-सिम्पसन पैमाने पर श्रेणी पांच के तूफान के रूप में ओटिस ने बुधवार को ग्युरेरो के तट पर हमला किया, जिससे मुख्य रूप से लोकप्रिय पर्यटक रिसॉर्ट अकापुल्को में विनाशकारी क्षति हुई। मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा, हम अकापुल्को के सभी लोगों की मदद करने जा रहे हैं, हर कोई प्रभावित हुआ है, और हम अकापुल्को को उसके पैरों पर वापस खड़ा करने जा रहे हैं। यह मेरी प्रतिज्ञा है।

## पाकिस्तान के पंजाब में दस आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

**इस्लामाबाद,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत की पुलिस ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक कमांडर सहित 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी। सीटीडी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारियां तब की गईं जब सीटीडी ने आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए पूरे प्रांत में अलग-अलग अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि टीटीपी कमांडर, जिसे एक छापे में उसके चार साथियों के साथ हिरासत में लिया गया जब वह प्रांत में कुछ संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर हमला करने की योजना बना रहा था। लेकिन सीटीडी द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से आतंकी प्रयास को नाकाम कर दिया गया। कानून प्रवर्तन एजेंसी ने गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, हथगोले, हथियार, मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की। बयान में अन्य पांच आतंकवादियों की पहचान उजागर नहीं की गई। गिरफ्तार आतंकवादियों को आगे की जांच के लिए अज्ञात स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया।

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा

**कैनबरा,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने लेबनान में अपने नागरिकों से अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द मध्य पूर्व देश छोड़ने का आग्रह किया है।



विदेश मंत्री पेनी वोंग ने सोशल मीडिया पर जारी किया बयान


समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री पेनी वोंग ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक बयान में लेबनान में आस्ट्रेलियाई लोगों को चेतावनी दी कि क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण बेरूत हवाईअड्डा बंद हो सकता है।

वोंग ने कहा, लेबनान से आस्ट्रेलियाई लोगों को अब चले जाना चाहिए, वाणिज्यिक उड़ानें उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा, अगर सशस्त्र संघर्ष बढ़ता है, तो यह लेबनान के व्यापक क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है और बेरूत हवाईअड्डा बंद हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार आपको निकलने में मदद नहीं कर पाएगी। विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) ने शनिवार को लेबनान के लिए अपनी यात्रा सलाह को अपडेट किया, ऑस्ट्रेलियाई लोगों को देश का दौरा करने के खिलाफ चेतावनी दी और पहले से ही वहां मौजूद नागरिकों को अपने संकट पंजीकरण पोर्टल के साथ पंजीकरण करने के लिए कहा।

सरकार ने इजरायल और फ?लिस्तीनी क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे से प्रत्यावर्तन उड़ानों को चार्टर्ड किया है, लेकिन लेबनान से किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं की है।

रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने बुधवार को पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निकालने के लिए आकस्मिक स्थिति के रूप में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) के दो विमान और सहायक सैनिकों को मध्य पूर्व में तैनात किया गया है।

## वर्ग पहेली 6361



**बायें से दायें:-**

१. ... के कारण, के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपा कर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य, काव्य अभिनय
२२. दुर्बल, कमजोर
२३. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना (मुहावरा)
३. अभिनेता (उर्दू)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. नामुकम्मल, अपूर्ण
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार का ज्योतिष
२२. होंठ

### वर्ग पहेली-6360



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### आज का इतिहास

1611- गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।
1883- महान चिंतक तथा समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन हुआ ।
1887- बंगाल के लोकप्रिय उपन्यासकार सुकुमार रे का जन्म हुआ ।
1905- रूसी शासक जार निकोलस द्वितीय ने पहले रूसी संविधान को मंजूरी दी ।
1909- भारत के भौतिक शास्त्री और प्रसिद्ध वैज्ञानिक होमी जहाँगीर भाभा का जन्म हुआ था।
1922- बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई ।
1925- पहली बार लंदन में टेलिविजन पर प्रसारण हुआ।
1928- लाला लाजपत राय ने लाहौर में साइमन कमीशन के विरुद्ध आयोजित एक विशाल प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में वे बुरी तरह से घायल हो गये।
1930- तुर्की तथा यूनान ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किये ।
1945- भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ था।
1956- भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।
1960- ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।
1974- प्रसिद्ध गजल और ठुमरी गायिका बेगम अख्तर का निधन हुआ।
1975- स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।
1990- भारत के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता विनोद मेहरा का निधन हुआ।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को...**

वाली सब्जियां, फल व अनाज को अमेरिका, जपान व दुबई जैसे देशों में भेजा जा सकेगा।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के साथ किसानों के खेत में गए तथा खेती का कार्य किया। इस दौरान भूमिहीन खेतिहर मजदूरों से बात हुई तो उन लोगों ने उन्हें मिलने वाली सालाना राशि 7 हजार से बढ़ाने की मांग की। उनकी इस मांग पर हमने 5 मिनट के अंदर यह फैसला ले लिया कि इससे बढ़ाकर 10 हजार किया जाए।

**बड़े उद्योगपतियों के मित्र हैं पीएम मोदी**

किसी भी सरकार कार्य को बताते हुए राहुल गांधी का कहना था कि कांग्रेस सरकार किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों के हित के लिए कार्य करती है। ये लोग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। किसानों का कर्जा माफ किया जाए, मजदूरों को आर्थिक सहायता दी जाए तो उनका पैसा समानो की खरीदी के माध्यम से छोटे व्यापारियों तक पहुंता है। जहां कांग्रेस सरकार इस तरह की अच्छी सोंच के साथ कार्य करती है, तो दूसरी ओर भाजपा है जो अरबों की संपत्ति वाले उद्योगपतियों के हितों के लिए कार्य करती है। नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी, जीएसटी लगाकर गरीबों, किसानों, मजदूरों व छोटे व्यापारियों से टैक्स वसूला और इस टैक्स की राशि से ही अडानी और दूसरे उद्योगपतियों के लाख करोड़ के कर्जा को माफ कर दिया। नरेन्द्र मोदी ने किसान विरोधी अध्यादेश अपॅने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने लाया था। नरेन्द्र मोदी ने विदेशों में जमा काला धन लाकर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रूपए जमा करने का झूठा वादा किया था।

**जातिगत जनगणना का विरोध करते है पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए काम करने का दावा करते है। वहीं दूसरी ओर वे जातिगत जनगणना का विरोध करते है। देश में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत है। लेकिन केन्द्र सरकार में कुल 90 सचिवों में से मात्र 03 सचिव ही ओबीसी वर्ग से आते है। केन्द्रीय सचिव ही देश का बजट में यह तय करते है कि किस योजनाओं व विभागों के लिए कितना बजट रहेगा। मोदी सरकार देश के अनुसुचित जाति व आदिवासी वर्ग की भी कोई फिक्र नहीं करती है।

**भाजपा जीती तो छत्तीसगढ़ की संपत्ति बिकेगी**

राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत की राजनीति के जरिए अशांति फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि हमने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली है। उन्होंने चुनाव में कांग्रेस को जीताने की अपील की। उनका कहना था कि चुनाव में कमल का बटन दबेगा तो छत्तीसगढ़ की खदाने, प्लांट, एयरपोर्ट व अन्य संपत्ति अड़ानी के पास चली जाएगी। किसानों को उनकी फसल का दाम नहीं मिलेगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबों, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों के हित में कार्य शुरू होगा।

**राजनीति** हड़ताल के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर मार्च व धरने की खबरें आईं

# बांग्लादेश में बीएनपी की हड़ताल जारी

**ढाका,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में बीएनपी की हड़ताल के कारण रविवार को हिंसा जारी रही। उपद्रवियों ने ढाका में दो बसों में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हेल्पर (ड्राइवर का सहायक) के रूप में हुई जो बस के अंदर सो रहा था। इससे पहले दिन में एक अन्य घटना में, बैतुल मुकर्रम मस्जिद के साउथ गेट पर शिकार परिबाहन बस को आग लगा दी गई थी। अग्निशमन सेवा कर्मियों को सूचित किया गया जिन्होंने आग बुझा दी।

इसके अलावा ऐसी भी खबरें हैं कि उत्तरा में तीन बीआरटीसी बसों पर ईंटें फेंकी गईं। बसों के शीशे टूट गए।

जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, हड़ताल के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर मार्च और धरने की खबरें आईं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (डीबी) हारुन और रशीद ने कहा, पुलिस की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। राजारबाग पुलिस अस्पताल की सभी एंबुलेंस को आग के हवाले कर दिया गया। दोषियों को सजा मिलेगी। सूचना मिली है कि ढाका शहर के अलग-अलग हिस्सों में डीबी की ड्रेस पहने लोग लूटपाट कर रहे हैं। हमने उन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है।%%

राशिद ने कहा, इसी तरह, आज हम उन लोगों की तलाश कर रहे हैं जिन्होंने कानून प्रवर्तन वर्दी या डीबी वर्दी पहनकर बसों में आग लगा दी। हम उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर द्वारा अपने वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को बंद का आह्वान किया गया। जिसके चलते कानून प्रवर्तन एजेंसी के सदस्य शहर भर में कई प्वाइंट्स पर हाई अलर्ट पर रहे। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश से कुल 11 प्लाटून भी तैनात किए गए थे। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी ने शनिवार शाम को उसी समय हड़ताल की घोषणा की थी।

हालांकि, ढाका बस ओनर्स एसोसिएशन ने उनके हड़ताल के आह्वान को अस्वीकार किया।



■ 2 बसों को लगाई आग एक की मौत

### दुनिया को जानें

## मंगोलिया ने मुफ्त फ्लू टीकाकरण अभियान किया शुरू

**उलानबटोर,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मंगोलिया पूरे देश में उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच निःशुल्क फ्लू टीकाकरण अभियान चल रहा है। यहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा, वार्षिक टीकाकरण अभियान मौसमी फ्लू सहित श्वसन संक्रमण को रोकने के प्रयासों का हिस्सा है।

मंत्रालय ने कहा कि उच्च जोखिम वाले समूहों में 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग, गर्भवती महिलाएं, पांच साल तक के बच्चे, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अन्य शामिल हैं। मंगोलिया की जलवायु अत्यधिक महाद्वीपीय है जिसमें लंबी, ठंडी सर्दियाँ और छोटी, गर्म ग्रीष्मकाल होती है। मंगोलिया में सर्दियों के दौरान शून्य से 25 डिग्री सेल्सियस नीचे का तापमान सामान्य है, जहां फ्लू का चरम मौसम दिसंबर से फरवरी तक रहता है। इसके अतिरिक्त, देश की राजधानी उलानबटोर, जहां देश की 34 लाख की लगभग आधी आबादी रहती है, सर्दियों में गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करती है।

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 3.07 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.01 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.27 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.12 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.06 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.54 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.14 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.07 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## भारत का मलेशिया, इंडोनेशिया और सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत का मलेशिया, इंडोनेशिया और सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात इस वर्ष सितंबर में दोगुना हो गया वहीं कुल शिपमेंट में सात प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 में मलेशिया को इंजीनियरिंग निर्यात 17.83 करोड़ डॉलर रहा जबकि सितंबर 2022 में 8.9 करोड़ डॉलर रहा था। इसी अवधि में 14.36 करोड़ डॉलर की तुलना में इंडोनेशिया को शिपमेंट 28.57 करोड़ डॉलर रहा। सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात सितंबर 2023 में 45.59 करोड़ डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के 22.72 करोड़ डॉलर से 100.6 प्रतिशत अधिक है।

इस अवधि के दौरान रूस को निर्यात दोगुना से अधिक हो गया। इस साल सितंबर में, रूस को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य साल-दर-साल 119 प्रतिशत बढ़कर 11.11 करोड़ डॉलर हो गया। इस वर्ष सितंबर में साल-दर-साल सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले अन्य प्रमुख बाजारों में चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, सिंगापुर, तुर्की, जापान और बेल्जियम शामिल हैं। वहीं, भारतीय इंजीनियरिंग सामानों के लिए सबसे बड़ा बाजार, अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात हालांकि सितंबर 2023 के दौरान नकारात्मक रहा। इस साल सितंबर में अमेरिका



को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य 1.43 अरब डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के सितंबर के 1.51 अरब डॉलर के मुकाबले 5.3 प्रतिशत कम है।

रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 में 'इलेक्ट्रिक मशीनरी', 'जहाज और नाव' तथा 'तांबा और तांबा उत्पादों' के उच्च निर्यात के कारण समग्र इंजीनियरिंग निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि विमान, लौह एवं इस्पात तथा एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्यात में गिरावट आई। लौह और इस्पात के निर्यात को छोड़कर इंजीनियरिंग निर्यात ने सितंबर 2023 में साल-दर-साल 8.77 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की।

ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण कुमार गरोडिया ने कहा, 'अन्य देशों की तुलना में इस्पात की कीमतें काफी ऊंची हैं।' हालांकि संचयी संदर्भ में निर्यात अभी भी नकारात्मक बना हुआ है। हमने देखा है कि लोहा और इस्पात को छोड़कर संचयी निर्यात प्रवृत्ति सकारात्मक बनी हुई है इसलिए हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि लोहा और इस्पात मुख्य उत्पाद है, जो भारत के इंजीनियरिंग निर्यात को नीचे की ओर ले जा रहा है।

श्री गरोडिया ने आगे कहा कि प्रमुख निर्यात साझेदारों जैसे यूरोपीय संघ टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के सुरक्षात्मक रुख और इस्पात वस्तुओं पर संरक्षण और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ भी इस्पात निर्यात को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में हम सरकार से यूरोपीय संघ के साथ सुरक्षा और टीआरक्यू मुद्दों पर चर्चा करने का अनुरोध करते हैं। क्षेत्रवार पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए), उत्तर-पूर्व एशिया, उप-सहारा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और आसियान जैसे प्रमुख गंतव्यों में सितंबर 2023 के दौरान निर्यात में वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ के देशों, दक्षिण एशिया और ओशिनिया में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। साल-दर-साल गिरावट आई। केंद्रीय वाणिज्य विभाग के त्वरित अनुमान के अनुसार, सितंबर 2023 में भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी 23.58 प्रतिशत रही।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच बाजार में निवेशकों का विश्वास कमजोर

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। आने वाले समय में बाजार के सेंटीमेंट्स सतर्क बने हुए हैं। निवेशक पश्चिम एशिया के संकट, आगामी कॉर्पोरेट अर्निंग और घोषित होने वाले घरेलू पीएमआई आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। यह कहना है जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जारी अशांति और इकोनोमिक ग्रोथ पर ऊंची ब्याज दरों के संभावित प्रभावों पर चिंताओं के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है। एफआईआई की बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है, जिससे डीआईआई की ओर से भारी खरीदारी हो रही है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानि शुक्रवार को घरेलू सूचकांकों में कुछ सुधार हुआ, जिसका कारण अमेरिका की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि अनुकूल होना और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी है, जिससे बॉन्ड यील्ड में कमी आई है। भारत में दूसरी तिमाही के नतीजे भी बाजार का समर्थन कर सकते हैं। हालांकि, वैश्विक बाजार की अस्थिरता से घरेलू बाजार में सुधार में देरी होने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार ऊंची ब्याज दर और भू-राजनीतिक तनाव के कारण अर्थव्यवस्था में और मंदी के



जोखिम पर केंद्रित है। एफएमसीजी, कंजम्पशन, उर्वरक जैसे सेक्टर में संभावित विकास के अवसर की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि योगदान देने वाले कारकों में कच्चे माल की लागत से जुड़े जोखिमों का कम होना और बाहरी क्षेत्रों से स्थिर दीर्घकालिक मांग दृष्टिकोण शामिल है, जो विशेष रूप से मध्यम अवधि में रसायन और फार्मा जैसे क्षेत्रों का समर्थन कर सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बुधवार को यूएस फेड का दर निर्णय एक महत्वपूर्ण घटना होगी, लेकिन निवेशकों को हाई बांड यील्ड के बीच सोमवार को बैंक ऑफ जापान की बैठक के नतीजे का भी इंतजार रहेगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 1.2 अरब डॉलर बढ़कर 585.9 अरब डॉलर पर रहा था।



रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.15 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 515.2 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में सात करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.9 अरब डॉलर हो गई।

## जियो का एआई सॉल्युशन देगा रियल टाइम ट्रांसलेशन व ट्रांसक्रिप्शन

**नई दिल्ली**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने एआई टेक्नोलॉजी आधारिक स्किल डेवलपमेंट सॉल्युशन के माध्यम से भाषाओं की दीवार को तोड़ते हुये रियल टाइम ट्रांसलेशन एवं ट्रांसक्रिप्शन सहित कई सुविधाओं का प्रदर्शन किया है। राजधानी में आज संपन्न तीन दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस में यह प्रदर्शन किया गया। मुकेश अंबानी ने करीब दो माह पहले रिलायंस की वार्षिक बैठक में 'एमआई फॉर एवरीवन' की वकालत की थी और दो महीनों में जियो स्वदेशी एआई टेक्नोलॉजी की झलक दिखाई दी है।

जियो का यह सॉल्युशन, भाषाओं की दीवारें गिरा देता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी है कि यह रियल टाइम में एक भाषा का कई भाषाओं में अनुवाद कर सकता है।




अगर दिल्ली में बैठा कोई शिक्षक अंग्रेजी में ऑनलाइन पढ़ा रहा होगा तो चेन्नई, कोलकता, अहमदाबाद और मुंबई में बैठे छात्र इसे क्षेत्रीय भाषाओं यानी तमिल, बंगाली ,गुजराती और मराठी में सुन सकेंगे। अभी यह सॉल्युशन तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, तेलगु, मलयालम, अंग्रेजी और हिंदी जैसी नौ भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। यह सॉल्युशन जियो ने रेडिसिस के साथ साझेदारी में बनाया है। इस भाषाई सॉल्युशन का इस्तेमाल करना बेहद आसान है। जियो-मीट के जरिए जियो-रेडिसिस प्लेटफॉर्म लॉगइन कर, अपनी पसंदीदा भाषा का चुनाव करें। एक बार लॉगइन होने पर छात्र या प्रशिक्षु को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हुई बातचीत का लाइव अनुवाद यानी ऑडियो और ट्रांसक्रिप्शन मिलने लगेगा। भविष्य की जरूरतों के लिए इस अनुवाद और ट्रांसक्रिप्शन को प्रिंट या डिजिटल तौर पर रखा जा सकता है।

जियो के सॉल्युशन में कंटेंट शेयरिंग की भी सुविधा भी उपलब्ध है। अनुवाद के साथ यह टू-वे इंटरैक्टिव कम्युनिकेशन को भी सपोर्ट करता है। इसका मतलब छात्र या प्रशिक्षु केवल सुन ही नही रहे होंगे वे चाहें तो अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में सवाल भी पूछ सकेंगे।

### सार संक्षेप

#### धोनी बने स्टेट बैंक ने ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एसबीआई के ब्रांड एंबेसडर के रूप में धोनी विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तनावपूर्ण स्थितियों में संयम बनाए रखने की उनकी उल्लेखनीय क्षमता और दबाव में स्पष्ट सोच और त्वरित निर्णय लेने की उनकी क्षमता उन्हें देश भर में अपने ग्राहकों और हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एसबीआई के साथ मेल खाने वाला आदर्श विकल्प बनाती है। यह सहयोग विश्वसनीयता और नेतृत्व के मूल्यों को दर्शाते हुए, अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खरे ने कहा, 'हमें एमएस धोनी को एसबीआई के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करते हुए खुशी हो रही है।

#### पुणे में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी आग

नई दिल्ली। पुणे में एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग लग गई। एक्स पर एक यूजर ने शनिवार को घटना का वीडियो साझा किया। वीडियो को साझा करते हुए यूजर ने बताया कि स्कूटर मॉडल ओला एस1 था, जिसमें आग लग गई। यह घटना पिंपरी चिंचवड़ में डी.वाई पाटिल कॉलेज के पार्किंग स्थल के पास हुई। यूजर ने लिखा, 'चौंकाने वाला... डीवाई पाटिल इंस्टीट्यूट पिंपरी पुणे के पास पार्किंग में ओला एस1 में आग लग गई।' यह खबर सबसे पहले पुणे मिरर ने प्रकाशित की। वीडियो में एक स्कूटर से धुआं निकलते हुए देखा जा सकता है। फायर ब्रिगेड टीम इस आग को बुझाने की कोशिश कर रही है। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

#### एडीबी बांग्लादेश को जल प्रबंधन, कृषि उत्पादकता के लिए 10.6 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा

**ढाका।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और बांग्लादेश सरकार ने रविवार को दक्षिण एशियाई देश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए 10.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड्स सरकार की ओर से 17.80 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। एडीबी ने कहा कि वह अनुदान का प्रबंधन करेगा जो इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने वाले इनोवेटिव पायलट कार्यों और परामर्श सेवाओं को वित्तपोषित करेगा। बांग्लादेश के लिए एडीबी के देश निदेशक एडिमॉन गिंटिंग ने कहा, 'जलवायु और आपदा प्रतिरोधी लघु-स्तरीय जल संसाधन प्रबंधन परियोजना बाढ़ के तटबंधों को ऊपर उठाने-मजबूत करने, जल धारण बढ़ाने के लिए चैनलों को गहरा करने, कुशल विद्युत पंप-पाइप सिंचाई प्रदान करने, प्रशिक्षण प्रदान करने, क्षमता विकसित करने और जलवायु प्रभावों तथा खाद्य सुरक्षा को संबोधित करने, जलवायु-स्मार्ट कृषि, कृषि व्यवसाय और मत्स्य विकास का समर्थन करने के लिए त्वरित सहायता प्रदान करेगी।'

एडिमॉन गिंटिंग ने कहा, परियोजना

## इजराइल-हमास संघर्ष और आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में जबरदस्त तेजी के दबाव में बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत लुढ़क चुके घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और स्थानीय स्तर पर पीएमआई एवं कंपनियों के तिमाही परिणाम जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1614.82 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 63782.80 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 495.4 अंक यानी 2.53 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19047.25 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी भारी बिकवाली का दबाव रहा। मिडकैप 768.35 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 31112.51 अंक और स्मॉलकैप 1310.69 यानी 3.43 प्रतिशत टूटकर 36888.03 अंक रह गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रही अशांति और भविष्य की आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दरों के संभावित प्रभावों पर चिंताओं के कारण निवेशकों के विश्वास में गिरावट आई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है। हालांकि, अमेरिका की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि का अनुकूल होना और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी आने के कारण बॉन्ड यील्ड में कमी आने से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन में घरेलू सूचकांकों में कुछ सुधार हुआ है। वहीं, वैश्विक बाजार की अस्थिरता से घरेलू बाजार में सुधार में देरी होने की उम्मीद है क्योंकि



वैश्विक बाजार ऊंची ब्याज दर और भू-राजनीतिक तनाव के कारण दुनिया की अर्थव्यवस्था में और मंदी के जोखिम का खतरा है। एफएमसीजी, उपभोग, उर्वरक जैसे क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे, आवास जैसे मुख्य क्षेत्रों में संभावित विकास के अवसर पेश करने की उम्मीद है। अल्पावधि में, बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है निवेशक पश्चिम एशिया के विकास, कंपनियों के तिमाही परिणाम और घरेलू पीएमआई सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह टीवीएस मोटर, भारती एयरटेल, एलटी, आईओसीएल, गेल इंडिया, अडानी टोटल गैस, टाटा स्टील, सन फार्मा, हीरो मोटोकॉर्प, इंद्रप्रस्थ गैस, अडानी इंटरप्राइजेज, टाटा मोटर्स, अडानी पावर, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह मंगलवार को दशहरा पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। इनमें से तीन बाजार में हाहाकार रहा जबकि एक दिन तेजी आई। इजरायल-हमास युद्ध के बीच अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी से विश्व बाजार में भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 825.74 अंक का गोता लगाकर 64,571.88 अंक और निफ्टी 260.90 अंक की गिरावट लेकर 19,281.75 अंक पर आ गया। इजराइल-हमास संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में बुधवार को सेंसेक्स 522.82 अंक का गोता लगाकर 64049.06 अंक और निफ्टी 159.60 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 19122.15 अंक पर आ गया।

इसी तरह अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के ग्यारह आधार अंक बढ़कर पांच प्रतिशत के करीब पहुंचने से फेड रिजर्व के ब्याज की दर को आगे भी उच्च स्तर पर बनाये रखने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 900.91 अंक लुढ़ककर 63148.15 अंक और निफ्टी 264.90 अंक की गिरावट के साथ 18857.25 अंक रहा गया।

वहीं, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के आंकड़े से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणाम से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 634.65 अंक की उड़ान भरकर 63782.80 अंक और निफ्टी 190 अंक की तेजी के साथ 19047.25 अंक पर पहुंच गया।

## सरकार ने प्याज पर 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का एमईपी अधिसूचित किया

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने शनिवार को 29 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस (एमईपी) अधिसूचित किया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सस्ती कीमतों पर प्याज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए यह उपाय किया गया है क्योंकि प्याज के निर्यात की मात्रा पर अंकुश लगाने से रबी 2023 प्याज की स्टोरेज मात्रा में कमी आ रही है। 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का एमईपी लगभग 67 रुपए प्रति किलोग्राम होता है। प्याज निर्यात पर एमईपी लगाने के फैसले के साथ, सरकार ने बफर के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज की खरीद की भी घोषणा की है, जो पहले से खरीदे गए 5 लाख टन से अधिक है।



बफर से प्याज का अगस्त के दूसरे सप्ताह से देश भर के प्रमुख उपभोग केंद्रों में लगातार निपटान किया गया है, और एनसीसीएफ तथा नेफेड (एनएएफईडी) द्वारा संचालित मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आपूर्ति भी की गई है। अब तक बफर से लगभग 1.70 लाख मीट्रिक टन प्याज का निपटान किया जा चुका है। प्याज किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को नियंत्रित करने के लिए बफर से प्याज की निरंतर खरीद और निपटान किया जाता है।

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 285 रिंगिट की तेजी के साथ 3680 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.22 सेंट की गिरावट लेकर 52.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 74 रुपए और मूंगफली तेल 146 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10200 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## झारखंडः मॉनसून ने की बेवफाई, फूलों की खेती से होगी भरपाई

**रांची,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के 24 में से 18 जिलों के लाखों किसान इस साल फिर मॉनसून की बेवफाई से मायूस हुए हैं, लेकिन इन्हीं जिलों में कम से कम चार हजार किसान ऐसे हैं जिनके खेतों में 'उम्मीदों के फूल' लहलहा रहे हैं। ये वो किसान हैं, जिन्होंने खरीफ की परंपरागत फसल का भरोसा टूटने के पहले फूलों की खेती की तैयारी कर ली थी।

दशहरे के बाद दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा, छठ, क्रिसमस और न्यू ईयर तक त्योहारों-उत्सवों की पूरी श्रृंखला है और इस दौरान फूलों की बंपर डिमांड रहेगी। इसे देखते हुए पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम के दर्जनों गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने फूलों की खेती की है।

हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के खंभाटांड़ की महिला किसान अंजनी तिर्की ने हर साल परती रह जाने वाली जमीन



पर गेंदा फूल की खेती शुरू की है। उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह से 10 हजार रुपए का कर्ज लेकर अफ्रीकन वैरायटी के गेंदे के फूल लगाए हैं। उनके खेतों में लगभग 8,000 पौधे लगे हैं। अभी तक तीन बार फूलों की तुड़ाई हुई है और उनकी खेती की लागत वसूल हो चुकी है। पूरे सीजन में कम से कम दस बार फूलों की तुड़ाई होगी। अनुमान है कि तीस से चालीस हजार रुपए की कमाई होगी। हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड स्थित पेटो निवासी अजय कुमार कोरोना काल में बेरोजगार हो गए थे। वह एक निजी स्कूल में संगीत के शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने लीज पर जमीन लेकर फूलों की खेती शुरू की। उन्होंने इसके लिए नई तकनीक का सहारा लिया और रात में एलईडी बल्ब लगाकर फूलों के पौधों के रोशनी दी। इस तकनीक से पौधे जल्द तैयार हो गए और पूरा खेत फूलों से खिल उठा। अजय चाहते हैं कि भविष्य में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती करें। इसके लिए उन्होंने सरकार को पॉली हाउस के लिए आवेदन भी दिया है। अजय ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुंभ योजना का लाभ लिया है। इससे खेत में महज पांच हजार रुपए में सोलर पैनल लग गया और अब वह लगातार खेती कर सकते हैं।

बोकारो के कसमार प्रखंड के चौरा गांव की लीलू देवी उन महिला किसानों में से एक है, जिसने महज कुछ माह में गेंदा फूल की खेती कर अपने परिवार की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने महज कुछ हजार रुपये से गेंदा के फूल की खेती शुरू की थी। चार माह बाद ही उन्होंने एक लाख रुपये से अधिक का मुनाफा अर्जित किया। उन्होंने राज्य सरकार की मदद से उसने गेंदा फूल की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बंगाल से लाकर हाईब्रिड नस्ल के पांच हजार गेंदा के फूल लगाए। झारखंड की राजधानी से 35-40 किलोमीटर दूर खूंटी जिले की पहचान हाल तक नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में थी। यहां जंगलों से सटे दर्जनों गांवों में बंदूकें रह-रहकर गरज उठती थीं और पूरी फिजा में फैली बारूदी गंध लोगों को दहशत में डाल देती थी। पर ये गुजरे दौर की बात है। पिछले आठ-दस वर्षों से ये इलाके फूलों की खुशबू से महक रहे हैं। इस साल पूरे जिले में तीन सौ एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती हुई है।

# जिले में 7 मतदान केन्द्र भवन परिवर्तन और 10 मतदान केन्द्रों के नाम किए गए परिवर्तन

**धमतरी,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा, 57 कुरूद और 58 धमतरी के मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के तहत गत 1अगस्त को सूची का प्रकाशन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान जिले हेतु अनुमोदित मतदान केन्द्रों में विधानसभा चुनाव के पूर्व आवश्यक कारणों से 7 भवन परिवर्तन एवं 10 नाम परिवर्तन का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया।

मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के तहत सिहावा विधानसभा में प्राथमिक शाला भवन सल्हेभाट के स्थान पर शासकीय माध्यमिक शाला भवन सल्हेभाट, पूर्व माध्यमिक शाला भवन मोहेरा के स्थान पर शासकीय प्राथमिक शाला भवन कुकरीनाला मोहेरा, माध्यमिक शाला भवन मारागांव के स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन मारागांव, प्राथमिक शाला भवन सिहावा के स्थान पर हायर सेकेण्डरी शाला भवन सिहावा और आंगनबाड़ी भवन भुमका मा के स्थान पर नवीन भवन प्राथमिक शाला भूमका किया गया है। विधानसभा कुरूद के तहत् पूर्व माध्यमिक शाला भवन (उत्तर) हसदा के स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा और विधानसभा क्षेत्र धमतरी के तहत पूर्व माध्यमिक शाला नया भवन कानीडबरी की जगह अब शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कानीडबरी किया गया है।

मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन में विधानसभा क्षेत्र कुरूद के तहत् शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन उत्तर भखारा का नाम परिवर्तन कर अब बिसाहू सिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल उत्तर भखारा किया गया है। इसी तरह नया भवन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा का नाम अब बिसाहू सिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दक्षिण भखारा, उच्चतर माध्यमिक शाला भवन उत्तर कुरूद का नाम परिवर्तन कर स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल उत्तर कुरूद, उच्चतर माध्यमिक शाला भवन पूर्व कुरूद का नाम परिवर्तन कर अब स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल पूर्व कुरूद और उच्चतर माध्यमिक शाला भवन दक्षिण कुरूद का नाम परिवर्तन कर अब स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल दक्षिण कुरूद किया गया है।

धमतरी विधानसभा क्षेत्र में शासकीय हाई स्कूल गोकुलपुर धमतरी का नाम परिवर्तन कर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी/हिंदी गोकुलपुर, अतिरिक्त प्राथमिक शाला भवन हटकेशर वार्ड उत्तर का नाम परिवर्तन कर शासकीय प्राथमिक शाला भवन क्रमांक 2 हटकेशर, प्राथमिक शाला भवन दक्षिण हटकेशर का नाम परिवर्तन कर शासकीय प्राथमिक शाला भवन क्रमांक 1 हटकेशर, सिंधी कन्या शाला भवन हटकेशर वार्ड का नाम परिवर्तन कर शासकीय प्राथमिक शाला भवन क्रमांक 3 हटकेशर, पूर्व माध्यमिक शाला भवन हटकेशर वार्ड का नाम परिवर्तन कर शासकीय प्राथमिक शाला भवन क्रमांक 4हटकेशर किया गया है।

# जस मंडली, सांग दल की अगुवानी में माता की प्रतिमा का विसर्जन



**झलप,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। झलप स्थित श्रीराम.जानकी मंदिर प्रांगण में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। माता की विशेष पूजा कर साज.सज्जा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा की अगवानी जसगीत टोली एवं रामपुर काली भगत के सांग दलए डीजे की धून पर नृत्य दलों द्वारा किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार वार्डए बस्ती पारा से तालाब ले जाया गया। माता की जगह.जगह आरती उतार कर जोत जंवारा की पूजा की गई। ज्ञात हो कि झलप में केवल एक ही स्थान पर माता की प्रतिमा विराजित की जाती है। पूरे 9 दिन तक सभी माता की भक्तिए आराधना करते हैं। दशहरा के एक दिन बाद माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। इससे झलप सहित आसपास के दर्जनों गांवों से लोग विसर्जन यात्रा देखने झलप पहुंचते हैं। अंचल के हजारों लोग माता को नम आंखों से विदाई देते हैं। विसर्जन पश्चात आयोजन समिति द्वारा आम भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें दूर.दूर से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति में सभी धर्मों के लोग सहयोग प्रदान करते हैं।

# चिरायु दल द्वारा चिन्हित छात्र का कराया गया उपचार



**झलप,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। गत दिनों चिरायु दल द्वारा सेजेस पटेवा में छात्र.छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान कक्षा 11वी के छात्र फ्लेश डहरिया के शरीर में 3०7 ग्राम एचबी पाए जाने की जानकारी डॉ रूही एवं डॉ हेमंत भार्गव ने संस्था प्रमुख को दी। जिस पर संस्था प्रमुख ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम कोकड़ी पहुंचकर छात्र के परिजनों को अवगत कराकर चिरायु चिकित्सा अधिकारियों के साथ जिला चिकित्सालय महासमुंद भेजा गया। जहां छात्र को भर्ती कराया गया। विद्यालय से व्याख्याता श्रीमती अर्चना तिवारी को अस्पताल में आवश्यक सहयोग के लिए भेजा गया। चिरायु स्वास्थ्य दल एवं जिला अस्पताल की तत्परता से छात्र को आवश्यक मात्रा में रक्तदाताओं से संपर्क कर 3 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के दीपक तिवारी ने स्वयं छात्र को 1 यूनिट रक्तदान किया। विद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं के पालकों ने भी प्राचार्य के आह्वान पर रक्त दान करने की पेशकश की। छात्र फ्लेश को पिछले शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई तथा 15 दिवस पश्चात् पुन:अस्पताल आ कर जांच कराने की सलाह दी गई। संस्था प्रमुख समीर चंद्र प्रधान ने विद्यालय के पूर्व छात्र रफीक कुरैशी के साथ छात्र के स्वास्थ्य की प्रगति की जानकारी लेने छात्र के गृह ग्राम कोकड़ी पहूंचकर छात्र को स्वस्थ पाया। उसके चाचा नंदलाल एवं दादी से चर्चा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समीर चन्द्र प्रधान प्राचार्य ने सहयोग के लिए विद्यालय प्रशासनए एसएमडीसीए चिरायु चिकित्सा दलए जिला अस्पताल महासमुंद तथा दीपक तिवारी सभी का आभार व्यक्त किया।

# शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने निगम प्रशासन एवं यातायात विभाग ने मकई चौक पहुंचकर लिया जायजा

**धमतरी,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम प्रशासन एवं यातायात विभाग अलर्ट हो गया है। आज इसी को लेकर दोनों विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ मकई चौक के समीपस्थ क्षेत्र का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने जायजा लिया। मकई चौक में वर्तमान में कुम्हार लोगों के द्वारा दीया इत्यादि बेचने का काम सड़क के बीचो-बीच किया जा रहा है जिसके चलते वाहन पार्किंग में समस्या उत्पन्न हो रही है और आने जाने वालों को भी समस्या हो रही है, जिसको लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तथा पदाधिकारी ने सुव्यवस्थित यातायात को लेकर निगम आयुक्त विनय पोयाम से सहयोग करने कहा था। जिसे देखते हुए आज मकई चौक के समीपस्थ क्षेत्र का निरीक्षण निगम प्रशासन एवं यातायात विभाग के अधिकारियों के द्वारा किया गया। मकई चौक से होते हुए सदर की ओर जाने वालों को आवागमन में सहूलियत हो तथा पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रहे इसके लिए दीया तथा अन्य सामग्री बेचने वाले कुम्हार को सूचीबद्ध करते हुए उन्हें मकई चौक के समीप अमर टॉकीज के पास हाईवे रोड के किनारे में अस्थाई रूप से एक साथ बैठाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए अमर टॉकीज के पास चुना मार्किंग की जाएगी तथा सभी कुम्हार व्यापारी को अमर टॉकीज के पास बैठाया जाएगा। प्राथमिकता क्रम पर लेते हुए चुना मार्किंग के भीतर बैठाने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को भटकने की जरूरत न हो और अपने जरूरत के समान दीया आदि को आसानी से खरीदार प्राप्त कर सके इससे कुम्हार व्यापारियों की ग्राहकी भी बढ़ेगी तथा ट्रैफिक का समाधान भी हो जायेगा, छोटे वाहनों की अस्थाई पार्किंग व्यवस्था भी बन पाएगी। वही आज रास्ता बाधित करने वाले जूता, चप्पल व्यवसायी तथा दुकान के सामने सड़क में बढ़ाकर सामग्री लगाने वाले व्यापारियों को अपने सामग्री को दुकान के अंदर अपने दायरे में रखने की समझाइश दी गई है। इसके साथ ही मकई चौक से लेकर सदर बाजार से होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर तक का निरीक्षण आगामी दिनों में किया जाएगा। इसको लेकर निगम प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि अपने सामग्री तथा होर्डिंग आदि को दुकान के भीतर निर्धारित दायरे में ही रखें ताकि सड़क बाधा न हो। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी ने भी इसको लेकर व्यापारियों को संदेश प्रसारित कर सहयोग करने कहा है। आज के निरीक्षण के दौरान डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा, यातायात विभाग के डीएसपी एम एस चंद्रा, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष महेश जसूजा, यातायात पुलिस उप निरीक्षक के एस साहू, राजस्व विभाग के कर्मचारी नितिन बनवासी, दीपक पांडे, रामनारायण डहरिया, श्यामू सोना, गोविंद पात्रे, बंसी, कुश नायक, योगेश रजक, अनिल चौरे, महेंद्र साहू एवं निकेतन यादव आदि मौजूद रहे।



# माइक्रो आब्जर्वरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**धमतरी,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आज जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर (बैंक अधिकारियों) का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभा कक्ष में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने माक पोल के बारे में जानकारी देते हुए बताया की माकपोल एक विधिक प्रक्रिया है। मतदान के पूर्व सवा घंटा पहले मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। मास्टर ट्रेनर ने माइक्रो आब्जर्वर के दायित्वों की जानकारी देते हुए कहा की माइक्रो आब्जर्वर सीधे विधानसभा क्षेत्र के मुख्य पर्यवेक्षक के अधीनस्थ काम करते हैं और उन्हें ही अपना प्रतिवेदन सौपते है। इन्होंने यह भी बताया की निर्वाचन कर्तव्य पर होने के कारण आप किसी भी अन्य अधिकारी कर्मचारी की तरह निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र अथवा डाक मत पत्र से मत डालने के लिए अधिकृत है। इसके लिए प्रपत्र 12 अथवा 12- क में आवेदन करना पड़ेगा। माइक्रोआब्जर्वर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त जरूर किए जाते हैं परंतु सीधे और केवल पर्यवेक्षक के अधीन काम करते हैं और उन्हें ही रिपोर्ट करते हैं। वे खुद को आवंटित मतदान केंद्र की प्रत्येक कार्रवाई पर नजर रखेंगे और निर्धारित प्रारूप में इनका उल्लेख करते हुए अपने पर्यवेक्षक को प्रस्तुत करेंगे। यदि माइक्रो ऑब्जर्वर को एक ही स्थान पर एक से अधिक मतदान केंद्र आबंटित हों तो उन्हें बारी बारी से सभी मतदान केंद्रों पर घूमते रहना चाहिए और नजर रखनी चाहिए।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया की मतदान प्रारंभ होने से पहले सीलिंग प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। माकपोल का संचालन मतदान प्रारंभ होने और बंद होने का समय, मतदाताओं के मतदान कक्ष में आने और जाने की व्यवस्था, मतदाता रजिस्टर (प्रारूप 17 क) की प्रविष्टियां ,मतदाताओं के पहचान की व्यवस्था, वेलिड सूची की प्रक्रिया, अमिट स्याही का लगाना मतदाताओं द्वारा गोपनीयता का अनुपालन, मतदान अभिकर्ताओं की गतिविधियां, मतदान अभिकर्ताओं की शिकायतें यदि वे करते हों हृ्य आदि की जानकरी निर्धारित प्रारूप में निर्धारित समय पर दे। प्रशिक्षण के अंत मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति रोक्तिमा यादव ने माइक्रो आब्जर्वर को मतदान की शपथ दिलाई।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई



**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी कोष्ठी के मार्गदर्शन में शनिवार को संयुक्त आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त बागबाहरा अंतर्गतग्राम सम्हर ए थाना तेंदूकोना के भोजराम साहू से 40 नग देशी प्लेन मदिरा मदिरा मात्रा 7.20 लीटर जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बागबाहरा मुकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व मे की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक विकास बढेंद्र, हृदय कुमार तिरपुड़े,आबकारी आरक्षक संजय तिवारी, देवेश मांझी तथा वाहन चालक गांधी राम ठाकुर एवं समस्त आबकारी स्टाफ महासमुंद उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया देशी मदिरा वेयर हाउस का निरीक्षण



**महासमुन्द,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन . 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में आज शनिवार को अपरान्ह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा देशी मदिरा वेयर हाउस महासमुन्द का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में संधारित पंजियों की जाँच की गई। वेयरहाउस में संग्रहित मदिरा स्कन्ध का सत्यापन किया गया, जो पंजी अनुसार सही पाया गया। वेयर हाउस में लगे समस्त सीसीटीव्ही कैमरे चालू हालत में पाये गए जिसके माध्यम से मदिरा स्कन्ध पर सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर द्वारा आबकारी अधिकारियों को निर्वाचन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने कहा कि शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखे और लगातार कार्रवाई करें। ज्ञात है निर्वाचन के दौरान आबकारी विभाग द्वारा सतत करवाई की जा रही है और देशी मदिरा के अलावा विदेशी मदिरा की अवैध बिक्री पर भी कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल एवं आबकारी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 महासमुंद जिला महासमुंद (छग)**

**उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन अंतर्गत धारा 372**
**भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक 09/2023**
**पेशी तारीख: 25.11.2023**
**प्रोसेस नंबर: 707/2023**
**रवि सोनी आयु 46 वर्ष पिता स्व. माधवलाल सोनी निवासी टामकी तालाब के पास महासमुंद, थाना तहसील व जिला महासमुंद (छग)**
**आवेदक**
**बनाम**
**आम जनता (जिसका हित निहित हो)**
**अनावेदक**

आवेदक का कथन है कि पृथ्वी सोनी, आवेदक का पुत्र था। पृथ्वी सोनी की दिनांक 22.04.2023 को एम्स हास्पीटल रायपुर में मृत्यु हो गई है। आवेदक की पत्नी पद्मिनी सोनी की पूर्व में दिनांक 23.11.2017 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। मृतक पृथ्वी सोनी के आवेदक के अलावा अन्य कोई विधिक वारिसान नही है। पृथ्वी सोनी के नाम पर बैंक आफ बड़ोदा शाखा महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद एक बचत खाता संचालित है जिसका खाता क्रमांक 87300100024862 है। उपरोक्त बचत खाता में दिनांक 09.06.2023 की स्थिति में कुल राशि 3,223, रुपए (तीन हजार दो सौ तेईस ) दर्ज है। तथा माननीय दुर्घटना दाव अधिकरण द्वारा फिक्स डिपाजिट में जमा की गई राशि 2,50,000 रुपए (दो लाख पचास हजार रुपए ) दिनांक 26.10.2018 को जमा किया गया था जो कि 120 महीने के लिए था जिसकी परिपक्ता तिथि 26.10.2028 तथा परिपक्ता राशि 4,67,104 रुपए (चार लाख सड़सठ हजार एक सौ चार रुपए ) है। उपरोक्त वर्णित राशि के मय ब्याज प्राप्त करने हेतु बैंक से संपर्क किए जाने पर उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा गया, जिस कारण आवेदक आवेदन अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तुत किया है। इसलिए तुम्हें सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था उक्त राशि पर हक या दावा रखते हो तो पेशी दिनांक 25.11.2023 को 11 बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत जिसको मुकदमें का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित नही होने पर आवेदक के आवेदन पर एकतरफा कार्यवाही किया जाकर निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

दिनांक 25.11.2023 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**चित्रलेखा सोनवानी**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1**
**महासमुंद (छग)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NEELKANTH S/O PERLURAM SAHU resident of H. NO. -234, WARD NO. -08, PANCHAYAT PARA MATIA, DISTT.- BALOD (C.G.) 491225 have changed my old name NEELKANTH S/O PERLURAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is NEELKANTH SAHU S/O PERLURAM SAHU in all Government and other documents.

**NEELKANTH SAHU**
H. NO. -234, WARD NO. -08, PANCHAYAT PARA MATIA, DISTT.- BALOD (C.G) 491225

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VINITA ASWANI D/O AMRIT LAL ASWANI resident of H.NO 01 SHRISHTI BLOCK NEAR VIJAY NAGAR CHOWK AVANTI VIHAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name VINITA ASWANI D/O AMRIT LAL ASWANI so in future I should be recognized by my new name that is PARI POPTANI W/O VISHAL POPTANI in all Government and other documents.

**PARI POPTANI**
H.NO 01 SHRISHTI BLOCK NEAR VIJAY NAGAR CHOWK AVANTI VIHAR RAIPUR (C.G.)

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 13735/रा.शा/वि.प्रा./2023**
**रायपुर, दिनांक 19.10.2023**

रायपुर विकास प्राधिकरण की मठपुरैना योजना के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक 51 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट श्रीमती दिलशाद बेगम पति श्री सैय्यद रियाज अली को 30 वर्षीय पट्टे पर धारित है। आबंटिती श्रीमती दिलशाद बेगम की मृत्यु दिनांक 16.06.2023 को हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड का उत्तराधिकार नामांतरण हेतु उनके वारिसान उनके श्री सैय्यद रियाज अली पिता श्री सैय्यद अकबर अली पुत्र श्री सैय्यद अशरफ अली, श्री सैय्यद अजहर अली एवं पुत्री आशिया बेगम, शाहिना परवीन पिसरान सैय्यद रियाज अली समस्त निवासी आर.डी.ए. कॉलोनी, मठपुरैना, संजय नगर, रायपुर छग द्वारा लोग सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के अन्तर्गत नामांतरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है।

उक्त उत्तराधिकार नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के तहत आवेदन पत्र का निराकरण कर दिया जाएगा जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 19.10.2023 को जारी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**ईश्तहार**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ- जिला रायपुर, तहसील- रायपुर प.ह.नं.- 00078 टेंमरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202324440725900002**

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00078 के अंतर्गत ग्राम टेमरी के वर्तमान भूमिस्वामी शिवप्रसाद सिंह पि. मैकू सिंह पिता/पति पता सा. शिवाजी नगर कोरबा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 64/3(0.0370) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री शशि धर सिंह पिता/पति श्री शिवप्रसाद सिंह पता कोसबाड़ी कोरबा, श्रीमती रत्ना सिंह पिता/पति धर्मपाल सिंह पता रिसाली भिलाई, श्री चंद्र धर सिंह पिता/पति श्री शिवप्रसाद सिंह पता कोसाबाड़ी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.10.2023 को जारी किया जाता है।

(सील)

**तहसीलदार**
**तहसील रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रमांक/202310115800068/ अ-6/2023-2024**
**रायपुर, दिनांक 20.10.2023**
**ग्राम कांपा, प.ह.नं.- 46**
**तहसील व जिला रायपुर**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्री राकेश कुमार सिन्हा पिता श्री विद्यासागर सिन्हा (2) श्रीमती सुधा सिन्हा पति श्री राकेश कुमार सिन्हा दोनों निवासी- मकान नंबर ई/13 राजीव नगर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम कांपा, प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका प्लाट नंबर 52 खसरा नंबर 637/4, 670/3, 671/3, 674/6, 677, 678/2, 679/3, 680, 681/4,5,6,7, 685/4, 686/4, 687/3, 687/4, 688/2 शामिल खसरों में से खसरा नंबर 688/2 का भाग संविलियन पश्चात खसरा नंबर 15004/1 रकबा 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मेसर्स अभिषेक बिल्डकॉन द्वारा भागीदार श्री अनुप कुमार साहू पिता श्री भगत राम साहू द्वारा मु.आम श्री अशोक कुमार साहू पिता श्री भगतराम साहू निवासी पंडरीतराई तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.02.2007 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 20.11.2023 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20.11.2023 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियांद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VINOD SHAH S/O CHAMPJI BHAI SHAH resident of H. NO. - B-8, 9,CHOUHAN TOWN, JUNWANI ROAD, BHILAI DISTT.-DURG (C.G.) 490020 have changed my old name VINOD SHAH S/O CHAMPJI BHAI SHAH so in future I should be recognized by my new name that is VINOD CHAMPJI SHAH S/O CHAMPJI BHAI SHAH in all Government and other documents.

**VINOD CHAMPJI SHAH**
H. NO. - B-8, 9,CHOUHAN TOWN, JUNWANI ROAD, BHILAI DISTT.-DURG (C.G.) 490020

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAMLESH KUMAR SAHU S/O GAURISHANKAR SAHU resident of H.NO-494, MAHATMA GANDHI WARD NO. -04, NAGRI, DHAMTARI, (C.G.) 493778 have changed my old name KAMLESH KUMAR SAHU S/O GAURISHANKAR SAHU so in future I should be recognized by my new name that is KAMLESH SAHU S/O GAURISHANKAR SAHU in all Government and other documents.

**KAMLESH SAHU**
H.NO-494, MAHATMA GANDHI WARD NO. -04, NAGRI, DHAMTARI, (C.G.) 493778

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, YOGESHWAR S/O ISHWAR LAL SAHU resident of WORD NO.-11, SAMBALPUR, NAGRI, DHAMTARI, (C.G.) 493778 have changed my old name YOGESHWAR S/O ISHWAR LAL SAHU so in future I should be recognized by my new name that is YOGESHWAR SAHU S/O ISHWAR LAL SAHU in all Government and other documents.

**YOGESHWAR SAHU**
WORD NO.-11, SAMBALPUR, NAGRI, DHAMTARI, (C.G.) 493778

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAJUL JAIN THOSANI D/O SANJAY JAIN THOSANI resident of U-5/7, RISHAB NAGAR, DURG (C.G.) 491001 have changed before marrige my old name RAJUL JAIN THOSANI D/O SANJAY JAIN THOSANI so in future I should be recognized by after marrige my new name that is RAJUL KOTHARI W/O VIPUL KOTHARI in all Government and other documents.

**RAJUL KOTHARI**
W/O VIPUL KOTHARI U-5/7, RISHAB NAGAR, DURG (C.G.) 491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ZALAVADIA SAGARKUMAR RAMESHBHAI S/O RAMESHBHAI VALLABHABHAI ZALAVADIYA resident of E181, 182 SECTOR 5 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name ZALAVADIA SAGARKUMAR RAMESHBHAI S/O RAMESHBHAI VALLABHABHAI ZALAVADIYA so in future I should be recognized by my new name that is ZALAVADIYA SAGAR RAMESHBHAI S/O RAMESHBHAI VALLABHABHAI ZALAVADIYA in all Government and other documents.

**ZALAVADIYA SAGAR RAMESHBHAI**
E181,182 SECTOR 5 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)

# एक करोड़ की साड़ियां जब्त



बिना वैध कागजात के कर रहा था परिवहन

**महासमुंद,**29 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ में विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुये पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र रायपुर शेख आरीफहुसैन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा जिलें के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को दीगर प्रान्त से आने वाली अवैध शराब, मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने, अवैध परिवहन व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। जिसके तहत् थाना-चौकी प्रभारी व सायबर सेल की टीम को दीगर प्रांतों से आने वाले सभी चेक पोस्ट पर अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी हुई थी। इसी दौरान 28 अक्टूबर को सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल छग ओड़िसा बॉर्डर के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफसे आयसर ट्रक क्रमांक एमएचख 04एलई 5608 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया। वाहन में ट्रक का चालक था जिससे पूछताछ करने पर ड्राईवर सीट पर बैठा व्यक्ति ने अपना नाम सहदेव राना पिता दसई राना 34 साल साकिन वार्ड नंबर 12 महुदी, कांडतारी, पोस्ट सांढ थाना बडकागांव जिला हजारीबाग झारखण्ड निवासी होना बताये। ड्रायवर से पुछताछ करने पर वाहन में साड़ी कपडा होना बताया और पुलिस टीम को सही तरीके से जवाब नही देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नही पाये जाने वाहन की तलाशी लिया गया जिसमें 99 नग प्लास्टिक सफेद बोरी मिला जिसे खोलकर देखने पर साड़ी भरा हुआ था। वाहन में 99 नग बोरी में कुल 16000 नग साड़ी मिला। जिसके के संबंध में पुछताछ करने पर चिरकुंडाधनबाद से लोड कर सूरत ले जाना बताया। उक्त साडीयों के संबंध में सहदेव राना को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया जिसके द्वारा उक्त साडीयों के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नही होना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति के पास से आईचर ट्रक एवं ट्रक के डाला मे 99 बोरियो मे भरी हुई लगभग 16000 नग साडी कीमती लगभग 1 करोड़ रूपये जप्त कर थाना सिंघोडा में अपराध धारा 102 जा.फौ के तहत् कार्यवाही किया गया।' उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन मे अति. पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु.अधिकारी पु. सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में थाना सिंघोडा प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा, साइबर सेल की टीम आर. मनोहर साहू, रोहित सिदार, यश ठाकुर, डिग्री मेहर, जीवर्धन बरिहा, विरेन्द्र बाघ के द्वारा की गई।

## उड़नदस्ता और पुलिस की टीम ने बसना में 275 नग साड़ी जप्त की



बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव में उड़नदस्ता और पुलिस की सयुंक्त टीम ने 275 नग साड़ी जप्त कर बसना थाना में सुपुर्द किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा गठित उड़नदस्ता एफएस टी द्वारा अलग.अलग जगह पर छापामार कार्रवाई किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को शाम 6 बजे बसना विधानसभा अंतर्गत ग्राम नवागांव में राजेश भोई पिता सुशील भोई के निवास में छापामार कार्रवाई की गई जिसमें दो बंडलों में 275 साड़ी बराबद हुआ। जिसकी कीमत लगभग 55 हजार रुपये आंकलन किया गया है। जप्त साड़ी को पंचनामा कर बसना थाना अंतर्गत सुपुर्द किया गया है। इस कार्यवाही में बसना उड़नदस्ता टीम के अभिषेक अग्रवाल एरसीम खान एवं नीलकमल पटेल शामिल थे।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# परिवहन चेकपोस्ट लोदाम में बिना बिल्टी के 58 नग जीन्स पैंट बरामद

परिवहन चेकपोस्टों पर वाहनों का सघन चेकिंग

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा के निर्देशानुसार परिवहन चेकपोस्टों पर वाहनों में ले जाने वाले सामानों के दुरूपयोग के रोकथाम हेतु नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् 28 अक्टूबर 2023 की शाम जांच के दौरान जशपुर जिले के लोदाम चेकपोस्ट में परिवहन विभाग की टीम द्वारा निजी वाहन जेएच-01-एडब्ल्यू-8676 में 58 नग जीन्स पैंट बिना बिल्टी के ले जाते हुए पकड़ा गया।

जांच के दौरान वाहन चालक सोमेन्द्र घोष, पिता स्व. लखन चन्द्र घोष, निवासी आर्यपुरी रातु रोड, रांची द्वारा पैंट के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आगामी विधानसभा निर्वाचन में उक्त पैंट के दुरूपयोग की आशंका के मद्देनजर आगे की कार्यवाही हेतु सतत निगरानी टीम के सुपुर्दगी में दिया गया।

गौरतलब है कि परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा द्वारा सभी जिला परिवहन अधिकारियों एवं उड़न दस्ता चेक पोस्ट अधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लगातार वाहनों की सघन जांच कार्यवाही के लिए सख्त निर्देश दिया गया है। इसके तहत प्रदेश के सभी चेक पोस्ट में उड़न दस्ता एवं जिला परिवहन अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। इस तारतम्य में प्रदेश के सभी जिला परिवहन अधिकारियों द्वारा एवं उड़न दस्ता एवं चेकपोस्ट प्रभारी के द्वारा वाहनों की लगातार सघन जांच की जा रही है।

# किशोरी ने जहर खाकर की आत्महत्या



मेला जाने को लेकर बहनों के बीच हुआ था विवाद

**रायगढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले से आत्महत्या (ह्यह्वद्बष्द्बस्रद्ग) का मामला सामने आया है। यहां बरमकेला थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अमलीपाली निवासी 16 वर्षीय नाबालिग ने अपनी बहन से कहासुनी करने के बाद घर की बाड़ी में कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसकी इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई।

जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने पहुंचे मृतिका प्रिती बरिहा उम्र 16 वर्ष के पिता लक्ष्मीनारायण बरिहा ने बताया कि शनिवार को वह अपनी पत्नी के साथ काम पर गया हुआ था। घर में उसकी तीन बेटियां ही थी शुक्रवार को ग्राम तौसिर में मेला देखने जाने की बात को लेकर तीनों बहनों में कुछ कहासुनी हुई। जिस बात से नाराज उसकी बेटी प्रिती बरिहा ने घर में रखा कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां कुछ घंटों के भीतर ही पीड़िता की मौत हो गई। परिजनों ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि मृतिका प्रिती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी वह पहले भी 1-2 बार आत्महत्या करने का प्रयास कर चुकी थी। चक्रधर नगर पुलिस ने उक्त मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया। पोस्टमार्टम कराने उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# वाहन चेकिंग के दौरान कार से मिले 4 लाख

## पुलिस-प्रशासन की कड़ी कार्यवाही





**जांजगीर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण करने के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न चेक पॉइंट में नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच कर निर्वाचन व्यय, निर्वाचन सामग्री एवं बिना अनुमति निर्वाचन प्रचार- प्रसार पर निगाह रखे हुए है।

इसी के तारतम्य में शिवरीनारायण पुलिस ने दो लोगों से 4 लाख 65 हजार 850 रुपए नकदी रकम बरामद किया है। रकम के संबंध पूछताछ करने पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने रकम को धारा 102 के तहत जब्त कर लिया है। पुलिस शबरी चैक पर जांच कर रही थी इसी दौरान बिलासपुर निवासी सुमित वाधवानी और राजेश कसेर अपनी कार से पहुंचे। जांच के दौरन उनके वाहन से नकदी रकम मिली। रुपयों के संबंध में जानकारी जुटाने जीएसी विभाग को सौंपा जा रहा है।

# नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

## सुरक्षाबलों ने आईईडी बम लगाते 2 नक्सलियों को पकड़ा



**कांकेर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले से इस वक्त बड़ी नक्सली साजिश नाकाम होने की खबर सामने आई है। जहा सुरक्षाबलों ने 2 नग आईईडी विस्फोटक के साथ दो नक्सली गिरफ्तार को पकड़ने में सफलता हासिल की है। दोनों नक्सली सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट कर रहे थे। सर्चिंग के दौरान बीएसएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम ने पकड़ा है। धुर नक्सल प्रभावित चिलपरस के पास जंगल में आईईडी प्लांट कर रहे थे। कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र का मामला।

# 33 हज़ार के अवैध शराब के साथ दो युवक रंगेहाथ गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल



417 नग पौवा देशी प्लेन शराब एवं एक स्कूटी जप्त

**बागबाहरा,** 29 अक्टूबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव तथा अनुविभागीय अधिकारी डॉ. यूलैण्डन यार्क के निर्देशन में बागबाहरा क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी दौरान नगर के दो युवक टीवीएस स्कूटी में 417 नग देसी प्लेन शराब को अवैध रूप से बिक्री करने हेतु ले जा रहे थे। तभी पुलिस वालो ने चेकिंग के दौरान मेन रोड पिथौरा चौक में उसे रंगेहाथ अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से कुल 75 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब जप्त किया गया है। जिसका बाज़ार मूल्य 33 हज़ार 360 रूपये की बताई गई है। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपी युवको के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आज जिला न्यायालय महासमुंद में पेश किया गया। जहाँ से दोनों आरोपियों को कोर्ट ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि कल 28 अक्टूबर की शाम मुखबीर से सूचना मिली कि नेशनल हाईवे 353 मेन रोड पिथौरा चौक बागबाहरा में आरोपी युवक देव लाल यादव 19 वर्ष पिता अर्जुन यादव साकिन वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा एवं अभिषेक ताण्डी उम्र 19 वर्ष पिता तहसील ताण्डी साकिन गणेशपारा बागबाहरा के संयुक्त कब्जे से 01 चार नग विमल पान मसाला के बडे थैले में रखा हुआ 417 नग पौवा वाली देशी प्लेन शराब वाली शीशी प्रत्येक में 180-180 एमएल शराब भरी हुई सीलबंद कुल 75.060 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया। जिसका बाजार मूल्य करीबन 33 हज़ार 360 रूपये बताई गई है। एक ञ्जङ्कस् स्कूटी क्रमांक छ्त्र 07 छ्ररु5606 कीमती करीबन 40 हज़ार रूपये। कुल जुमला कीमती 73.360 रूपये मिला। जिन्हे मौके पर गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जे में पुलिस वालो ने लिया है। आरोपियो के विरूद्ध थाना बागबाहरा में अपराध क्रमांक 186/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर दोनों आरोपियो को जिला न्यायालय महासमुंद में पेश किया गया। जहाँ से दोनों को कोर्ट ने न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव,अनुविभागीय अधिकारी डॉ. यूलैंडन यार्क, थाना प्रभारी निरीक्षक महेश साहू , सउनि तिलक सिंह ठाकुर ,आरक्षक पीयूष शर्मा, मेहत्तबर साहू ,मनीष यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# आरपीएफ और पुलिस अफसरों ने स्टेशन में भटक रही किशोरी को पहुंचाया घर



मानसिक रुप से है कमजोर लड़की

**कोरबा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरपीएफ और पुलिस अफसरों की संवेदनशीलता उस समय सामने आई, जब जांच में जुटी संयुक्त टीम की नजर देर रात स्टेशन में भटक रही एक किशोरी पर पड़ी। अफसरों ने मानसिक रूप से कमजोर किशोरी और परिजनों को बिछड़ने से बचा लिया। यदि टीम सामान्य यात्री समझ अनदेखी करती तो वह ट्रेन में सवार होकर दूर जा सकती थी। बहरहाल अफसरों ने किशोरी को सुपुर्द कर परिवार के चेहरे की मुस्कान लौटा दी है।

विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कोरबा की पुलिस इन दिनों काफी मेहनत कर रही है। सुबह शाम पेट्रोलिंग कर असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है साथ ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी बेहतर ढंग से कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात सीएसपी भूषण एक्का व कोतवाली प्रभारीरुपक शर्मा मातहत अधिकारी व जवानों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। वे आरपीएफ प्रभारी और उनकी टीम के साथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान अफसरों की नजर प्लेटफार्म नंबर एक में खड़ी किशोरी पर पड़ी। पूछताछ करने पर वह अलग-अलग जवाब देने लगी, जिससे संयुक्त टीम को संदेह हुआ। संयुक्त टीम सुरक्षा के लिहाज से किशोरी को आरपीएफ पोस्ट ले आई। अफसर अभी किशोरी के संबंध में जानकारी जुटा ही रहे थे, इसी बीच एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन पंहुचा। उसने स्टेशन के बाहर खड़े पुलिस और आरपीएफ के अफसरों को मोबाइल पर तस्वीर दिखाते हुए अपनी बेटी के कहीं चले जाने की जानकारी दी। इस तस्वीर पर नजर पढ़ते ही अफसरों की आंखों में चमक दिखाई दी। उन्होंने खरमोरा निवासी व्यक्ति को उसकी बेटी के आरपीएफ पोस्ट में सुरक्षित रखे जाने की जानकारी दी। पूछताछ करने पर पता चला कि किशोरी की मानसिक स्थिति थोड़ी कमजोर है, वह एक बार पहले भी घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। मामले से वाकिफ होने के बाद किशोरी को पिता के सुपुर्द कर दिया।

खास बात यह है कि संयुक्त टीम जांच कर रही थी। इस दौरान एक ट्रेन रवाना होने वाली थी। यदि टीम सामान्य यात्री समझ किशोरी को अनदेखी करती, तो वह ट्रेन में सवार होकर कहीं दूर जा सकती थी। सीएसपी भूषण एक्का ने पिता से मिली जानकारी की सिविल लाइन थाना में फोन करके तस्दीक की। इस दौरान थाना प्रभारी ने एक किशोरी के लापता होने का प्रकरण कुछ ही घंटे पहले दर्ज होने की जानकारी दी। सीएसपी ने थाना प्रभारी को तत्काल रेलवे स्टेशन बुलाया, जहां अग्रिम कार्रवाई के लिए पिता पुत्री को पुलिस के साथ रवाना किया गया।

# टेमरी गांव में उपसरपंच के घर हुए विस्फोट मामले के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार



गन पाउडर का प्रयोग कर आरोपियों ने परिवार को परेशान करने की नियत से घर के पीछे किया था विस्फोटक

**बागबाहरा,** 29 अक्टूबर (देशबंधु)। कोमाखान थाने के अंतर्गत छग एवं ओड़िशा सीमा पर स्थित ग्राम टेमरी निवासी उपसरपंच राधेश्याम साहू के घर में बीती रात्रि में बम ब्लास्ट करने वाले गांव के ही दोनों आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर इस मामले को पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सक्रियता के साथ सुलझा लिया है।

बागबाहरा के नवपदस्थ युवा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डॉ. यूलैंडन यार्क, कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक रामावतार पटेल एवं बागबाहरा थाना प्रभारी निरीक्षक महेश साहू ने आज 29 अक्टूबर रविवार की शाम बागबाहरा थाने में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कोमाखान थाने के अंतर्गत छग एवं ओड़िशा सीमा पर स्थित ग्राम टेमरी निवासी उपसरपंच राधेश्याम साहू के घर बीती 27 अक्टूबर की रात्रि में गांव के आरोपी युवक मनोज कुमार ठाकुर उर्फ़ पुन्नालाल ठाकुर एवं बाल कुमार ठाकुर ने आपसी रंजिश एवं जमीन संबंधी विवाद के चलते उसके घर के पीछे गन पाउडर का विस्फोटक बना कर बिजली तार के माध्यम से ब्लास्ट किया गया था। जिससे उसके घर के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए थे। तथा घर वाले इस घटना से भयभीत हो गए थे। प्रार्थी गजेंद्र साहू 28 वर्ष पिता राधेश्याम साहू (उपसरपंच टेमरी) निवासी ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात्रि में हम सभी लोग भोजन करने के बाद सोए हुए थे। तभी अर्ध रात्रि में करीब डेढ़ बजे घर के पीछे भाग से बहुत तेज आवाज़ से फटाका फूटने की आवाज़ आई। तब प्रार्थी ने अपने घर के छत पर चढ़कर घर के पीछे विस्फोटक होने वाली जगह को देखा, तो वहां पर केवल धुंआ ही धुंआ नज़र आ रहा था। तथा फटाका बारूद जैसे महक धुंए से आ रही थी। तब प्रार्थी अपने घर के पीछे जाकर देखा तो घर का पिलर टूट गया था , एवं प्लास्टर क्षतिग्रस्त होकर झड़ गया था। तथा घर के अंदर के बाथरूम का टाइल्स एवं पूजा रूम का फाल्स सीलिंग मौके पर टूटकर गिर गया था। इस विस्फोट से निश्चित ही अगर कोई व्यक्ति होता तो गंभीर चोट आ सकती थी। इस सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी कोमाखान थाना प्रभारी द्वारा तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियो को देकर अवगत कराई गई। जिस पर कोमाखान थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमाँक 123/2023 धारा 436, 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रार्थी गजेंद्र साहू एवं आसपास के पड़ोसी लोगो से इस घटना के बारे में पूछताछ किया गया। जिसमे पूछताछ के दौरान पता चला कि प्रार्थी का विवाद माह अक्टूबर 2023 को जमीन संबंधी को लेकर हुआ था। उसके एक दिन पूर्व आरोपी मनोज कुमार ठाकुर के पिता इंदल ठाकुर प्रार्थी के घर के पास जाकर जमीन संबंधी बातों को लेकर विवाद कर रहा था। जिसके खिलाफ प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोमाखान पुलिस ने प्रतिबंधितात्मक कार्यवाही की थी। पूर्व में की गई अपराध पर कोमाखान थाने में काउंटर अपराध कायम कर विवेचना की जा रही थी। इसी अपराध के अवलोकन करने के पश्चात पता चला कि आरोपी युवक मनोज उर्फ़ पुन्नालाल ठाकुर एवं बालकुमार ठाकुर जो ग्राम टेमरी के रहने वाले हैं। घटना दिनांक से मनोज ठाकुर अपने घर में नहीं हैं। तथा उसके साथी बाल कुमार ठाकुर जो अपने घर से नहीं निकल रहा है। उक्त दोनों युवको के चरित्र संदिग्ध पाए जाने पर मनोज ठाकुर को ओड़िशा के ग्राम लुकूपाली में मिला। जिससे पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गई तो बाल कुमार ठाकुर के साथ घटना कार्य करना बताया। तथा घटना में उपयोग की गई सामाग्री बारूद, तार एवं बिजली के तार का प्रयोग कर उपसरपंच राधेश्याम साहू के घर विस्फोट करना बताया गया। उक्त आरोपियों द्वारा टेमरी गांव में 27 अक्टूबर की रात्रि में शरद पूर्णिमा के अवसर पर नाचा गम्मत कार्यक्रम रखा गया था। गांव वाले उस कार्यक्रम को देखने रात में चले गए थे। आरोपियों ने सुन्सान एवं सही समय मिलने से प्रार्थी के घर के पीछे जाकर उक्त विस्फोटक सामाग्री का विस्फोट कर दिया था। उक्त दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने अपना अपराध कबूल किया। इस मामले के सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे तथा नवपदस्थ एसडीओपी बागबाहरा डॉ. यूलैंडन यार्क के निर्देशन में कोमाखान थाना प्रभारी रामावतार पटेल, टूहलु पुलिस चौकी प्रभारी राजीव नाहर, एएसआई शिव प्रसाद सिंह, आरक्षक पंच राम जांगड़े, शंकर सिंह ठाकुर, तरुणी भोई, कृष्णा पटेल, दानवीर ठाकुर आदि पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## फर्जी सर्जन को बुलाकर कराया ऑपरेशन, हॉस्पिटल सील संचालक व मैनेजर गिरफ्तार

**मुंगेली,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के लोरमी पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्यवाही की है दरअसल घटना बीते एक दिन पहले की है जहां लोरमी थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल आन्या में 23 वर्षीय प्रसूता शारदा राजपूत की दर्दनाक मौत हो गई थी. इस पूरे मामले में परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। जिसकी सूचना पर मुंगेली कलेक्टर ने भी मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं तो वही लोरमी एसडीएम पार्वती पटेल की मौजूदगी में फर्जी आधार पर संचालित आन्या अस्पताल को सील करते हुए अस्पताल के संचालक महेंद्र साहू व मैनेजर जितेंद्र साहू को लोरमी पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**NECC**

| 30.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 5.30 | 90 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 105 | 195 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## उल्टा पुल्टा

प्रेमिका अपने प्रेमी से- एक बात बताओ जब वजन, लंबाई, चौड़ाई यह सब नापने के लिए मानक हैं तो प्यार, दोस्ती और विश्वास नापने के लिए कुछ क्यूं नहीं है?
प्रेमी (काफी देर तक लड़की की तरफ देखने के बाद)- देख, दिमाग मत खा, मैं पहले ही फिजिक्स में फेल हूं।



# प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

## संपादकीय

### केजी से पीजी मुफ्त शिक्षा

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान महत्वपूर्ण है जिसमें पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर वह फिर सरकार बनाती है तो केजी से पीजी यानी स्नातकोत्तर कक्षाओं तक की शिक्षा सभी को मुफ्त में देगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इससे प्रदेश की साक्षरता दर में व्यापक सुधार होगा और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा प्राप्ति से सब के लिये जीवन निर्वाह के अवसर मिल सकेंगे।

2011 की जनगणना के मुताबिक राज्य में साक्षरता दर 70 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है जिसमें 80 फीसदी पुरुष एवं 60 प्रश महिलाएं हैं। पिछले 5 वर्षों में यानी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा पर बहुत ध्यान दिया गया है। इसमें महिला शिक्षा और अंग्रेजी स्कूलों पर विशेष फोकस किया गया है। इस दौरान भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार ने 19000 करोड़ रुपये इस क्षेत्र में खर्च किये हैं। यह राशि अनेक राज्यों के मुकाबले कुल बजट के प्रतिशत के लिहाज से काफी अधिक है जो एक अच्छा संकेत है।

निशुल्क शिक्षा का छत्तीसगढ़ के लिहाज से बहुत महत्व है क्योंकि यह मूल रूप से एक परम्परावादी समाज है जहां बच्चों को, विशेषकर लड़कियों को सीमित कक्षाओं तक पढ़ाकर स्कूल से निकाल लिया जाता है। ऐसे पालकों एवं अभिभावकों का मानना है कि चूंकि लड़कियों को उम्र होते ही ब्याह देना है, इसलिये उन्हें अधिक पढ़ाना व्यर्थ है। शिक्षा अधूरी छोड़ने वालों में लड़कियों का औसत ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। वैसे पढ़ाई के खर्च के चलते लड़के हों या लड़कियां, बड़ी संख्या में दोनों को ही शालाएं छोड़नी पड़ती हैं। अगर दो बच्चों में एक को ही पढ़ाने की क्षमता पालकों-अभिभावकों की होती है तो वरीयता लड़के को मिलती है। चाहे वह पढ़ाई में अच्छा हो या न हो। लड़कियां पढ़ाई में कितनी भी अच्छी हों, उनकी ही पढ़ाई छुड़वाई जाती है। ऐसा नहीं कि अधिक बच्चों के अभिभावकों को ही खर्च उठाने की समस्या होती है। कम हों या इकलौती संतान होने पर भी शिक्षा पर बड़ा खर्च होता है। इसलिये यह घोषणा जनहित में है। अगर कांग्रेस जीतती है और उसे यह योजना लागू करने का मौका मिलता है तो कह सकते हैं कि इससे प्रदेश की साक्षरता की दर बढ़ेगी। जिस तरह से वर्तमान सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिखाया है, उससे आशा की जा सकती है कि कांग्रेस सरकार को अवसर मिला तो राज्य में हर किसी के लिये निशुल्क शिक्षा की राह प्रशस्त होगी। उम्मीद है कि इससे बच्चों में अधिकतम शिक्षा हासिल करने की इच्छा जाग्रत होगी। साथ ही, पालकों एवं अभिभावकों का बच्चों पर अध्ययन का खर्च घटेगा जो एक बड़ी राहत होगी।





# विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में बस्तर पुलिस

## शहर के चप्पे-चप्पे में और ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है फ्लैग मार्च

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीना के नेतृत्व में बस्तर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए पुलिस की तरफ से सभी उपाय किए जा रहे हैं। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर व भय के निष्पक्ष और निर्भीक रुप से कर सकें, इसके लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी माकूल प्रबंध किए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के द्वारा बस्तर पुलिस के जवान और सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, बीएसएफ एवं आरपीएफ के जवानों को चुनाव से संबंधित जरूरी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, साथ-ही-साथ पुलिस जवानों को चुनाव के तहत चौकसी के साथ कर्त्तव्य का निर्वाहन करने की और सुरक्षा के लिए बेहतर ढंग से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। शहर के चप्पे-चप्पे में और ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बस्तर पुलिस के जवानों के साथ-साथ सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी एवंआरपीएफ के जवान शामिल हैं। शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, आम लोगों में विश्वास जगाने और असमाजिक तत्व एवं गुंडा बदमाशों में कानून का डर बनाने को लेकर लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बस्तर जिला पुलिस बस्तर जिला के मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील करता है, साथ-ही-साथ अगर कोई व्यक्ति अफ़वाह फ़ैलाता है या किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को जरूर दें।

**फ्लैग मार्च में बस्तर पुलिस के साथ-साथ सीआईएसएफ, आरपीएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी के जवान हैं शामिल**

# 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। गाँधी नगर वार्ड में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने के आरोपी प्रकाश नाग पिता जगरनाथ ने बताया की वह गांजा विक्रय करने के लिए ग्राहक का इंतजार करना बताकर 20 कि. ग्रा. गांजा जिसका बाजार मूल्य 2,लाख रूपये को पेश करने से जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बोधघाट जगदलपुर में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# नारी शक्ति और सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ करवाएं मतदान : कलेक्टर



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान कर्मियों की द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर के विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में नारी शक्ति और सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ मतदान करवाएं, इस पर्व में मतदान कर्मी के रूप में सहभागिता निभाने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति द्वारा संचालित संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे इसलिए इन मतदान केंद्रों के बेहतर तरीके से निर्वाचन सम्पन्न करने के लिए प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को समझें। श्री विजय ने सभी मतदान कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए बिना विघ्न के मतदान सम्पन्न करवाने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने कहा कि संगवारी मतदान केंद्र में महिला पुलिस कर्मियों को भी सुरक्षा के लिए तैनात करने की पहल की जाएगी। इस प्रशिक्षण को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता, चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक सुदेश कुमार मोखटा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम और मतदान कर्मियों के द्वारा डाकमत से मतदान करने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कांग्रेस वोट की राजनीति करने धर्मांतरण व मतातंरण को कर रही प्रोत्साहित



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओड़िशा कालाहांडी के सांसद बसंत कुमार पण्डा ने रविवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि कांग्रेस पार्टी वोट की राजनीति करने तुष्टिकरण को आधार बनाकर धर्मांतरण व मतातंरण को प्रोत्साहित कर रही है। भाजपा ईसाईयों व मुस्लिमों से भी प्यार करती है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण का भी समर्थन करते हैं, लेकिन कानून के तहत हो और धर्मांतरण के नाम से राष्ट्रांतरण न हो। भाजपा अवैध धर्मांतरण का विरोध करती है। बस्तर में भी अवैध धर्मांतरण कांग्रेस के शासनकाल में जोर-शोर से हुआ है, लेकिन कांग्रेस के पीसीसी अध्यक्ष बस्तर से हैं, उन्हें खुले मंच से स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जी 20 में विश्व के 257 देश शामिल हुए, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि हम विश्व मित्र हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रवादा को बोलबाला हो रहा है। पण्डा ने कहा कि कानून को धोखा में रखकर धर्मांतरण करना गलत है। नार्थ ईस्ट में 92 प्रतिशत ईसाई रहते हैं, लेकिन वहा भाजपा की सरकार बनीं। वहां के लोग कहते हैं कि उन्हें धोखा में रखकर भाजपा के प्रति दुर्भावना पैदा किया जा रहा था। केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद उनके क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बस्तर की संस्कृति के साथ कुठाराघात न करे, अन्यथा आने वाले समय में गंभीर समस्या उत्पन्न होगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे, रूपसिंह मंडावी, देवीचंद संचेती, आलोक अवस्थी व संग्राम सिंह राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कर रही अच्छे कार्य : अंशुल अविजीत



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अविजीत ने रविवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार गरीबों का पैसा लेकर अमीरों को देती है। वहीं अब देश की सम्पति को उद्योगपतियों को सौंपने का काम कर रही है और बस्तर का नगरनार स्टील प्लांट भी विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद अपने उद्योगपति मित्रों को सौंप देंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2018 में सियासत बदला तो बस्तर में भी बदलाव आया। कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उन वादों को निभाया। छत्तीसगढ़ और आदिवासियों की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम पांच साल में भूपेश सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पांच साल में शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ किसानों व मजदूरों के लिए भी योजना बनाकर बेहतर काम किया है, इसलिए किसान व आमजन का भरोसा कांग्रेस पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राहल गांधी ने एक दिन पहले ही यह घोषणा कर दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा और प्रति एकड़ 20 चिंटल धान की खरीदी की जाएगी। साथ ही अब तेन्दूपत्ता संग्राहकों को भी प्रति मानक बोरा 4400 रूपए दिए जाने का घोषणा किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में अब तक आम जनगणना भी नहीं हुआ है, लेकिन कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना करने का घोषणा किया है। जातिगत जनगणना से जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी भागीदारी होगी। इस दौरान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, यशवर्धन राव, शकील रिजवी, जावेद खान, अवधेश झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# शहर के अलग-अलग जगहों में जुआ खेल रहे 8 जुआरी रंगे हाथ पकड़े गए



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जुआ, सट्टा पर अभियान चलाकर जुआरियों पर कार्यवाही करने में सफलता मिली है। शहर में मैत्री संघ गली, कुम्हारपारा भवानी चौक एवं जमाल मिल गली में कुछ जुआरी ताश के पत्तों पर रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम द्वारा रेड कार्यवाही के दौरान 3 अलग-अलग स्थानों पर 8 जुआरियों जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनसे कुल 15,000/- रुपए मौके पर जप्त किया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

# डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर्मियों ने किया मताधिकार का उपयोग



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान कार्य हेतु संलग्न अधिकारी- कर्मचारियों को डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है। विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान दल के द्वितीय चरण प्रशिक्षण के दौरान रविवार को पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक,दो और तीन द्वारा डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान किया गया। इस मौके पर कलेक्टर विजय ने सुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। ज्ञात हो कि इस सुविधा केंद्र के माध्यम से मतदान करवाने में संलग्न मतदान कर्मियों के द्वारा दो दिन 31 अक्टूबर 2023 तक प्रात: 10 बजे से सांयकाल 05 बजे तक विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर के कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-003 में विधानसभा क्षेत्र 85 बस्तर, कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-004 में विधानसभा क्षेत्र 86 जगदलपुर, कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-005 में विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट तथा कक्ष क्रमांक बी 3-009 में विधानसभा क्षेत्र 84 नारायणपुर के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया जा सकेगा।

**विद्या ज्योति स्कूल में स्थापित सुविधा केन्द्र पर आगामी दो दिन, 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे मतदान**

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पहली बार आयोजित हुआ जिला बाल पथ संचलन





- नगर में स्वयंसेवको ने किया शस्त्र पूजन
- युवाओं में भारत माता की रक्षा करने भरा गया जोश
- पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने स्वयंसेवकों पर की पुष्प वर्षा

**बचेली/ गीदम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में व्यवसायिक नगरी गीदम में परंपरा अनुसार विजयदशमी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के प्रांगण में किया गया। विजयादशमी उत्सव की शुरुआत में सर्वप्रथम भगवाध्वज लगाकर उसका पूजन और शस्त्र पूजन कर अमृतवाणी व देश भक्ति गीत गाया गया। स्वयंसेवको द्वारा शारीरिक कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संघ चालक जितेंद्र सिंह भदौरिया, जिला संघचालक मायादीन गुप्ता, पतंजलि योग पीठ के जिला संयोजक पारस ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। वही मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत प्रचार प्रमुख संजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन किया गया इस मौके पर सह विभाग कार्यवाह, नगर, खंड कार्यवाह समेत स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकगण उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुये मुख्य वक्ता संजय कुमार ने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व विजयादशमी के दिन ही वर्ष 1925 में महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की गई थी। जिसका उद्देश्य समाज के अंदर सुप्त अवस्था मे पड़ी समाज की शक्ति को पुन: जागृत कर अपने देश को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना था। और समाज मे सदाचार, धर्म और शान्ति को स्थापित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर आज भी संघ सतत प्रयत्नशील है। संघ देश व समाज को जोड़ने का कार्य करता है। संघ के स्थापना दिवस को विजयादशमी उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कलेक्टर ने गुमलवाड़ा के मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. रविवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्र के गुमलवाड़ा के मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुँचे थे। उन्होंने मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले निर्वाचन में गुमलवाड़ा में 84 प्रतिशत मतदान किया गया था, इस पर कलेक्टर ने मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता की सराहना की। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने इससे पूर्व जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के वनरेबल मतदान केंद्रों प्राथमिक शाला फ्रेजरपुर, प्राथमिक शाला जाटम, प्राथमिक शाला नानगुर मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों के सामने मतदान केंद्र की पूरा विवरण का उल्लेख करने वाली जानकारी को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ भी उपस्थित थे।

**ग्रामीणों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील**

# अब 5300 से 5500 रुपए क्विंटल, लाई में, आई गर्मी

**भाटापारा,** 29 अक्टूबर। कीमत तेज जरूर है, लेकिन बिक्री का नया कीर्तिमान बना सकती है लाई। होलसेल डिमांड अंतिम चरण में, तो रिटेल की मांग, अगले सप्ताह तक पूरा होने की संभावना है। बाद के दिनों में उपभोक्ताओं तक पहुंच आसान की जा सकेगी।

दीपोत्सव के लिए लाई उत्पादन करने वाली इकाइयों में काम अंतिम चरण में पहुंचता नजर आ रहा है। होलसेल काउंटरों तक पहुंच के बाद, अब बारी है रिटेल काउंटर की, जिसकी खरीदी निकलने लगी है। पहली बार ईकाइयां स्वीकार कर रहीं हैं कि तैयार उत्पादन की कीमत ज्यादा है। साथ में यह भी कह रहीं हैं कि बाजार बीते साल की तुलना में ज्यादा अच्छा है।

**इसलिए तेज**

लाई बनाने के लिए आमतौर पर सफरी धान की जरूरत होती है लेकिन मांग के अनुरूप उपलब्धता नहीं है। इसलिए महामाया धान से लाई बनाई जा रही है। जिसकी कीमत इस समय 2300




से 2350 रुपए क्विंटल पर बोली जा रही है। भरपूर उपलब्धता के बावजूद, खरीदी दर ऊंची होने की वजह से लाई में गर्मी है। इसके बावजूद बेहतर है, लाई में मांग।

**होलसेल अंतिम चरण में**

होलसेल काउंटरों की डिमांड अंतिम चरण में है। अब बारी है रिटेल की। जिसकी खरीदी दीपोत्सव के एक सप्ताह पहले तक चलने की संभावना है। बाद के दिन खुले बाजार के होंगे। जहां से उपभोक्ताओं की खरीदी हो सकेगी। जैसे संकेत मिल रहे हैं, उसके अनुसार इस वर्ष लाई में ग्रामीण क्षेत्र की मांग लगभग दोगुनी होने की संभावना है।

**ऐसे हैं भाव**

5300 से 5500 रुपए क्विंटल। थोक में इस भाव पर हो रही खरीदी के बाद खुदरा बाजार, लाई की बिक्री 60 से 70 रुपए किलो की दर पर कर रहा है। आउटर एरिया और ग्रामीण क्षेत्रों में 80 से 100 रुपए किलो की दर पर उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। इसके बावजूद हल्की तेजी के संकेत हैं।

# आरंग में भाजपा को झटका, सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



**आरंग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग में टिकट चयन के बाद से भाजपा को एक के बाद झटके मिल रहे है।पहले प्रत्याशी चयन को लेकर कार्यकर्ताओ में भारी नाराजगी के बाद अब भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी द्वारा उपेक्षा का शिकार हो रहे है।शायद यही कारण है कि भाजपा के कार्यकर्ता अब आरंग विधानसभा क्षेत्र में पिछले 05 सालों में मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया द्वारा किये गए विकासकार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे है।इसी कड़ी में आरंग विधानसभा क्षेत्र के 10 गांवों से भाजपा के सैकड़ो युवाओं ने जनपद सदस्य संजय चेलक,ग्राम पंचायत बाना के पूर्व सरपंच चम्मन साहू,संजय साहू,अजय सोनवानी के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थाम लिया है।ये सभी युवा भाजपा में हुए टिकट वितरण,भाजपा में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण पार्टी से नाराज चल रहे थे।कांग्रेस में शामिल होने के बाद इन युवाओं ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने हर कार्यकर्ताओ का ध्यान रखती है।डॉ.डहरिया ने क्षेत्र में विकास के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ताओ के सुख-दुख में साथ दिया है।कार्यकर्ताओ के लिए समर्पित रहने वाले पार्टी में शामिल होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले युवाओं में आरंग क्षेत्र के बाना, बनरसी, कोसरंगी, चकवे, बोहारडीह, परसाडीह, करमंदी, परसकोल, बड़गांव, गुमा के है।

# प्रेस क्लब का राजीव तिवारी अध्यक्ष व पुरोहित सचिव मनोनीत



**भाटापारा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रेस क्लब संरक्षक संजीव तिवारी के मार्ग दर्शन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया प्रेस क्लब सदस्यों ने एक राय में वरिष्ठ पत्रकार राजीव तिवारी को अध्यक्ष व श्याम सुन्दर पुरोहित को सचिव मनोनीत किया उक्त अवसर पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारी को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी ।जिसमे मुख्य रुप संजीव तिवारी , सत्यनारायण पटेल ,राजेश शर्मा ,मनिंदर सिंह गुम्बर ,विनोद शर्मा , राजकुमार मल ,शंकर लाल सोनी ,आशीष जायसवाल,विरेन्द्र उपाध्याय, आयशा खान,ललित तिवारी, शत्रुघ्न साहू, हारुन रजा,समीम खान,सोनवानी आदि उपस्थित रहे ।

# साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक

**नवापारा राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। समिति के बैठक में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष एन टी राठौड़ समस्त गुजराती मोढ मोदी समाज के महामंत्री हसमुख भाई मोदी एवं मंत्री सुनील भाई सुपारी वाला अहमदाबाद गुजरात छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष द्वय भुनेश्वर साहू मालक राम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे समिति के बैठक में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के माटी के लाल श्री रघुवर दास जी को भारत सरकार के द्वारा उड़ीसा प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त किया गए हैं जिस देश भर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य के साहू समाज के लोग भी गौरांवित हैं महामहिम राज्यपाल का धर्मनगरी राजिम में सामाजिक सम्मान समारोह एवं माह जनवरी 2024 में युवक युवती परिचय सम्मेलन कराए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राठौड़ ने कहा कि पूरे देश भर में सामाजिक संगठन है और संगठन के माध्यम से समाज के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है सभी सामाजिक संगठनों का निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने का उद्देश्य होना चाहिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं नि:शुल्क शिक्षा का प्रबंध भी समाज के द्वारा किया जाना चाहिए गरीब तबके के लोगों को आगे एवं ऊपर उठने के लिए आर्थिक सहयोग करना होगा अर्थात निस्वार्थ सेवा भाव से ही समाज आगे बढ़ेगा बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष लाला साहू संरक्षक डॉ महेंद्र साहू रूपेंद्र साहू बालाराम साहू उपाध्यक्ष उमा साहू नूतन साहू डॉ राधेश्याम साहू बोधन साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव मिंजून साहू लोकनाथ साहू श्याम साहू महामंत्री रामकुमार साहू सोहन साहू संगठन मंत्री मिश्रीलाल साहू गोपाल साहू खोमन साहू अमृत साहू छवि साहू सहसचिव ठाकुर राम साहू तरुण साहू सागर साहू युवा प्रकोष्ठ के किशन साहू महिला प्रकोष्ठ के सुनीति साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश साहू उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू पूर्व अध्यक्ष नंदू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे एवं बैठक का संचालन महासचिव मिंजुन साहू ने किया.



**उड़ीसा के राज्यपाल महामहिम रघुवर दास का होगा सामाजिक सम्मान समारोह**

# पारागांव में ट्रक की चपेट में आने से मृत वीडियो ग्राफ़र के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**अरंग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत 20 अक्टूबर को अस्थायी चेक पोस्ट(स्थैतिक निगरानी दल) पारागांव में अनियंत्रित ट्रक के द्वारा निर्वाचन ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल होकर मृत धनंजय धीवर निजी वीडियोग्राफर की घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी एवम् कलेक्टर रायपुर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने निर्वाचन नियम प्रावधान के अंतर्गत 15 लाख रुपए की एक्सग्रेशिया राशि स्वीकृति की अनुशंसा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से की थी। जिस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तत्काल संज्ञान में लेकर 15 लाख रुपये की स्वीकृति दे दी है।जिसे रिटर्निंग ऑफिसर डॉक्टर अतुल विश्वकर्मा ने चेक के माध्यम से मृतक के पिता इंद्रकुमार धीवर को प्रदान करते हुए उन्हें एवम परिवार को शोक सांत्वना प्रकट की।आपको बता दे कि नेशनल हाईवे 53



पर ग्राम पारागांव में अनियंत्रित ट्रक क्रमांक छ्त्06 त्क्क 5155 के द्वारा चेक पोस्ट नाकाबंदी पॉइंट में स्थापित टेंट एवं स्टॉपर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया गया था जिसमें गंभीर रूप से घायल वीडियोग्राफर धनंजय धीवर को तत्काल आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित किया,जबकि प्रधान आरक्षक को भी चोटे आई थी। घटनास्थल का आईज़ी, कलेक्टर और एसपी ने स्वयं दौरा किया था और अस्पताल पहुँच कर परिजनों को ढाढ़स बँधाया था।

# मतदान कर्मचारियों का शांति पूर्ण मतदान के लिए प्रशिक्षण

**सरायपाली** 29 अक्टूबर( देशबंधु)कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन, रिटर्निंग ऑफिसर ओंकारेश्वर सिंह ,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनोज खंडे, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू ,अति.तहसीलदार जुगल किशोर पटेल ,नायब तहसीलदार राम लखन चौहान के मार्गदर्शन और मतदान दल प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी बीईओ प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक नोडल अधिकारी बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल के नेतृत्व में आईईएमबीएच उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटेला में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। विकासखण्ड सरायपाली में प्रथम चरण 17 अक्टूबर 2023 को पीठासीनअधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय चरण में संगवारी मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त महिला पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारीयों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार तृतीय चरण में मतदान अधिकारी क्रमांक 2 अधिकारी क्रमांक 3 को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।



कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि मतदान दल में निर्वाचन कार्य संपन्न कराने नियुक्त पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर, स्वतंत्र निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान पूर्वक सुनकर अमल में लाएं। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया। ईवीएम ,वीवीपैट और बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित करके देखने को कहा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को कहा कि मतदान करने में होने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में अच्छे से जानकारी देते हुए समस्या का समाधान करें। कलेक्टर ने कहा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों को संगवारी मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए संगवारी मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। संगवारी मतदान केंद्र पर सुरक्षा से लेकर मतदान करने तक की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है। इसका उद्देश्य महिला को वोट देने ,मतदान केंद्र तक ले आने की एक अच्छी पहल है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो सके। सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में उत्साह पूर्वक भाग लेने को कहा।




## सीएम से मुलाकात

**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबंधु)। प्रदेश कांग्रेस परिवार के मुखिया भूपेश बघेल ने महासमुंद कांग्रेस परिवार की कार्यकर्ता और महासमुंद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग को बुलाकर महासमुंद के विकास का आश्वासन और आशीर्वाद दिया है। महिलांग परिवार के मुखिया त्रिभुवन महिलांग के महासमुंद विधानसभा के साथ.साथ जिले में उनके प्रभाव को देखते हुए सभी चारों विधानसभा सीट में जीत की जिम्मेदारी सौपी है।

# अहंकार रुपी रावण का किया गया वध, रामलीला का हुआ मंचन

**खरोरा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयदशमी का पर्व असत्य पर सत्य की विजय और बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक का पर्व है । इस पर्व पर अहंकार और घमंड के प प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया ।

विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी क्रिकेट स्टार ग्रुप एवं प्रयास युवा मंच के तत्वावधान में खरोरा नगर में विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण 61 फीट का विशालकाय रावण और कटक (उड़ीसा) से आये जबदस्त आतिशबाजी रही। आदर्श श्री राम लीला मंडली धौराभाठा से आये मंडली वालो की सुमधुर संगीत, मुख्य पात्रों सहित सभी पात्रों का अभिनय और प्रस्तुति अत्यंत ही मनमोहक रहा। लगभग 20 हजार से भी अधिक की संख्या में खरोरा नगरवासियों सहित क्षेत्रवासियों ने इस कार्यक्रम की भव्यता का आनन्द लिये।*



सर्वप्रथम समिति के ही ऊर्जावानके मनमोहक पात्र में तत्पश्चात क्रिकेट स्टार ग्रुप के अध्यक्ष राजा भाटिया लंकापति रावण की भयावह पात्र में पूरे नगर वासियों को बग्गी रूपी रथ में सवार होकर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रदान करने हेतु आमंत्रित करते हुए पूरे खरोरा नगर का भ्रमण किये। रामलीला मंचन कार्यक्रम सर्वप्रथम समिति के वरिष्ठ सदस्यों सहित भगवान श्री राम चन्द्र जी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ।

मिनी स्टेडियम की आसपास मैदान सड़के खचाखच भीड़ से भरी रही । लोगों को पैर रखना जगह के लिए मशक्कत करनी पड़ी रावण दहन को देखने के लिए लोग अपने परिवार के साथ शाम 5ःबजे से पहुंचने लगे थे । हजारों की संख्या में दर्शक इस आकर्षक कार्यक्रम के साक्षी रहे, उपस्थित अतिथियों सहित पासधारी लगभग 3 हजार दर्शकों के लिए कुर्सीयों की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा किया गया था साथ ही जिनके पास, पास नही था उनके लिए मैट की पर्याप्त व्यवस्था समिति द्वारा किया गया था।

आयोजन समिति के द्वारा समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों के द्वारा इस आयोजन में किये गये प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए अनेक अनेक आभार व्यक्त किए साथ ही सदैव साथ, सहयोग व विश्वास प्रदान करने अपेक्षा व्यक्त किये

# इलेक्टोरल रॉल को त्रुटिरहित व शुद्ध बनाने में बरतें पूरी सावधानी-कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को अपने चेम्बर में विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर ईवीएम की कमीशनिंग, पोस्टल बैलट, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति, मतगणना आदि के सम्बंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने त्रुटिरहित व शुद्ध इलेक्टोरल रॉल को महत्वपूर्ण बताते हुए बीटा वर्जन से मिलान कर प्रत्येक मतदाता से सम्बंधित जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए।

**आरओ एवं नोडल अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार ने कहा कि 80 वर्ष की आयु से अधिक, दिव्यांग व कर्मचारियों को पोस्टल बैलट से घर पर मतदान कराने के लिए गठित दल को सेक्टरवार रूट चार्ट बनाकर दें ताकि मतदाता के घर आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलट से मतदान कराने जाने के एक दिन पूर्व मतदाता एवं बीएलओ को सूचना दें ताकि वे पहले से सचेत रहें। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलट से मतदान का समय प्रात: 9 बजे से संध्या 5 बजे तक रहेगा। उन्होंने ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के कार्य की तैयारी के लिए सभी आरओ को पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कमीशनिंग के लिए मास्टर ट्रेनर, सेक्टर ऑफिसर एवं इंजीनियर की ड्यूटी लगाने कहा। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों में उचित स्थान एवं सही केन्द्र पर दीवार लेखन के कार्य को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्वाचन कार्य मे उपयोग हेतु पर्याप्त संख्या में वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सेक्टर अधिकारी, आरओ, एईआरओ एवं राजस्व अधिकारियों के वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर द्वय श्री वीसी एक्का, अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर द्वय अरुण कुमार सोनकर, अंशुल वर्मा सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**नारी शक्ति और सभी...**

की गतिविधि का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी जगदलपुर नंद कुमार चौबे, प्रशिक्षण प्रभारी संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, डाकमत पत्र प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पहली...**

चलाई जा रही है। भारत धर्म प्रधान देश है यहां जीवन का उत्सव हर पल झलकता है। सत्य को कोई नही मिटा सकता हैं, लेकिन इसे स्थापित करने के लिए शक्ति ज़रूरी है। समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले स्वयंसेवको का निर्माण करते हुए आज संघ इतना विशाल हुआ है। हमे भी राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना चाहिए। कार्यक्रम में संघ स्थापना दिवस के संबंध में मुख्य वक्ता ने प्रकाश डाला। इस दौरान बौद्धिक व शारीरिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक, संघ के गणवेश में उपस्थित रहे।

**जिले में पहली बार हुआ बाल पथ संचलन**

छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार दंतेवाड़ा जिले के गीदम में बाल पथ संचलन आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ो नन्हे नन्हे स्वयं सेवको ने देशप्रेम को दर्शाते हुए पथ संचलन में भाग लिया। यह बाल पथ संचलन मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड, हारम चौराहे से वापस कार्यक्रम स्थल शिशु मंदिर प्रांगण पहुंचा। इस कई किलोमीटर लंबे पथ संचलन में नन्हे स्वयंसेवकों ने बराबर भागीदारी निभाई। पथ संचलन में जिले भर से सैकड़ो स्वयं सेवक शामिल हुए।

**पूरे नगर में जगह-जगह हुई फूलों की वर्षा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नगर के मुख्य मार्ग पर पथ संचलन किया इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। वही बचेली से लगभग 70 से 80 स्वयं सेवकों ने भाग लिया!

# जिला सहकारी बैंक के एटीएम मशीन का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबंधु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नवापारा द्वारा कृषि उपज मंडी कॉम्पलेक्स गंज रोड में एटीएम मशीन का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए ब्रांच मैनेजर मो अकील ने बताया कि क्षेत्र के किसानों, अमानतदारों सहित आम जनता को सुविधा देने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंक का एटीएम मशीन स्थापित किया गया है। एटीएम धारी किसानों को अब बैंक आकर अपना पैसा निकालने घंटों इंतजार नही करना पड़ेगा। वे एटीएम मशीन से आसानी के साथ अपने खाते से पैसा निकाल सकते है। बीएम मो अकील ने बताया कि बैंकिंग सेक्टर में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। एटीएम मशीन के माध्यम से किसान अपने खाते की जानकारी जैसे बैलेंस, विड्राल, ट्रांसफर की जानकारी आदि आसानी के साथ प्राप्त कर सकते है। जिन किसानों को नया एटीएम कार्ड मिला है वे एटीएम मशीन से अपना पिन कोड जनरेट कर सकते है। इसके अलावा जो अपने एटीएम कार्ड का पिन नंबर बदलना चाहते है उन्हें पिन नंबर बदलने की भी सुविधा इस एटीएम मशीन से मिल जाएगी। मो अकील ने कहा कि बैंक द्वारा एटीएम की सुविधा देने से त्वरित राशि निकालने का लाभ तो किसानों को मिलेगा ही बल्कि उनका समय भी बचेगा। किसान अपने खर्च के हिसाब से एटीएम कार्ड के माध्यम से राशि आहरण कर सकते है। एटीएम मशीन लगने से किसानों की भीड़ भी अब बैंक में कम होगी।

# कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली



**बिलाईगढ़,** 29 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के नोडल अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश की हैं कि सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय, पंखा, मच्छरदानी, मच्छर अगरबत्ती आदि की व्यवस्था करें। इसके साथ साथ सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नगरीय निकायों में और सीईओ जनपद पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्रों में निजी मकान में होर्डिंग,पोस्टर आदि के सहमति आदि की जानकारी लेकर रिटर्निंग अधिकारी और व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। बैठक में वाहन व्यवस्था, एमसीएमसी, स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), वीडियो निगरानी दल (वीएसटी), मतदान दलों के गठन, रवानगी और वापसी के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा व डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री आशीष बैनर्जी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, विद्युत के प्रभारी अधिकारी नरेंद्र नायक, सीएमओ राजेश पांडेय, माजीद खान आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने जनता को ठगने का काम किया है-गुरु बालकदास

## धर्म में जन भावनाओं का सम्मान होता है

**कोण्डागांव**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज के गुरु व भाजपा के स्टार प्रचारक गुरू बालक दास कोंडागाँव जिले के शिल्प व सांस्कृतिक नगरी कुसमा में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार पंहुचे, जहां ग्रामवासियों के द्वारा धर्म गुरु की पुजा अर्चना कर जोरदार स्वागत किया गया। सर्वप्रथम गुरु बालक दास द्वारा भाजपा प्रत्याशी के साथ ग्राम में स्थापित जयत खाम स्तम्भ में पहुँचकर पूजा अर्चना किया और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की काँग्रेस की सरकार पिछले पाँच वर्षों में प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है, उन्होंने प्रदेश के मुख्य मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले पाँच वर्षों में विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। प्रदेश में बेरोजगारी में वृद्धि हुई, रोजगार देने के नाम पर कुछ लोगों को बे रोजगारी भत्ता देकर बेरोजगार युवक-युवतियों के साथ मजाक किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में छत्तीसगढ़ संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है कहकर, ढ़िंढोरा पीटा जा रहा है। पर छत्तीसगढ़ संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार कोई लाभ नहीं दिया है। प्रदेश की जनता की माली हालत सुधारने के बजाए अपने आकाओं को खुश करने के लिए दूसरे प्रदेश के किसानों को पचास-पचास लाख देने का आरोप मुख्य मंत्री भूपेश बघेल पर लगाया। दिल्ली के कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं से झुठे वादे करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि काँग्रेस की सरकार वादे ही कर रही है, जबकि पिछले वादे अभी तक पूरे नहीं हुए है। केन्द्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को बताया और तारीफ कर कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ आने पर गुरुघासीदास बाबाजी जी के जयकारे करते हैं और प्रदेश जनता के सर्वागीण विकास की बात करते हैं।



भाजपा प्रत्यासी सुश्री लता उसेंडी ने ग्रामीणों के समस्याओं से रुबरू होकर कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार व विधायक मोहन मरकाम विकास का खोखला ढिंढोरा पीटते फिर रहे हैं। आप उनके दस साल के कार्यकाल को देख लिए हैं, वर्तमान सरकार ने पिछले पाँच वर्षों में झुटे वादे कर ठगने का काम किया है, इसलिए काँग्रेस के धोखे में आने की जरूरत नहीं है। प्रदेश की धोखेबाज सरकार हो उखाड़ फेंकना है। इसके लिये 7 नवम्बर को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने लोगों को भाजपा के 15 वर्षों व केन्द्र सरकार कई योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि देश प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के अवधारणा को साकार किये हैं। देश आज चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा के 15 वर्षों के शासनकाल व केन्द्र की मोदी सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे आप सभी परिचित हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को लूटने व ठगने का काम किया है। सत्ता में आने से पूर्व 36 वादे किये थे, वे वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। कोंडागाँव विधान सभा क्षेत्र के किसान की दशा दयनीय हो चुकी है, किसान को बेचे गए धान की रकम निकालने एवं पास बुक एंट्री के लिए कितना धक्का खाना पड़ रहा है, आप लोग भली भांति जान रहे हैं। हर पेषे के आम नागरिक प्रदेश सरकार की नीतियों से परेशान हो चुके हैं। गावों की दशा इन पांच वर्षों में बदतर हो चुकी है, जिले के युवाओं के पास रोजगार नहीं है, रोजगार के तलाश में युवा दूसरे प्रदेश जा रहे हैं। स्थानीय लोंगों की भर्ती नहीं हो रही है, वहीं प्रदेश के पढेलिखे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पीएससी परीक्षा में धांधली कर सरकार के नजदीकी रिस्तेदारों का चयन किया जा रहा है। प्रदेश के युवा राजधानी में नग्न प्रदर्शन करने को विवश हो रहे हैं। काँग्रेस सरकार ने इन पांच वर्षों घोटाला ही किया है। प्रदेश में चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जनता के सुख दुख से काँग्रेस को कोई सरोकार नहीं है, इसलिये समय आ गया है अब प्रदेश की इस सराकर की विदाई कर दी जाय।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, भाजपा उपाध्यक्ष बालकुँवर प्रधान, ईना श्रीवास्तव, के.के.खेलवार, शानू मार्कण्डेय, धंसराज टंडन व सतनामी समाज के पदाधिकारी व ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# चुनावी चौपाल में बोले मोहन मरकाम-सरकार आने पर फिर होगा किसानों का कर्ज माफ

**कोण्डागांव**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री तथा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 83, कोंडागांव के कांग्रेस प्रत्यासी मोहन मरकाम अपने क्षेत्र में लगातार चुनाव में व्यस्त है। शनिवार को उन्होंने विधान सभा क्षेत्र कोंडगांव के विभिन्न एक दर्जन विभिन्न ग्राम पंचायतों में जा कर चुनावी चैपाल लगाई और स्थानीय निवासियों और किसान भाईयों से संवाद किया।



शनिवार की सुबह केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत पलारी ग्राम पंचायत से की, जहां उन्होंने चुनावी चैपाल लगाकर स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें संबोधित किया। ऐसे ही डोंगरीगुड़ा, चिलपुटी, सितली, भोगाड़ी समेत दर्जन भर ग्राम पंचायतों में चुनावी चैपाल लगाई और आम जनता से संवाद किया। ग्राम पंचायत पलारी में मोहन मरकाम ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 साल के काम और कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों की तुलना करते हुए कहा कि राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने प्रदेश को केवल लूटने का काम किया जबकि मौजूदा भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने पच्चीस सौ रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदने, किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ देने, किसानों का कर्ज माफ करने और आदिवासियों को वनभूमि का पट्टा देने समेत कांग्रेस सरकार के कामकाज का उल्लेख करते हुए कहा कि 15 साल के भाजपा सरकार में कुछ काम नहीं हुआ, जबकि पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने वायदे से ज्यादा काम किया है। राजीव युवा मितान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश मेंराजीव युवा समिति बनाया गया है और उन समितियों को हर 3 माह में 25 हजार रुपए का योगदान किया जाता है, ताकि गांव में खेल कूद और कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा सके। उन्होंने ग्राम पंचायत डोंगरीगुडा में कहा कि जब कांग्रेस सरकार किसानों, गरीबों और आदिवासियों के लिए योजना लाती है, तो भारतीय जनता पार्टी के पेट में दर्द होता है। बीजेपी उद्योगपति अडानी और अम्बानी के लाखों करोड़ रूपए का कर्ज माफ कर देती है और हमारी सरकार जब किसानों के कर्ज माफ करती है, तो उसे रेवड़ी कहा जाता है। हमारी सरकार किसानों के हित में कार्य करती है, उनके बारे में सोचते हुए कार्य करती है, ताकि किसान आगे बढ़ सकें। हमारी सरकार किसानों के लिए अच्छा सोचती है। किसानों की चिंता करती है, क्योंकि हमारी सरकार जानती है कि खेती में घाटा होता है, इसलिए उनके कार्य को आसान बनाने का प्रयास करती है, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और किसान भाई अपनी खेती बिना किसी परेशानी से अच्छे से कर सकें। मोहन मरकाम ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर फिर से किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। कांग्रेस सरकार के प्रयासों से राज्य के किसान खुशहाल हुए हैं। उनके हाथ में पैसा आया है और वे आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। मोहन मरकाम ने ग्राम पंचायत पल्ली में कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल में राज्य के गांवों में ट्रैक्टरों की संख्या एक से दो हुआ करती थी, किंतु हमारी सरकार बनने के बाद छग के हर गांव में दस से पन्द्रह ट्रेक्टर आ गए हैं।

# केशकाल विधान सभा क्षेत्र के मतदान दलों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

**कोण्डागांव**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। केशकाल विधान सभा क्षेत्र के मतदान दलों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया और इस दौरान कलेक्टर द्वारा मतदान अधिकारियों की तैयारियों की जांच हेतु मतदान के सम्बंध में व्यवहारिक सवाल भी किए गए।

विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के लिए कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के मतदान दलों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। बड़े कनेरा मार्ग स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण का जायजा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने लिया और इस दौरान मतदान अधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सवाल पुछे। श्री सोनी ने इस अवसर पर सभी मतदान अधिकारियों को कहा कि उन्हें मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण के साथ ही पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका अच्छी तरह अध्ययन किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही निर्वाचन सामग्री के साथ चेकलिस्ट भी प्रदान की जाएगी, जिसमें सभी महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान की प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका होने पर वे मास्टर ट्रेनर्स से समाधान कर सकते हैं। कलेक्टर ने यहां दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा पिंक बुथ में तैनात होने वाले मतदान दल के अधिकारियों के प्रशिक्षण का भी जायजा लिया और भलीभांति प्रशिक्षण प्राप्त करने पर जोर दिया।



## कलेक्टर ने किए व्यवहारिक सवाल, मतदान के सम्बंध में

**दिखा मतदान का उत्साह**

प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र डालने की व्यवस्था भी की गई थी। यहां केशकाल, कोंडागांव और नारायणपुर क्षेत्र के लिए मतदान की अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। मतदान के लिए महिला एवं दिव्यांग सहित सभी कर्मचारियों में उत्साह दिखाई दिया। इसके साथ ही दूसरे जिले में सेवारत इस जिले के मतदाताओं को भी यहां डाक मतपत्र से मतदान का अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मतदान की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण के उपरांत भी मतदान कराने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोण्डागांव के निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**कोण्डागांव**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त कोण्डागांव जिले की दोनों विधान सभाओं केशकाल एवं कोण्डागांव के व्यय प्रेक्षक डॉ.दिनेश कुमार जाँगिड द्वारा रविवार को कोण्डागांव और केशकाल के विभिन्न चेकपोस्टों पर तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। विधान सभा चुनाव हेतु लागू आचार संहिता का पालन करवाने और तय सीमा के भीतर खर्च को नियंत्रित रखने के लिए बनाये गए स्थैतिक निगरानी दलों के सदस्यों से प्रेक्षक द्वारा जानकारी लेते हुए उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। ज्ञात हो जिले में आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी के लिए अठारह उड़नदस्ते भी तैनात किए गये हैं। डॉ.जांगिड ने घोड़ागाँव,



## घोड़ागाँव, गम्हरी, उरंदापाड़ा, हीरापुर के चेकपोस्टों का

गम्हरी, उरंदाबेड़ा, हीरापुर आदि स्थानों पर तैनात निगरानी दलों का निरीक्षण किया और वहाँ तैनात कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए उनकी भूमिका को रेखांकित किया। व्यय प्रेक्षक द्वारा लगातार पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर सभी निर्वाचन कार्यों का अवलोकन किया जा रहा है।

# सुने घर से चोरी, चोरों ने नगद और जेवर ले उड़े

**पिथौरा** / नगर में पुष्पवाटिका समीप साहू निवास मे अज्ञात चोरों ने घर के आलमीरा में रखे सोने , चांदी के जेवर सहित नगदी पार कर दी पीड़ित ने थाना पहुँच चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के पुष्पवाटिका समीप महेंद्र साहू निवास में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के आलमीरा में रखे एक जोड़ी चांदी के पायल , सोने के मंगल सूत्र में पहने जाने वाले सोने के 5 नग गेहूँ दाना सहित 7 हजार रुपये नगद पार कर दी । पीड़ित महेंद्र साहू ने बताया कि वे 28 की सुबह 11 बजे अपनी बहन के यहाँ कमरौद महासमुंद परिवार के साथ गये हुये थे आज 29 को जब वे शाम 4.30 बजे घर पहुँचे तो दरवाजा टूटा मिला अंदर पहुँचने पर आलमीरा खुला मिला आलमारी में रखे जेवर , नगद गायब थे , घर का सामान अस्त व्यस्त पड़े मिले थे । प्रार्थी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही की माँग की है ।



# सुरेश चंद्राकर को बनाया गया जगदलपुर सुकमा दंतेवाड़ा जिलों का प्रभारी

**बीजापुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुसूचित जाति विभाग जिला प्रभारियों की सूची जारी की है। इस सूची में जय माता मरई महार समाज जिला इकाई के अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को तीन जिलों का प्रभारी बनाया गया है । यह सूची छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल ने जारी किया है। सुरेश को जगदलपुर, सुकमा और दंतेवाड़ा की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा चुनाव से कुछ दिनों पहले सुरेश को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुसूचित जाति विभाग की संगठन एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी। नई जिम्मेदारी मिलने पर सुरेश ने भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व और विधायक विक्रम मंडावी का आभार जताया था।



सुरेश वर्तमान में जय माता मरई महार समाज के जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए है। सुरेश चंद्राकर ने कहा है की मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करूँगा ।

# शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों में आज किया गया पौधारोपण

**पिथौरा, 29 अक्टूबर** (देशबंधु) डाक परिमंडल रायपुर के निर्देश पर संभाग के सभी उप डाकघरों एवं ग्रामीण डाकघरों में आज रविवार अवकाश होने के बाद भी स्वच्छता और पर्यावरण की सुंदरता के तारतम्य में पौधारोपण किया गया महासमुंद संभाग के उप संभागीय डाक निरीक्षक श्री सुरेंद्र साहू एवं सरायपाली उप संभाग के डाक निरीक्षक श्री दीपचंद पुरी के निर्देश पर सभी डाकघरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामीण डाकघरों के ग्रामीण डाक सेवक बीपीएम,एवम ए बीपीएम सहित ग्राम के प्रमुख लोग भी शामिल हुए।



# आरंग विधानसभा में बीजेपी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी

**आरंग**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकासकार्यो ने आरंग की तस्वीर बदल दी है। मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया द्वारा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यो की सौगात दी गई है। यही कारण है कि क्षेत्र के विकास कार्यो से बीजेपी कार्यकर्ता भी काफी प्रभावित है और कांग्रेस पार्टी के प्रति लगाव हो रहा है।



इसी तारतम्य में आज एक बार फिर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के समक्ष मंदिरहसौद, मुनरेठी, बड़े मुनगी से बड़ी संख्या में भाजपा छोड़कर कार्यकर्ता कांग्रेस के शामिल हो गए। कांग्रेस के जिला महामंत्री दिनेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, चंदखुरी सेक्टर अध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी के नेतृत्व में इन कार्यकर्ताओ का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया गया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्ग के लोगो का ध्यान रखती है। मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में आरंग विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए है। विकासकार्यो का सिलसिला लगातार चलता रहे यही सोचकर हम सभी मंत्री डॉ.शिवकुमार के साथ खड़े हुए है। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी और मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया इतिहास रचेंगे। कार्यक्रम में बड़े मुनगी से पंच योगेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जागेश्वर वर्मा, सोनू वर्मा, भरत वर्मा, मनीष वर्मा, मंगतू वर्मा, खूबचंद वर्मा, महेश वर्मा, रमेश वर्मा, राजेश वर्मा, सेवक वर्मा, जगदीश प्रजापति, दाऊ निर्मलकर ग्राम मुनरेठी से नेमन बंजारे, हरिश चेलक, परमेश्वर कुर्रे, सुनील बंजारे, जीवन चेलक, सुभाष चेलक, मंदिरहसौद से हेमलाल टण्डन, मनहरण टण्डन, विक्रम गायकवाड़, प्रवीण सायतोड़, सुनील टण्डन, झम्मन कुर्रे, गोविन्द गायकवाड़ सहित भारी संख्या में कांग्रेस में शामिल हुए।

# अवैध शराब का कोरोबार करने वाले गए जेल

## आरोपी के कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 4000/- रुपये जप्त

**बिलाईगढ़**, 29 अक्टूबर(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल एवं स्ष्ठह्रक्क बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन पर आचार संहिता के लगने उपरांत थाना क्षेत्र में होने वाले अवैध शराब,जुआ,सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व में आज दिनांक 29.10.2023 को मय शासकीय वाहन क्रमांक ष्टत्र 03ु 0226 में थाना प्रभारी के हमराह आरक्षक 238,318 के साथ टाउन देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था, बस स्टैण्ड भटगांव में जरिये मुखबीर सूचना मिला की घसिया पारा भटगांव का एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर गवाहन को धारा 160 जा0फौ0 का नोटिस देकर मौका स्थल पर पहूंचकर आरोपी मनोहर लाल सारथी को प्रयोजन बताकर तलाशी पंचनामा तैयार कर खुद का स्टाफ का एवं गवाह का मनोहर लाल सारथी से तलाशी करवाकर सूचना मिले स्थान का तलाशी लिया। तलाशी में आरोपी मनोहर लाल सारथी के कब्जे में एक भूरा लाल रंग का चेकदार पिट्ठू बैंग के अंदर रखे 50 पाव देशी प्लेन शराब सीलबंद प्रत्येक में 180- 180द्वद्य भरी हुई किमती 4000/रूपये का रखें मिला ।



# शिवसेना ने दिया भाजपा प्रत्याशी को समर्थन

**आरंग**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु) ।छत्तीसगढ़ प्रदेश मे चुनावी सरगर्मी जोरो पर हैं सभी पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित कर मैदान मे उतार चुकी है इसी तारतम्य मे शिवसेना आरंग विधानसभा ने इस चुनाव मे आरंग से अपना प्रत्याशी मैदान मे ना उतारके भाजपा प्रत्याशी श्री गुरु खुशवंत साहेब जी को अपना पूर्ण समर्थन कर रहा है कल आरंग भाजपा द्वारा आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन मे शिवसेना जिला महासचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व मे सभी शिवसैनिको ने पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एवं वर्तमान मे भाजपा सांसद श्री रविशंकर प्रसाद झारखण्ड के प्रवासी विधायक एवं आरंग भाजपा के दिग्गज नेताओं के समक्ष अपना समर्थन दिया जंहा भाजपाजनों ने सभी शिवसैनिको को भगवा गमछा पहना कर सम्मानित किया उक्त कार्यक्रम मे आरंग विधानसभा अध्यक्ष राजा तोड़े उपाध्यक्ष बादल सूर्यवंशी आरंग नगर अध्यक्ष राज दुबे संगठन प्रभारी व्यास सोनकर टेकु देवांगन उजाला जलक्षत्री राकेश चंद्राकर खिलेश साहू सुभाष साहू रोशन ठाकुर धर्मेंद्र धीवर मोहित चक्रधारी नकुल चक्रधारी चमन चक्रधारी सूरज शर्मा जागेश्वर कुर्रे जितेंद्र निषाद कोमल यादव सागर पटेल एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित थे।




# तेजेश्वर कुर्रे पर भरोसा जताया जनता कांग्रेस पार्टी ने

कुरूद 29 नवंबर (देशबंधु )-क्षेत्र के एक सामाजिक कार्यकर्ता तेजेश्वर कुर्रे ने 27 अक्टूबर को अपना नाम निर्देशन पत्रक दाखिल किया. जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने तेजेश्वर कुर्रे थूहा वाले पर भरोसा जताया है और उन्हें कुरूद विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। तेजेश्वर कुर्रे ने हमारे संवाददाता को बताया कि वे अपनी स्वेच्छा और लोगों के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं ।उन्होंने अपने निर्वाचन अभिकर्ता और दो प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन फार्म जमा कर दिया है।



संपादकीय

## केजी से पीजी मुफ्त शिक्षा

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान महत्वपूर्ण है जिसमें पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर वह फिर सरकार बनाती है तो केजी से पीजी यानी स्नातकोत्तर कक्षाओं तक की शिक्षा सभी को मुफ्त में देगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इससे प्रदेश की साक्षरता दर में व्यापक सुधार होगा और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा प्राप्ति से सब के लिये जीवन निर्वाह के अवसर मिल सकेंगे।*

*211 की जनगणना के मुताबिक राज्य में साक्षरता दर 7 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है जिसमें 8 फीसदी पुरुष एवं 6 प्रश महिलाएं हैं। पिछले 5 वर्षों में यानी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा पर बहुत ध्यान दिया गया है। इसमें महिला शिक्षा और अंग्रेजी स्कूलों पर विशेष फोकस किया गया है। इस दौरान भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार ने 19 करोड़ रुपये इस क्षेत्र में खर्च किये हैं। यह राशि अनेक राज्यों के मुकाबले कुल बजट के प्रतिशत के लिहाज से काफी अधिक है जो एक अच्छा संकेत है।*

*निशुल्क शिक्षा का छत्तीसगढ़ के लिहाज से बहुत महत्व है क्योंकि यह मूल रूप से एक परम्परावादी समाज है जहां बच्चों को, विशेषकर लड़कियों को सीमित कक्षाओं तक पढ़ाकर स्कूल से निकाल लिया जाता है। ऐसे पालकों एवं अभिभावकों का मानना है कि चूंकि लड़कियों को उम्र होते ही ब्याह देना है, इसलिये उन्हें अधिक पढ़ाना व्यर्थ है। शिक्षा अधूरी छोड़ने वालों में लड़कियों का औसत ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। वैसे पढ़ाई के खर्च के चलते लड़के हों या लड़कियां, बड़ी संख्या में दोनों को ही शालाएं छोड़नी पड़ती हैं। अगर दो बच्चों में एक को ही पढ़ाने की क्षमता पालकों-अभिभावकों की होती है तो वरीयता लड़के को मिलती है। चाहे वह पढ़ाई में अच्छा हो या न हो। लड़कियां पढ़ाई में कितनी भी अच्छी हों, उनकी ही पढ़ाई छुड़वाई जाती है। ऐसा नहीं कि अधिक बच्चों के अभिभावकों को ही खर्च उठाने की समस्या होती है। कम हों या इकलौती संतान होने पर भी शिक्षा पर बड़ा खर्च होता है। इसलिये यह घोषणा जनहित में है। अगर कांग्रेस जीतती है और उसे यह योजना लागू करने का मौका मिलता है तो कह सकते हैं कि इससे प्रदेश की साक्षरता की दर बढ़ेगी। जिस तरह से वर्तमान सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिखाया है, उससे आशा की जा सकती है कि कांग्रेस सरकार को अवसर मिला तो राज्य में हर किसी के लिये निशुल्क शिक्षा की राह प्रशस्त होगी। उम्मीद है कि इससे बच्चों में अधिकतम शिक्षा हासिल करने की इच्छा जाग्रत होगी। साथ ही, पालकों एवं अभिभावकों का बच्चों पर अध्ययन का खर्च घटेगा जो एक बड़ी राहत होगी।*

उल्टा पुल्टा

**टिंकू ( बुद्धू से )**- बुद्धू, किसी चीज का लंबा-सा नाम बताओ।
**बुद्धू**- रबड़।
**टिंकू** - यह तो बहुत छोटा हैं।
**बुद्धू** - लेकिन इसे खींचकर जितना चाहे लंबा कर सकते हैं।

# चुनाव से स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती अटकी

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की मुश्किलें बढ़ी

**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव से सबसे ज्यादा स्कूली छात्र प्रभावित हो रहे हैं। स्कूल शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लग गई है। उन्हें प्रशिक्षण के लिए आए दिन जिला मुख्यालय आना पड़ता है। उनके आने से संबंधित विषय की पढ़ाई प्रभावित होती है। जिले के 22 पुराने और पांच नए खुले स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में व्याख्याता, प्रधानपाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षक समेत अन्य 71 पदों पर संविदा भर्ती होना है। इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगवाए जा चुके हैं। विधानसभा चुनाव की वजह से प्रदेश में आचार संहिता लगी हुई है। इसी वजह से भर्ती प्रक्रिया को चुनाव तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इन पदों के लिए पांच हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। सबसे ज्यादा आवेदन व्याख्याता और प्रधानपाठक पदों के लिए आए हैं। व्याख्याता और प्रधानपाठक का वेतनमान भी अच्छा है।



**कई स्कूलों में मुख्य विषयों के शिक्षक नहीं**

जिले के कई स्कूल ऐसे हैं जहां पर गणित, भौतिकी, वाणिज्य जैसे मुख्य विषयों के भी व्याख्याता नहीं हैं। चुनाव के बाद स्कूलों में व्याख्याताओं की भर्ती होगी। दो महीने बाद तुरंत बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। ऐसे में छात्रों के समय बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर संकट खड़ा हो गया है। स्कूलों में शिक्षक नहीं होने के कारण छात्रों को पढ़ाने वाला कोई नहीं है। बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को समय मिल जाएगा।

**जिले में 37 स्वामी आत्मानंद स्कूल**

वर्तमान समय में जिले में 32 अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहे हैं। इन पांच स्कूलों के खुल जाने के बाद जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूल 37 हो गए हैं। बीपी पुजारी, आरडी तिवारी और शहीद स्मारक तीन स्कूलों को छोड़कर बाकि 34 स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम की पढ़ाई हो रही है। इसी तरह मायाराम सुरजन, जेआर दानी, जेएन पांडेय और माधव राव सप्रे स्कूल चार हिंदी माध्यम के स्कूल है। हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों को मिलाकर जिले में 37 स्कूलों में पढ़ाई हो रही है।

**दसवीं-12वीं में कई स्कूलों का नहीं खुला खाता**

जिले में खुल रहे पांच नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के लिए काफी संख्या में आवेदन मिले हैं। लेकिन दसवीं.बारहवीं कक्षाओं के लिए आवेदन बहुत कम मिले हैं। कई स्कूलों का खाता भी नहीं खुला है। जिन कक्षाओं में सीटों से ज्यादा आवेदन मिले हैं वहां पर लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा। नए शुरू हो रहे माधवराव सप्रे शाला त्रिमूर्ति नगर भनपुरी इन स्कूलों में पहली से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी।

## आज शाम नहीं खुलेंगे नल

### मरम्मत कार्य के चलते व्यवधान

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा पाईप लाईन लिकेज का मरम्मत कार्य करने एवं बिजली विभाग द्वारा 33 के.व्ही. लाईन में कार्य किया जाएगा। जिससे 30 अक्टूबर की शाम को 30 पानी टंकियाँ भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डी.डी.नगर, ईदगाहमाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सडडू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा, बैरन बाजार नया एवं देवेन्द्र नगर नया ओव्हर हेड टैंक जुड़े क्षेत्रों में 30 अक्टूबर को शाम पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी। वहीं अगले दिन 31 अक्टूबर की सुबह जलापूर्ति सामान्य रूप से की जाएगी।



## डेंटल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स मांगों को लेकर हड़ताल पर

### मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के जूनियर डॉक्टरों ने अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोला है। जूनियर डॉक्टर्स स्टाइपेंड और रूरल पोस्टिंग की मांग को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।



डेंटल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स आज दो सूत्रीय मांग को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। डॉक्टर्स अन्य राज्यों की तरह छात्रवृत्ति में वृद्धि और एम बी बी एस डॉक्टरों की तरह ग्रामीण सेवा पोस्टिंग की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

आंदोलनकारियों का कहना है कि बार-बार ज्ञापन देने के बाद सिर्फ आश्वासन मिला है, समाधान नहीं हुआ है। मजबूरी वस अब अनिश्चितकालीन हड़ताल ही रास्ता है।

## विजय झा काली मंदिर में पूजा कर आज नामांकन भरेंगे

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के रायपुर दक्षिण की प्रतिष्ठापूर्ण विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा को अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया गया है। उनके द्वारा आज दोपहर 12 बजे काली मंदिर में पूजा अर्चन कर माता से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद विधिवत नामांकन भरने कलेक्टर कार्यालय प्रस्थान करेंगे। इसके पूर्व आज पार्टी कार्यालय पंचशील नगर में आपात बैठक आयोजित कर तैयारी की समीक्षा की गई। श्री झा प्रात: दंतेश्वरी मंदिर, महामाया मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सतबहिया माता मंदिर, टूरी हटूरी, हनुमान मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में पूजा अर्चन कर पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे। वहां से एक रैली के रूप में कालीमाता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चन करने के बाद कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन प्रस्तुत करेंगे।

## प्रियंका गांधी आज दुर्ग व बिलासपुर में

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को बिलासपुर में जिले के प्रवास पर रहेंगी, इस दौरान वे एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। पूर्व में यहां प्रियंका गांधी का रोड शो निकालने की तैयारी भी थी, लेकिन वे कल दुर्ग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नामांकन में शामिल होंगी और विलंब विलंब होने की संभावना को देखते हुए बिलासपुर में रोड को रद्द किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा की सभा बिलासपुर जिले के पुलिस ग्राउंड में होगी। तैयारी का कांग्रेस पदाधिकारी और प्रशासन के अधिकारियों ने जायजा लिया है।

# फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

## न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी, नवंबर के दूसरे सप्ताह से बढ़ेगी ठंड



**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है. हवा की दिशा बदल रही है. जिसके चलते मौसम शुष्क रहेगा और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी. मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में सार्थक वृद्धि की संभावना है.

अभी तक उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते सुबह-सुबह व रात के वक्त ठंड बनी हुई है। शनिवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज कियागया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। इसी प्रकार बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्जकिया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। राजनांदगांव में न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री नीचे रहा।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अब हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम का मिजाज बदलेगा और न्यूनतम तापमान बढ़ने से ठंड थोड़ी कम होगी। इसके बाद नवंबर दूसरे सप्ताह से ठंड में फिर से थोड़ी बढ़ोतरी होगी। ठंड की दस्तक को देखते हुए इन दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल लगाना शुरू हो गया है।

## शरद पूर्णिमा पर सालासर बालाजी मंदिर में कवि सम्मेलन आयोजित

**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। सालासर बालाजी मंदिर सेवा समिति द्वारा आज शरद पूर्णिमा के अवसर पर भोजन प्रसादी के साथ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।



समिति के अध्यक्ष सुरेश गोयल प्रचार प्रसार प्रभारी कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कवि सम्मेलन में देर रात तक हजारों श्रोताओं ने मंत्र मुग्ध होकर कवि सम्मेलन का मजा लिया। कार्यक्रम का संचालन पद्मश्री सुनील जोगी द्वारा किया गया। डॉक्टर कीर्ति काले डॉक्टर सुमन दुबे गौरव शर्मा दिनेश बावरा जानी बैरागी जैसे दिगाज कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुवात सालासर बालाजी की पूजा आरती के बाद मंच पर दीप प्रज्वलन कर हुआ। कवियों का सम्मान समिति द्वारा किया गया। कविगन श्रोताओं की उपस्थिति एवम उनकी सराहना से मंत्रमुग्ध थे। श्रोताओं की तालिया की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम का समापन खीर एवम भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

## कांग्रेस सब्सिडी देती है तो उसे रेवड़ी कहते हैं : चिदंबरम



भाजपा कार्यकाल में कृषि व्यवस्था हो गई थी लचर

**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम प्रचार के लिए आज रायपुर पहुंचे। इस दौरान सरकार की घोषणाओ और भाजपा के आरोपों पर कहा कांग्रेस अगर सब्सिडी देती है तो उसे रेवड़ी कहते हैं। अगर वो देते हैं तो कोई दिक्कत नहीं, लेकिन कोई और पार्टी दे तो रेवड़ी हो जाती है। भाजपा ने खुद कई राज्यों में घोषणा की है। गैस सिलेंडर की घोषणा रेवड़ी नहीं है क्या।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चिदंबरम ने कांग्रेस सरकार के पांच सालों की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने पांच सालों में किसानों, मजदूर, गरीब, बेरोजगार हर वर्ग का ध्यान रखा है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना भी साधा। पी चिंदबरम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा कार्यकाल में कृषि व्यवस्था काफी लचर हो गई थी।

श्री चिंदबरम ने कहा कि भाजपा कार्यकाल में कृषि व्यवस्था काफी लचर हो गई थी। 2018 के आते आते छत्तीसगढ़ आर्थिक परिस्थिति में सबसे कमजोर हो चुका था। कैग की रिपोर्ट के आधार पर भाजपा कार्यकाल में 20त्न स्कूल में लाइट नहीं थी, स्कूलों में टॉयलेट की व्यवस्था भी नहीं थी, छत्तीसगढ़ आज गर्व कर रहा है, छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर सबसे कम है।

कांग्रेस की सरकार में किसानों की स्थिति सुधरी. हमने किसानों को धान की कीमत जितना कहा था उतना दिया। भाजपा की पूर्वती सरकार में किसानों की हालत ठीक नहीं थी। भाजपा की सरकार में एससी-एसटी वर्ग की हालत ठीक नहीं थी। कांग्रेस की सरकार में उनकी स्थिति ठीक हुई। कांग्रेस की सरकार में किसानों की स्थिति ठीक हुई है. चावल पहले की तुलना में ज्यादा मिल रहा है. राज्य के जीडीपी में कृषि की भूमिका सबसे ज्यादा है। हमारी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर ध्यान दे रही है. प्रदेश सरकार कई वेलफेयर स्कीम चला रही है।

आगे चिदंबरम ने आंकड़ों के जरिए पूर्वती भाजपा और कांग्रेस सरकार के दौरान के कामों का अंतर बताया और कहा कि कांग्रेस को वोट दीजिए, अगले 5 साल भी सभी वर्गों को ध्यान में रखकर सरकार काम करेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ ही सभी क्षेत्रों में हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी, अखिलेश प्रताप सिंह राधिका खेड़ा, सुशील आनंद शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

## दिवाली त्यौहारों में लगभग 3.5 लाख करोड़ के व्यापार की संभावना : पारवानी

**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवम कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत के सबसे बड़े त्यौहार दिवाली के सीजन में इस बार देश के बाज़ारों में लगभग 3.5 लाख करोड़ के व्यापार होने की संभावना है। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 30 शहरों में व्यापारी संगठनों के ज़रिए कराये गये एक हालिया सर्वे की समीक्षा में यह सामने आया है। इस वर्ष व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की माँग एवं पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियाँ की है।द्य



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि एक मोटे अनुमान के अनुसार दिवाली त्यौहार के मौके पर लगभग 65 करोड़ ग्राहक बाज़ारों में खऱीददारी करते हैं। अगर औसतन हम प्रति व्यक्ति 5500 रुपये की खरीद करे तो यह आँकड़ा ही 3.5 लाख करोड़ के व्यापार को पार करता है। जहां देश में इस त्यौहार पर केवल 500 रुपये या उससे कम खरीदारी करने वाले लोग हैं वहीं हज़ारों और लाखों रुपये खर्च करने वालों की भी कमी नहीं है। इसीलिए देश में दिवाली त्यौहार के सीजन की महत्त्वता व्यापार की दृष्टि से बेहद ही महत्वपूर्ण है।

व्यापार के सभी क्षेत्रों में बड़ी बिक्री की संभावना है लेकिन गिफ्ट आइटम्स, मिठाई नमकीन, ड्राई फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, आभूषण, कपड़ा, बर्तन, क्राकरी, मोबाइल, फर्नीचर, फ़र्निशिंग, रसोई के उपकरण, घर सजाने का सजावटी सामान, फुटवियर, सौंदर्य प्रसाधन, कास्मेटिक्स, कंप्यूटर उपकरण, स्टेशनरी, बिजली का सामान, फल, फूल, पूजा सामग्री, दिये सहित कुम्हारों द्वारा बनाये गये सामान, भगवानों की तस्वीर, मूर्ति आदि, हार्डवेयर, पेंट, फ़ैशन की वस्तुएँ, खाद्य सामान, एफ़एमसीजी सामान, किराना, सॉफ्ट ड्रिंक, कन्फ़ेक्शनरी, खाद्य तेल, रेडीमेड फ़ूड, खिलौने आदि में बड़ा व्यापार होगा। वहीं देश भर में हज़ारों समारोह होने के कारण सर्विस सेक्टर से जुड़े होटल, रेस्टोरेंट, बैंचेट हाल, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कैब सर्विस, डिलीवरी सेक्टर, कलाकारों सहित इसी तरह के अन्य वर्गों को भी बड़ा व्यापार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान की वजह से चीनी सामान की माँग पिछले वर्षों में बड़ी हद तक घटी है।

# आज दौड़ेंगे रायपुर के युवा

## प्रदेश में फर्स्ट टाइम वोटर जागरूकता मैराथन

**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के युवा मतदाताओं के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से मैराथन आयोजन करेगी। साल 2023 में होने वाले चुनाव में पहली बार वोट देने वाले लोगों की संख्या लगभग 18 लाख है। इन्हें प्रेरित करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से वोटर जागरूकता मैराथन में 18 से 25 साल के युवा भाग ले सकेंगे। इसका आयोजन कल 30 अक्टूबर को किया जाएगा।

इस मैराथन में भाग लेने वाले युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक और क्यूआर कोड के जरिए किया जा सकता है।



- 18 से 25 साल के यूथ लगाएंगे दौड़
- भूपेश बघेल होंगे शामिल

ऑफलाइन माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। मैराथन रायपुर स्थित तेलीबांधा तालाब से सुबह 7 बजे चालू होगा और घड़ी चौक होते हुए गांधी मैदान तक जाएगी। पुनेश्वर लहरे ने बताया इस मैराथन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कन्हैया कुमार और छत्तीसगढ़ के स्पोर्ट्स इंफ्लूएंसर शामिल होंगे। मैराथन में प्रथम 100 विजेताओं से सीएम भूपेश बघेल जी विशेष मुलाकात करेंगे।

# दो सालों में धान की कीमत 3 हजार पार नहीं हुई तो ले लेना मेरा इस्तीफा : सिंहदेव

**रायपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गम्हरी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दो-तीन सालों में अगर धान की कीमत 3000 रुपए से ज्यादा नहीं हुई तो आप मेरा इस्तीफा ले लेनाद्य लेकिन मैं कोई ऐसी बात नहीं करुंगा, जिससे मुझे इस्तीफा देना पड़े।

केशकाल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संतराम नेताम के पक्ष में प्रचार करने टीएस सिंहदेव पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायत गम्हरी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा की गई अब तक की घोषणाओं को जनता को बताया। इसके साथ छत्तीसगढ़ की जनता के हितों के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा की जाने वाली अन्य बड़ी घोषणाओं का जल्द एलान करने की बात कही।



संतराम नेताम ने सभा को संबोधित करते हुए जनता से कहा कि आपने मुझ पर दो बार भरोसा जताया है।

तीसरी बार भी मुझे आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दीजिए, जिससे मैं आपके क्षेत्र के विकास को और आगे बढ़ा सकूं।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विधानसभा केशकाल के किसानों को कांग्रेस की घोषणा के तहत कर्ज माफी का पंजीयन फार्म भी दिया गया. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# चुनाव से पहले चौकसी बढ़ी

## बाहर से आने वालों पर पुलिस की नजर

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। एक तरफगुंडाए बदमाशों और वारंटियों पर कार्रवाई की जा रही वहीं दूसरे ओर बाहर से आने.जाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। होटल लाज और ढाबा संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति आता है और उसकी गतिविधि संदिग्ध दिखती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित थाने को दी जाए। वहीं दूसरे राज्य से आकर यहां किराए में रह रहे लोगों की भी पुलिस ने जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। सभी मकान मालिकों को किरायानामा जमा करने कहा गया। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आगामी विधानसभा के मद्देनजर राज्य पुलिस विभाग भी अलर्ट मोड पर है। पिछले कुछ दिनों में अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। पुलिस ने अब तक करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त कर चुकी है। इसके अलावा करोड़ों रुपये के सोने.चांदी के जेवरात भी जब्त किए गए हैं।



**आनलाइन है लोगों का रिकार्ड:** पुलिस ने एक वर्ष पहले किराएदारों को लेकर अभियान चलाया था। सीसीटीएनएस में सभी की जानकारी आनलाइन अपलोड करवाई गई है। वहीं अब पुलिस उनका पुनरू वेरिफिकेशन कर रही है। इसके अलावा आफलाइन भी लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन क्षेत्रों में विशेष जांच की जा रही हैए जहां लोग ज्यादा किराए में रहते हैं। जैसे उरला खमतराई धरसींवा में इंडस्ट्री है जिसकी वजह से यहां किराए में लोग रहकर काम करते हैं।

**चेकिंग प्वाइंट पर मुस्तैदी:** चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सभी चेकिंग प्वाइंट्स पर मुस्तैदी से चारपहियाए माल वाहक वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा निर्धारित मात्रा से अधिक नकद रकमए शराबए बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किए जा रहे सोना.चांदी और अन्य मूल्यवान सामग्री सहित चुनाव को प्रभावित करने कारकों पर नजर रखी जा रही है। इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए लगातार परिवहन विभाग प्रयासरत है।

**केंद्रीय बल के साथ पुलिस का चला चेकिंग अभियान:** चुनाव के पहले पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। रात में रायपुर पुलिस के साथ ड्यूटी पर आए केंद्रीय बल के जवान भी चेकिंग पर उतर रहे हैं। अपराध की रोकथाम अपराधियों पर नकेल कसने सहित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने.अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंगए वाहनों में पेट्रोलिंग क्राइम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सीपीपी सहित 112 की टीमों द्वारा भीड़.भाड़ वाले स्थानए सार्वजनिक स्थान सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों गुटबाजी अड्डेबाजी करने वालोंए संदिग्ध व्यक्तियों असमाजिक तत्वों घूमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रही है।

# कबाड़ी यार्ड में लगी आग, मचा हड़कंप



**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र में शनिवार रात को एक कबाड़ी के यार्ड में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंच गईं। दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में लगी रहीं। बताया जा रहा है कि लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट को माना जा रहा है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरधारी साहू के कबाड़ गोदाम में शनिवार रात को आग लगी। गोदाम में प्लास्टिक होने की वजह से आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें कई किमी दूर तक दिखाई दे रही थीं।

फैक्ट्री से आग निकलता देखकर आने जाने वाले राहगीरों में भी हड़कंप मच गया और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# धारदार चाकू के साथ 2 युवक हिरासत में



**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा थाना उरला क्षेत्रांतर्गत बुधवारी बाजार के पास बीरगांव में एक व्यक्ति चापड़नुमा चाकू हाथ में लेकर आने.जाने वाले आमलोगों को डरा.धमका कर आतंकित करते आरोपी शुभम पाण्डे पिता महेन्द्र पाण्डेय उम्र 22 साल साकिन ईतवारी बाजार बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर छ.ग.को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चापड़नुमा धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्रेविटी कंपनी के पीछे आम रोड अछोली में एक चापड़नुमा धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी सोमनाथ उर्फचांटी शर्मा पिता सुरेश शर्मा उम्र 20 साल साकिन वार्ड 06 कृष्णा चौक अछोली थाना उरला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चापड़नुमा चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# महादेव सट्टा एप के लिए बैंक खाता खुलवाने वाले छह गिरफ्तार

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आनलाइन वेटिंग एप महादेव के संचालन में पैसों का लेन.देन के लिए बैंक खाता खुलवाने के साथ ही उपलब्ध कराने वाले छह लोगों को रविवार आजादचौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस केस के मुख्य आरोपी देवेश सिंह चौहान पर आरोप है कि वह लोगों को झांसे में लेकर उसके नाम पर बैंक खाता खुलवाता था और खातेदार की जानकारी के बगैर खाते से सट्टेबाजी का लाखों रूपये रोज लेनदेन करता था। गिरफ्तार किए गए सट्टेबाजों के पास से सात मोबाइल,एक पासबुक, चार एटीएम कार्ड, एक चेकबुक, दो सिमकार्ड आदि जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ अपराधिक षडयंत्र रचनेए धोखाधड़ी और छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।



**लोगों को झांसे में लेकर उनके नाम पर खाता खुलवाकर करते थे लाखों का लेनदेन**

**आजाद चौक पुलिस थाने में दर्ज हुई थी शिकायत:** दरअसल आमापारा निवासी दुर्गेश जायसवाल ने आजाद चौक पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि सुपेला भिलाई निवासी देवेश सिंह चौहान ने सरकारी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का टेंडर लेकर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। दस प्रतिशत कमीशन देने का लालच देकर दुर्गेश के नाम से यश बैंक सिविल लाइन में खाता खुलवाया फिर उस खाते में महादेव एप सट्टेबाजी के पैसे का लेनदेन करने लगा। इस बात का पता चलने पर दुर्गेश ने आपत्ति जताई तो देवेश ने मुनाफा देने से साफइंकार कर दिया।

**अलग-अलग जिलों से छह आरोपितों को किया गिरफ्तार:** पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद दुर्ग जिले के सुपेला भिलाई 111 शीतलापारा आर्य नगर कोहका निवासी देवेश सिंह चौहान 24 समेत महादेव एप सट्टेबाजी गिरोह से जुड़े संतराबाड़ी मोहननगर के शैलेंद्र सिंग उर्फ सन्नी 31 सेक्टर छह कोतवाली भिलाई के सियोन पाल 22 इंद्रावतीनगर कोहका थाना सुपेला के रामकृपाल साह 34 सेक्टर छह बी मार्केट भिलाई के हरीश वर्मा 30 और गौरला.पेंड्रा.मरवाही जिले के ग्राम रटगा निवासी कौशल प्रसाद लहर 24 को गिरफ्तार कर लिया।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करते 2 आरोपी पकड़ाए

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है।



इस दौरान थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम अछोली ग्रेविट कंपनी रोड में एक व्यक्ति सफेद प्लास्टिक के बोरी में अवैध शराब बिक्री हेतु रखा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शान्तनु ढीमर पिता प्रेमलाल ढीमर उम्र 20 साल साकिन गांधी चौक अछोली थाना उरला जिला रायपुर छ.ग का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें प्लास्टिक के बोरी का तलाशी लेने पर बोरी में अंग्रेजी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखें 23 पौवा सीजी फाईन प्रीमियम व्हीस्की एवं 17 पौवा सुपर जिप्सी फाईन व्हीस्की कुल 7.200 लीटर जुमला कीमती 4800 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

वही थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत राव मंदिर बीरगांव में एक व्यक्ति स्लेटी कलर के कपड़े के झोले में अवैध शराब बिक्री हेतु रखा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम रवि पटेल पिता कन्हैया लाल पटेल उम्र 38 साल साकिन भीखम किराना के पास राव मंदिर बीरगांव थाना उरला का होना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखें 12 पौवा देशी मसाला शराब कुल 2.160 लीटर जुमला कीमती 1320रू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 34 1 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# फेसबुक में दुष्प्रचार, अज्ञात यूजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में हलचल तेज है इस बीच राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप भी लगा रहे है वहीं फेसबुक में भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने को लेकर भाजपाइयों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत की है मामले में पुलिस अज्ञात फेसबुक संचालक के खिलाफएफआईआर कर लिया है जानकारी के अनुसारए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के मारपीट का एडिट वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अपलोड किया गया था जिसको लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जयप्रकाश चंद्रवंशी ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला दिया गया ह मामले में अज्ञात फेसबुक संचालक पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है

# पुलिस का अपराधियों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई



**204 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गई कार्रवाई**

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम अपराधियों पर नकेल कसने सहित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने . अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में गुण्डा बदमाश निगरानी बदमाश संदिग्ध व्यक्ति असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान कार्यवाही के दौरान आज पुलिस टीमों द्वारा 31 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट 22 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट तथा 204 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ ही विभिन्न अपराधों के 39 स्थायी वारंट एवं 40 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# नकाबपोश बदमाशों ने बैंक कर्मी पर चाकू से किया हमला

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में चाकू से हमला का मामला सामने आया है डीडी नगर थाना क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने बैंक कर्मी पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया इस वारदात में घायल बैंक कर्मी का अस्पताल में इलाज जारी है घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है जानकारी के अनुसार डीडी नगर थाने में बैंक आफबड़ौदा शाखा तात्यापारा के कर्मचारी शुभम अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि सुभाषनी परिसर सुंदर नगर आरबीआइ बैंक के पास शुक्रवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे के चाकूबाजी हुई प्रार्थी ने बताया कि वह काम कर करीबन



07.30 बजे शाम को आटो से अपने घर सुंदर नगर जा रहा था घर के पास आटो से उतरकर दूध खरीदा बाद में वहीं पर एटीएम से पैसा निकालने पैदल गया था इस दौरान वह पैसा निकालकर जब घर जा रहा था तभी आटो पर बैठे दो अज्ञात युवकों ने पीछे से गाली.गलौज किया और चाकू से हमला कर दियाआरोपियों ने शुभम के जांघ में चाकू मारा और उसके बाद धक्कामार कर गिरा दिया उसके बाद आरोपियों ने दूसरे पैर के जांघ में भी चाकू मार दियाण् जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर गया और खून से लथपथ हो गयाण् इस घटना की सूचना घरवालों को दी गई जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल पहुंचा गया जहां उसका इलाज जारी है वारदात के समय आरोपियों ने चेहरा ढक रखा था बताया जा रहा है कि इस घटना में आरोपियों ने लूटने का प्रयास भी नहीं किया जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया होगा फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है

# सीएम भगवंत मान का छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा कुछ ही दिन बचे है, ऐसे में सभी पार्टियों के नेताओं के आने का सिलसिला जारी है, वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का छत्तीसगढ़ का 29 और 30 अक्टूबर का छत्तीसगढ़ दौरा कुछ जरूरी कारणों की वजह से स्थगित हो गया है।



आप के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने ट्वीट कर लिखा ' कुछ अचानक ज़रूरी कारणों से पंजाब के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भगवंतमान साहब जी का छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम 29 और 30 अक्टूबर का स्थगित हो गया है. स्थगित हुए कार्यक्रमों की अगली तारीख़ों की सूचना जल्दी ही तय की जायेगी।' दरअसल 29 और 30 अक्टूबर को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का प्रदेश दौरा प्रस्तावित था। वो आज कोटा और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करने वाले थे। जबकि कल 30 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर, गुंदरडेही और रायपुर में उनका रोड शो प्रस्तावित था। उनके कार्यक्रम की पूरी तैयारी हो चुकी थी लेकिन अचानक किसी जरूरी कारणों से उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया है।

# दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान विषय पर आज चर्चा

**रेडक्रास भवन में होगी राज्यस्तरीय संगोष्ठी**

**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ''कोई मतदाता न छूटे'' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रत्येक वर्ग विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने हेतु 30 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12 बजे रायपुर कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि राज्य स्तरीय संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाताओं के सुझावों पर विचार विमर्श किया जाएगा। दिव्यांग मतदाताओं के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान के संबंध में चर्चा होगी। दिव्यांगजन के उत्थान हेतु कार्यरत संस्थाओं द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु उपलब्ध कराई जा रही विशेष सुविधाओं के साथ ही सुगम मतदान हेतु जिलों में किए जाने वाले नवाचारों/अनुकरणीय कार्यों के संबंध में भी चर्चा की जाएगी।

# आरंग विधानसभा के प्रेक्षक मीर तारिक अली ने किया स्ट्रांग रूम का अवलोकन




**रायपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा क्रमांक-52 के प्रेक्षक (सामान्य) मीर तारीक अली ने स्ट्रॉग रुम, का अवलोकन किया। साथ ही सामग्री वितरण एवं वापसी, बसों की व्यवस्था, पार्किंग, सिंलग्न मैनपावर के वेलफेयर तथा मशीनों की सुरक्षा की जानकारी ली। इस अवसर पर आरंग विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर अतुल विश्वकर्मा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी प्रभात सक्सेना, आलोक वर्मा उपस्थित थे।

संपादकीय

## केजी से पीजी मुफ्त शिक्षा

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान महत्वपूर्ण है जिसमें पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर वह फिर सरकार बनाती है तो केजी से पीजी यानी स्नातकोत्तर कक्षाओं तक की शिक्षा सभी को मुफ्त में देगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इससे प्रदेश की साक्षरता दर में व्यापक सुधार होगा और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा प्राप्ति से सब के लिये जीवन निर्वाह के अवसर मिल सकेंगे।*

*2011 की जनगणना के मुताबिक राज्य में साक्षरता दर 70 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है जिसमें 80 फीसदी पुरुष एवं 60 प्रश महिलाएं हैं। पिछले 5 वर्षों में यानी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा पर बहुत ध्यान दिया गया है। इसमें महिला शिक्षा और अंग्रेजी स्कूलों पर विशेष फोकस किया गया है। इस दौरान भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार ने 19000 करोड़ रुपये इस क्षेत्र में खर्च किये हैं। यह राशि अनेक राज्यों के मुकाबले कुल बजट के प्रतिशत के लिहाज से काफी अधिक है जो एक अच्छा संकेत है।*

*निशुल्क शिक्षा का छत्तीसगढ़ के लिहाज से बहुत महत्व है क्योंकि यह मूल रूप से एक परम्परावादी समाज है जहां बच्चों को, विशेषकर लड़कियों को सीमित कक्षाओं तक पढ़ाकर स्कूल से निकाल लिया जाता है। ऐसे पालकों एवं अभिभावकों का मानना है कि चूंकि लड़कियों को उम्र होते ही ब्याह देना है, इसलिये उन्हें अधिक पढ़ाना व्यर्थ है। शिक्षा अधूरी छोड़ने वालों में लड़कियों का औसत ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। वैसे पढ़ाई के खर्च के चलते लड़के हों या लड़कियां, बड़ी संख्या में दोनों को ही शालाएं छोड़नी पड़ती हैं। अगर दो बच्चों में एक को ही पढ़ाने की क्षमता पालकों-अभिभावकों की होती है तो वरीयता लड़के को मिलती है। चाहे वह पढ़ाई में अच्छा हो या न हो। लड़कियां पढ़ाई में कितनी भी अच्छी हों, उनकी ही पढ़ाई छुड़वाई जाती है। ऐसा नहीं कि अधिक बच्चों के अभिभावकों को ही खर्च उठाने की समस्या होती है। कम हों या इकलौती संतान होने पर भी शिक्षा पर बड़ा खर्च होता है। इसलिये यह घोषणा जनहित में है। अगर कांग्रेस जीतती है और उसे यह योजना लागू करने का मौका मिलता है तो कह सकते हैं कि इससे प्रदेश की साक्षरता की दर बढ़ेगी। जिस तरह से वर्तमान सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिखाया है, उससे आशा की जा सकती है कि कांग्रेस सरकार को अवसर मिला तो राज्य में हर किसी के लिये निशुल्क शिक्षा की राह प्रशस्त होगी। उम्मीद है कि इससे बच्चों में अधिकतम शिक्षा हासिल करने की इच्छा जाग्रत होगी। साथ ही, पालकों एवं अभिभावकों का बच्चों पर अध्ययन का खर्च घटेगा जो एक बड़ी राहत होगी।*

उल्टा पुल्टा

टिंकू ( बुद्धू से )- बुद्धू, किसी चीज का लंबा-सा नाम बताओ।
बुद्धू- रबड़।
टिंकू - यह तो बहुत छोटा है।
बुद्धू - लेकिन इसे खींचकर जितना चाहे लंबा कर सकते हैं।

# राहुल की घोषणाएं छत्तीसगढ़ के मजबूत भविष्य निर्माण के लिए की जाने वाली पहल : कांग्रेस

## जिले की जनता ने दोबारा कांग्रेस की सरकार गढ़ने का संकल्प ले लिया है : राहुल तिवारी

**राजनांदगांव/छुरिया,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की जनसभा और उनकी घोषणाओं को जनहित और छत्तीसगढ़ के मजबूत भविष्य निर्माण के लिए की जाने वाली पहल बताते हुए कांग्रेस जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने प्रदेश में कांग्रेस की बड़ी जीत का दावा किया है।

राहुल तिवारी ने कहा कि ङ्क आज कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की सभा में राजनांदगांव जिले की जनता ने दोबारा कांग्रेस की सरकार गढ़ने का संकल्प लिया है। जनसभा में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह ने साफ कर दिया है कि उन्हें कांग्रेस पर ही भरोसा है। उन्होंने कहा कि ङ्क राजनांदगांव जिले की चारों विधानसभा राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव और खुज्जी में कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज करने जा ही है।



कांग्रेस की घोषणाओं को लेकर उन्होंने कहा कि - साढ़े 17 लाख आवास निर्माण, 20 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी, जातीय जनगणना और किसानों की ऋण माफी की घोषणाओं ने प्रदेश में आधारभूत संरचना के साथ ही आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के इरादे साफ कर दिए थे। इसके बाद राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने राजनांदगांव की सभा में 2 नए वादे किए हैं। राजनांदगांव में उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य बीमा की राशि को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा। इसके अलावा मजदूरों को हर साल दी जाने वाली 7 हजार रुपए की राशि को भी बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, तेंदुपत्ता संग्राहक परिवारों को चार हजार का सलाना बोनस, लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त 10 रुपए का बोनस दिए जाने की घोषणा वे पहले ही कर चुके हैं।

जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि ङ्क कांग्रेस की इन घोषणाओं से प्रदेश के नागरिकों को अतिरिक्त आमदनी हासिल होगी, उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा और बेहतर भविष्य मिलेगा। जातीय जनगणना से व्यवस्थित आरक्षण प्रणाली और अवसर गढ़े जाएंगे। किसानों को उनकी फसल का बढ़ा हुआ दाम मिलेगा। उनपर कर्ज का बोझ भी नहीं होगा। कुल मिलाकर इससे एक नया और सशक्त छत्तीसगढ़ गढ़ा जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि ङ्क 7 नवंबर को होने चुनाव में कांग्रेस के पंजा छाप को ही चुनें।

# भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर को कारण बताओ नोटिस

**दुर्ग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर मुकेश रावटे ने विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ललित चन्द्राकर को विधानसभा निर्वाचन संपत्ति विरूपण अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों का उल्लंघन करने के संबंध में नोटिस जारी किया है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीसेगांव में स्थित निजी मकान में बिना सहमति के चुनाव प्रचार का लेखन कराया गया है। जो कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन है।

उक्त लेखन को मौके पर एफएसटी दल एवं ग्राम पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पीसेगांव द्वारा आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए मिटाया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा श्री चन्द्राकर को निजी मकान मालिकों से सहमति प्राप्त किये बिना चुनाव प्रचार का लेख कराये जाने को आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए इस संबंध में तत्काल जवाब कार्यालय को प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा इस स्थिति में निर्वाचन नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# साहू समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 3 सौ से ज्यादा भागीदारों ने बताई अपनी पसंद

**दुर्ग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला साहू संघ द्वारा गोंडवाना भवन में 32 वें युवक युवती परिचय सम्मेलन में 3 सौ विवाह योग्य युवाओं ने मंच पर उपस्थित होकर अपना परिचय दिया। वर वधु को लेकर अपनी पसंद का इजहार किया। अनेक युवतियों ने मंच से कहा कि उन्हें वही जीवन साथी स्वीकार होगा जो किसी भी तरह का नशा न करता हो। अनेक युवाओं ने दहेज व आडम्बर युक्त विवाह तथा धन का अपव्यय रोकने पर भी जोर दिया। आज के मंच पर डाक्टर, इंजीनियर, बैंक कर्मी, शिक्षक व सरकारी पदों पर कार्यरत लोगों ने अपना परिचय देकर समाज से रूढ़ीवादी परम्पराओं को अलविदा करने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर समाज की परिचायिका का विमोचन भी किया गया।





जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि समाज को शासन द्वारा 2.32 एकड़ जमीन समाज भवन हेतु आबंटित की गई है। उन्होंने समाज के लोगों से भवन निर्माण में सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम अतिथि के रूप में मंत्री ताम्रध्वज साहू थे जिन्होंने समाज को रचनात्मक गतिविधियां निरंतर तेज करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू ने की। अन्य अतिथियों में पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, रमशीला साहू, दीपक साहू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू, जितेन्द्र साहू, लक्ष्मी साहू, उपस्थित थे। इन सभी वक्ताओं ने समाज में स्त्री शिक्षा पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के सलाहकार रमेश साहू, खिलावन साहू, भीखम साहू, लखन साहू, राजेश साहू, कृष्णा साहू, दिव्या कलिहारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# राशन कार्ड पर छपे फोटो हटाने के बाद ही मिलेगा राशन

## गुरुर सहित जिलेभर में खाद्य विभाग ने जारी किया फरमान

**गुरुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। खाद्य विभाग की ओर से बालोद जिले के सभी राशन दुकान के संचालकों को फरमान जारी किया गया है, कि राशन कार्ड के ऊपर कार्ड में छपे मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री के फोटो को छिपाने के बाद ही हितग्राहियों को राशन का वितरण करें। बता दे कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की वजह से आचार संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश के बाद बालोद जिले में सभी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया जा रहा है। वही सभी मतदान केंद्रो में तैयारी भी की जा रही है।



**17 नवम्बर को होगा मतदान**

17 नवंबर को मतदान होना है ऐसे में अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह से ही आचार संहिता लगी हुई है, जिसके बाद गुरुर, बालोद सहित प्रदेश के सभी जिलों में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के अपर संचालक ने खाद्य नियंत्रक, खाद्य अधिकारी को आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए राशन कार्ड पर दिख रहे मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री की फोटो हटाने या छिपाने का उल्लेख किया है।

**470 से अधिक राशन दुकान संचालित**

जानकारी के मुताबिक भाजपा एवं अन्य पार्टी के नेताओं ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि राशन कार्ड में फोटो होने की वजह से प्रचार प्रसार हो रहा है, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया, इसके बाद अब अगले माह यानी नवंबर माह में चावल, नमक, शक्कर, केरोसिन का वितरण किया जाएगा। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक गुरूर, बालोद, गुंडरदेही सहित पूरे जिले भर में 470 से अधिक शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है, जहां लाखों राशन कार्डधारी परिवार को हर माह खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।

# बीआईटी के यंग मैनेजर संगठन के जूनियर-सीनियर छात्रों ने किया मिलकर कार्यक्रम, किताबों पर की गई वृहत परिचर्चा


**दुर्ग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रबंधन विभाग, बी आईटी दुर्ग के यंग मैनेजर संगठन द्वारा जूनियर एवं सीनियर छात्रों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा पुस्तक पर परिचर्चा की गई।

संगठन के प्रभारी प्रो. श्रवण पांडे ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से सीनियर एवं जूनियर छात्रों के बीच रिश्ते तो बनते ही हैं साथ ही साथ ज्ञान अर्जन भी होता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास नसीने ,जीएम भिलाई इस्पात संयंत्र जो कि प्रबंधन विभाग के भूतपूर्व छात्र भी हैं, विभाग को 52 पुस्तक सौंपी। उन्होंने अपने संबोधन में पुस्तकों के महत्व को आज के युग में बढ़ते मानसिक तनाव हेतु दवा के रूप में बताया।

■ **भिलाई इस्पात संयंत्र के जीएम विकास नसीने ने किया किताबों का दान**



विभागध्यक्ष डाक्टर सत्यवर्धन तिवारी ने छात्रों को पुस्तकों से दोस्ती करने की बात कही। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया आपके जीवन भर चलने वाली है, इसके लिए आपको पुस्तकों से जुड़े रहना अतिआवश्यक है।

प्राचार्य डॉ. अरुण अरोरा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बीआईटी का वातावरण हमेशा स्वस्थ रहा है और यही कारण है कि भूतपूर्व छात्र कॉलेज से जुड़े रहते हैं और अपने अनुभव का हस्तांतरण करते रहते हैं। जिससे वर्तमान विद्यार्थियों को सीखने की प्रेरणा मिलती रहती है।

# किसान परिश्रम करते हैं प्रसन्नता, तृप्ति और संतोष के साथ : विद्यासागर

**डोंगरगढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में किसान परिश्रम कर रहते हैं प्रसन्नता, तृप्ति और संतोष के साथ - आचार्य श्री विद्यासागर डोंगरगढ़ - संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में विराजमान है 7 आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते हैं 7 यहाँ अनेक प्रकार के चाँवल उत्पन्न होते हैं और इस कारण यह भारत वर्ष में प्रसिद्ध है 7 हमारे आचार्य परमेष्ठी के भी छत्तीस मूलगुण होते हैं इस प्रकार हमारा छत्तीसगढ़ से सम्बन्ध हुआ 7 सुनते हैं अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष वर्षा ज्यादा हुई है 7 वो कहावत है ङ्कमाँ न परसे भरे न पेट, मेघा न बरसे भरे न खेतज्ज्7 छत्तीसगढ़ के किसान भी बहुत होशियार हैं वे खेत को ऐसा कटोरा जैसा बना लेते हैं जिससे पानी बिलकुल भी बाहर नहीं जा पाता है और खेत में पानी लबालब भरे रहते हैं 7 अपव्यय होता ही नही है तो बहुत सारा उत्पाद होना है।



आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के अवतरण दिवस को चंद्रगिरी में बहुत धूम ङ्क धाम से मनाया गया 7 प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी निकली गयी, प्रात: 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, आरती आदि कार्य किया गया तत्पश्चात प्रात: 9 बजे आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की सुसज्जित मंगल अष्ट द्रव्य से संगीतमय पूजा की गयी तत्पश्चात आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का प्रवचन लाभ मिला 7 प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे आस ङ्क पास के गाँव ङ्क शहर के लोगो ने एवं बाहर से आये दर्शनार्थियों ने भोजन किया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज को नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य ब्रह्मचारिणी आयुषी जैन बेगमगंज निवासी परिवार को प्राप्त हुआ 7 जिसके लिये चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द जैन,निर्मल जैन (महामंत्री), चंद्रकांत जैन (मंत्री) ,मनोज जैन (ट्रस्टी), सिंघई निखिल जैन (ट्रस्टी),सिंघई निशांत जैन (ट्रस्टी), प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन (पप्पू भैया), श्री सप्रेम जैन (संयुक्त मंत्री) ने बधाई दी।

# कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने रूपेश दुबे को किया निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त

**राजनांदगांव,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्र 75 से कांग्रेस के प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रुपेश दुबे को अपना निर्वाचन अभिकर्ता के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है श्री दुबे पेशे से अधिवक्ता होने के साथ-साथ शहर व जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री एवं प्रवक्ता का सफल दायित्व निर्वहन करने के पश्चात वर्तमान में छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के रूप में कांग्रेस की आवाज मुखरित कर रहे हैं लंबे समय से निर्वाचन कार्यो में अनुभवी श्री दुबे कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन की ओर से निर्वाचन संबंधी प्रशासनिक एवं अन्य दायित्व का निर्वहन करेंगे। निर्वाचन कार्य में तत्काल सहयोग एवं तत्परता से निर्बाध लोकतंत्र का महापर्व निर्वाचन संपन्न हो अत: भी रूपेश दुबे की नियुक्ति की गई है।



# निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू आज भरेंगी नामांकन

**बालोद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू आज संजारी बालोद विधानसभा से भरेंगी अपना नामकन। इस दौरान बालोद तहसील व गुरुर तहसील के साहू समाज सहित अन्य समाज के लोग हजारों की संख्या मे उपस्थित होकर बालोद नगर के घड़ी चौक, सदर रोड, रामदेव मार्ग, मधु चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए झलमला गंगा मैया होते हुए चुरगियाँ मंगल भवन रैली पहुँचेगी। इस दौरान निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू निर्वाचन कार्यालय मे अपना नामकन दाखिल करेगी।

# 48 पौवा शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दुर्ग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय राजीव नगर स्थित केजू राईस मिल के पीछे एक व्यक्ति को 48 पौवा शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी विजय सोनी यह अवैध शराब बेचने की फिराक पर था कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया।

उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नंदकटठी में सफलतापूर्वक चल रहा निःशुल्क सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**दुर्ग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम नंदकट्टी में बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने हेतु निशुल्क सिलाईए कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का कोर्स शुरू किया गया है, यह कोर्स 15 दोनों का कोर्स है। इसमें बच्चों को सिलाइ, कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर के विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए जा रहे हैं जिससे बच्चे सीख कर स्वयं का स्वरोजगार कर सके और आजीविका का साधन जुटा सके।

इस कार्यक्रम को शुरू कराने की जिम्मेदारी संतोषी निषाद अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जिला दुर्ग, उन्होंने आज के परिवेश को देखते हुऐ यह निर्णय लिया की समाज में महिलाओ और बच्चों को आत्मनिर्भर होना जरूरी है इस प्रकार के सीखने में बच्चों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है तो बच्चो को निशुल्क तैयारी कराई जा रही है।



इस कार्य में गांव की महिलाओ ने बच्चो को सिखाने में अपनी रुचि दिखाई जिसमे मिथलेश निषाद, गीता निषाद, भारती निषाद, नैना निषाद, सुनीता निषाद, अंजली निषाद, हेमलता निषाद इनके अलावा जामुल से विभा निषाद, अहेरी से सुनिता निषाद, रवेलीडीह से रेणु निषाद इन लोगों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय खेल राज्य के खाते में दो कांस्य पदक



**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन गोवा के द्वारा गोवा में 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। गोवा में चल रहे 37 नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाडियों का सफर दिन प्रतिदिन बेहतर हो रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बास्केटबॉल के फार्मेट में बास्केटबॉल में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक के लिए हुए मुक़ाबले में मध्य प्रदेश को 20-15 से हराकर नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के लिए दूसरा कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम ने लीग मैच तेलंगाना से पराजित हुई। उसके बाद शानदार वापसी करते हुए केरल एवं मेज़बान गोवा को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफायनल राज्य का मुकाबला दिल्ली से हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। टीम में सारे ही जूनियर स्तर के खिलाड़ी होने के बावजूद टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और राज्य के लिए पदक हासिल किया। टीम में कीर्ति भिलाई निगम, मोनी अदला भिलाई नगर निगम, रिया राजनांदगांव,उर्वशी साउथ पूर्वी मध्य रेल्वे, मैनेजर, वेणु मैडम साउथ पूर्वी मध्य रेल्वे हैं। आज का दूसरा कांस्य पदक मलखम्ब में आया टीम चैम्पियनशिप के हैंगिंग एवं रोप इवेंट के पुरुष वर्ग आया। छत्तीसगढ़ राज्य के पुरुष खिलाड़ियों ने 125-95 अंको के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पोल इवेंट में 42-70 रोप इवेंट में 41-90 एवं हैंगिंग इवेंट में 41-35 अंक अर्जित किया खिलाड़ियों में संतोष सोरी, मोनू नेताम, मानु ध्रुव, मांगडू पोडियाम, अखिलेश कुमार, राकेश कुमार वर्धा। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ के चीफ द मिशन मोहन लाल ,बशीर अहमद खान ने बधाई दी है

## डॉ. अमित कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा के भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष एवं डॉ. अमित कुमार ताम्रकार. सहायक प्राध्यापक को पंय रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, से भौतिकी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) से सम्मानित किया गया है। उनके शोध का विषय प्रारंभिक प्रकार की आकाशगंगाओं के नमूने के लिए बहुतरंगदैर्ध्य प्रकाश में आकाशगंगाओं के आइसोफोटल आकार का विश्लेषण था। डॉ. ताम्रकर के शोध में प्रकाश की



विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर आकाशगंगाओं के आकार का अध्ययन करके, उनकी संरचना और विकास के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी हमें ब्रह्मांड के निर्माण और इसमें आकाशगंगाओं की भूमिका को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। डॉण् ताम्रकार ने यह शोधकार्य पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और पूर्व कुलपति डॉ. एस.के. पांडेय की देखरेख में किया है। जिनके अमूल्य मार्गदर्शन के लिए उन्होंने अपने गुरु का हृदय से आभार व्यक्त किया है। सेंट थॉमस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.जी . रॉयमन, प्रशासक फादर डॉ. जोशी वर्गीस और कॉलेज के अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने उन्हें खगोल भौतिकी के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए बधाई दी।

# हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर में आवश्यक दवा उपलब्ध



**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग चुनाव को लेकर अर्लट मोड पर हैं। आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के मेडिकल आफिसर डा भुनेश्वर कठौतिया बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ने अस्पताल एवं सभी हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर के स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए सभी हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर में आवश्यक दवा उपलब्ध कराया गया है। जिसमें बुखार, उल्टी, बुखार, सिरदर्द ओर दस्त एबी पी शुगर की दवा उपलब्ध कराया गया है बीईटीओ स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि सभी दिन हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर खुले रखने ओर पोलिंग दिवस पर भी स्वास्थ्य संस्थान खुले रहेंगे मतदान पोलिंग बूथ के अधिकारी कर्मचारी की स्वास्थ्य समस्या होने पर समीप स्थित हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर पर लिंक पर्सन बनाएं गये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से चुनाव आयोग के निर्देश के तहत मतदान दलो को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा इसके लिए जिला अस्पताल सुपेला सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओर हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर के चिकित्सा अधिकारी ओर पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है नोडल अधिकारी बनाएं गये ह। रिफरल नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है चुनाव आयोग चिन्हांकित प्रायवेट अस्पताल के लिए लिंक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# मतदान करने दीपदान कर लिया संकल्प



**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)।अगामी 17 नवम्बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लेते दीप दान दशहरा मैदान रिसाली में किया गया। जिसमें दिया से मतदान करने का संदेश लिख प्रकाश फैलाया गया। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन शत प्रतिशत मतदान कराने अभियान चला रहे है। रिसाली में संकल्प अभियान के बाद मतदाताओं को जागरूक करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम के कर्मचारी, आजीविका मिशन व नागरिकों ने दशहरा व खेल मैदान रिसाली में एकत्र हुए और दीप दान किया। महिलाएं रंगोली से चुनाव चिरई बनाई, और दिए की उजास से 17 नवंबर को मतदान करने का संदेश फैलाया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण, आर ओ मुकेश रावटे, निगम आयुक्त आशीष देवांगन, निगम सचिव रोहित साहू, सब इंजीनियर नितीश साहू, अखिलेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### खिलाड़ी भी हुए शामिल

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में फुटबाल खिलाड़ी भी शामिल हुए। दीप दान कार्यक्रम में दिया लेकर मतदान करने का संदेश घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया। निगम रिसाली आयुक्त आशीष देवांगन ने कहा कि लगातार यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। आयुक्त ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव में शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने रिसाली निगम अभियान चला रहा है। शुरूआत पहले कार्यालय से कराया गया। लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन कराने शपथ दिलाई गई। इसके बाद संकल्प पत्र मतदाताओं से भराया जा रहा है। दूसरे चरण में हम अलग कार्यक्रम जैसे मशाल रैली, बाइक रैली, संपर्क अभियान व स्कूलों में प्रतियोगिता कराकर मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित कर रहे है।

# एनआरएल फार्म भरवाया जाने में कर्मियों की हो सहमति

**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। उच्च वेतन पर पेंशन लेने के लिए जो कर्मी सहमति पत्र दे रहे हैं। उनके सीपीएफ फंड से ईपीएफओ को फंड स्थानांतरित करने के लिए प्रबंधन द्वारा एनआरएल फार्म भरवाया जाने में कर्मियों की राय ली जानी चाहिए। सेंटर ऑफ स्टील वर्कर्स यूनियन. ऐक्टू के महासचिव श्याम लाल साहू ने इस परिप्रेक्ष्य में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि यह केंद्र सरकार पेंशन योजना को खटाई में डालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन कर्मियों ने उच्च पेंशन के लिए सहमति दी है उन्हें इस बात पर आपत्ति नहीं है कि उनके सीपीएफ से उच्च पेंशन के लिए राशि स्थानांतरित की जाये। लेकिन प्रबंधन द्वारा सीपीएफ से ईपीएफओ को राशि स्थानांतरित करने के बजाय एनआरएल लेकर मांग की गई राशि जमा करवाने के लिए कर्मियों से फार्म भरवाया जाना पूरी तरह धोखाधड़ी है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और तमाम प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरी कर उच्च पेंशन योजना को अमलीजामा दिया जाना चाहिए ताकि लंबे समय से प्रतीक्षारत पूर्व कर्मियों को जल्द इसका फायदा मिल सके। श्याम लाल साहू ने कहा कि सेल को कर्मियों की सुविधा पर पुरा ध्यान देना चाहिए।



# निगम भिलाई ने निकाली वाहन रैली



**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु) । लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर नागरिक को मतदान करना आवश्यक है। 17 तारीख को होने वाले विधानसभा चुनाव में नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें इस उद्देश्य को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए वाहन रैली निकाला गया। विधानसभा क्रमांक 65 के रिटर्निंग आफिसर व आयुक्त रोहित व्यास ने हरी झंडी दिखा कर वाहनो को रवाना किये। बैकुंठधाम वार्ड 32 के मैदान में सौ वाहनो को क्रमबद्ध खडे कर 17 नवम्बर का लिखित श्रंखला बनाया गया। बाद इसके उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियो को नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने बिना भय जाति पंथ से उपर उठ कर बिना भेद भाव के शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाया। वाहन रैली छावनी, केनाल रोड, नंदनी रोड से पावर हाऊस फलाई ओवर होते हुए सेन्ट्रल एवन्यू से हुडको सेक्टर-9 चौक से सेक्टर-7 स्कूल मैदान मे पहुँच कर पुनः वाहन की श्रृंखला से स्वीप का आकर बना कर वाहन रैली का समापन किया गया। रैली के दौरान वाहनो मे चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रचार प्रसार के स्लोगन एवं गीत तथा मतदान करने की अपील किया जा रहा था । रैली मे नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, एस.डी.एम. जागेश्वर कौशल, तहसीलदार पंचभाई गुरूदत्त, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा. स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अजय शुक्ला, अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, व्ही.के. सेमुवल, आर.पी. तिवारी, जन सम्पर्क अधिकारी निगम भिलाई शरद दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि निगम भिलाई व अन्य निगम प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिये अलग-अलग तरीके अपना रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने बैठक लेकर चुनाव संबंधी दिये निर्देश

**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 भिलाई के सभागार में बैठक ली गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराने और चुनाव से जुड़ी बारीकियां बताने के लिए चुनाव में लगाए गए अधिकारी कर्मचारियों को उड़न दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल को शिकायत, सूचनाओ, संवेदनशील घटनाओं और सार्वजानिक रैलियों सहित सोशल मीडिया में भी कड़ी नजर रखने हेतु कहा गया। सूचना प्राप्त होते ही शिकायत का निराकरण करते हुए कार्यवाही की करने के निर्देश दिए गए तथा अवैध सामग्री की खबर मिलते ही उड़नदस्ते तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। थानों के निगरानी गुंडे बदमाशों पर सतत निगरानी कर लिस्टिंग करने, विधानसभा चुनाव में खलल डालने वाले गुंडे बदमाशों पर कार्यवाही करने, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, जुआ एवं सट्टा पर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए गए। वारंटियों की तामिली में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्लू श्रीमती मीता पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग झा सहित सभी राजपत्रित अधिकारी एवम थाना, चौकी शाखा प्रभारी उपस्तिथ रहे।

# बीएसपी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 में विभिन्न प्रतियोगिताओं ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, क्विज और वाद विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है। 30 अक्टूबर को बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया जाएगा तथा दोपहर 2.30 बजे क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में संयंत्रकर्मी व उनके परिवार के सदस्यों हेतु निबंध व स्लोगन कॉम्पिटिशन का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बजे पीजी नर्सिंग कॉलेज में तथा 1 नवम्बर को महिला विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे कर्मचारियों तथा स्टेक होल्डरों हेतु इस्पात भवन से इक्विपमेंट चौक तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया है। 2 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे बीएसपी स्कूल, सेक्टर-7 में स्कूली बच्चों हेतु वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेताओं, ठेकेदारों, ग्राहकों के मध्य जागरूकता पैदा करने और शिकायत निवारण हेतु तथा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा को बढ़ावा देने के लिए इंट्रेक्षन सत्र का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। मैत्री बाग में स्कूली बच्चों हेतु ड्राइंग व पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 3 नवम्बर को राजहरा व हिर्री माइंस में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें निवासियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। 4 नवम्बर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कला मंदिर में आयोजित किया गया है। समारोह में इस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में 5 नवम्बर को सुबह 8.30 बजे सुनीति उद्यान, सेक्टर-8 में स्कूली बच्चों हेतु इथिक्स क्लब गतिविधियों का आयोजन किया गया है। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिये लोगों को किया जागरुक




**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में लगातार महाविद्यालय के समस्त गैर शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग को मतदान के प्रति जागरुक करने एवं निष्पक्ष मतदान करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को शपथ दिला रहे है। इस कार्यक्रम में सभी ने अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाये रखने, बिना जाति, धर्म, भाषा का भेद किये, निष्पक्ष होकर मतदान करने का संकल्प लिया गया। साथ ही सभी ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ.जे. दुर्गा प्रसाद राव, आई.क्यू. ए. सी. संयोजक डॉ. राहुल मेने, स्वीप नोडल अधिकारी ठाकुर देवराज सिंह, डॉ. आशीष नाथ सिंह, डॉ लक्ष्मी वर्मा, राजकिशोर पटेल एवं 42 गैर शैक्षणिक कर्मचारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# महिला, दिव्यांग व युवा वर्ग प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित

**भिलाईनगर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने एवं मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के विधानसभा क्षेत्र पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा सहित सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, 1-1 दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रए, 5-5 आदर्श मतदान केंद्र व 1-1 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है। जिले में कुल 60 संगवारी मतदान केन्द्र, 06 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, 06 युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा 30 आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन के मतदान केंद्र 12 नवीन शा. प्रा. शाला भवन कुम्हारी कक्ष-3, मतदान केंद्र 19 शास.स्वामी आत्मानंद इग्लिश माध्यम हायर सेके.स्कूल कुम्हारी, मतदान केंद 23 शास. स्वामी आत्मानंद इग्लिश माध्यम हायर सेके. स्कूल कुम्हारी, मतदान केंद्र-24 पूर्व मा. शाला भवन कुकदा उत्तर दिशा, मतदान केंद-37 प्रा शा भवन अमलेश्वर-2, मतदान केंद-104 पू.मा शाला भवन पतोरा 1, मतदान केंद 136 शास. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के कमरा नं-1, मतदान केंद्र 137 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या.पाटन कमरा नं-1, मतदान केंद 138 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमर-3 एवं मतदान केंद्र-139 शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट उ.मा. विद्या. पाटन कमरा-4 महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र शामिल है। मतदान केन्द्र-140 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन अखरा कक्ष-1 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र-1, प्रा.शा. भवन जंजगिरी कक्ष 16 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र-1 प्रा.शा. भवन जंजगिरी कक्ष 16, मतदान केन्द्र 12 नवीन शा.प्र.शा.भवन कुम्हारी कक्ष 3, मतदान केन्द्र-19 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यमि हायर सेकेण्डरी स्कूल कुम्हारी कक्ष-11, मतदान केन्द्र 104 उ.मा.शा. पतोरा कक्ष-1 और मतदान केन्द्र 140 शा.पू.मा.शा. अखरा कक्ष 1 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण के मतदान केंद्र-127 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा नण् 29 एवं मतदान केंद्र -125 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा-26, मतदान केंद्र 34 शा.प्र.शा. भवन पिसेगांव, मतदान केंद्र-36 शा.प्रा. शा. कोलिहापुरी कमर 1, मतदान केंद्र 33 शा.उ.मा. भवन अंजोरा पूर्व भाग, मतदान केंद 123 मैत्री विद्या निकेतन रिसाली कमरा 1, मतदान केंद्र 91 शा.प्रा.शा. भवन धनोरा के कमरा 2, मतदान केंद्र 126 देहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा 24, मतदान केन्द 165 प्राथमिक शाला भवन उतई एवं मतदान केंद्र 104 शारदा विद्यालय रिसाली कमरा 3 में सहित कुल 10 संगवारी मतदान केंद्र शामिल है। मतदान केन्द्र 139 क्लब हाउस तालपुरी रूआबांधा कमरा 1 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र 63 प्र.शा.भवन कक्ष 1 अण्डा गांधी भाठा को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र 125 डेहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा 26, मतदान केन्द 126 डेहली पब्लिक स्कूल रिसाली कमरा 24, मतदान केन्द्र 104 शारदा विद्यालय रिसाली कमरा 3, मतदान केन्द्र 33 शा.उ.मा.शा. भवन अंजोरा पूर्व भाग और मतदान केन्द्र 63 शा.प्र.शा.भवन कक्ष 1 अण्डा गांधी भाठा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के मतदान केंद्र 3 आमदी नगर हुडको वार्ड 70 महिला महाविद्यालय हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई नगर कमरा 3, मतदान केंद्र 14 भिलाई नगर सेक्टर 9 वार्ड 69 बीएसपी अंग्रेजी पूर्व मा.शा. सेक्टर 9 क.न 5, मतदान केंद 35 सेक्टर 10 वार्ड 65 बी.एस.पी.सी.सेकेण्डरी स्कूल से-10 कमरा 5, मतदान केंद्र 47 भिलाई नगर सेक्टर 6 वार्ड 62 एम.जी.एम.उमा.शा. सेक्टर 6 कमरा नं 117, मतदान केंद्र 51 भिलाई नगर सेक्टर 6 वार्ड 61 स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी मा.हायर सेकेण्डरी विद्यालय सेक्टर 6 भिलाई नगर कमरा नं 9, मतदान केंद 62 भिलाई नगर सेक्टर 4 वार्ड 58 एसएनजी विद्या भवन सेक्टर 4 कमरा नं.2, मतदान केंद्र 67 भिलाई नगर सेक्टर 4 वार्ड 57 शा.प्रा.शा. सेक्टर 4 कमरा नं 1, मतदान केंद्र 75 भिलाई नगर सेक्टर 2 वार्ड 56 डी.ए.व्ही. इस्पात विद्यालय सेक्टर 2 कमरा 2 एवं मतदान केंद्र 86 भिलाई नगर सेक्टर 1 वार्ड 54 संगवारी मतदान केंद्र में शामिल है। मतदान केन्द 166 प्रशासकीय अधि.कार्या. जनस्वास्थ्य विभाग कक्ष जोन-4 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द 40, 41 शा.पू.मा.शा. भवन शंकर छावनी कमरा नं 2 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र 03 महिला महाविद्यालय हॉस्पीटल सेक्टर भिलाई कमरा नं 3, मतदान केन्द्र 35 बीएसपी सी.सेके. स्कूल सेक्टर.10 कमरा नं. 05, मतदान केन्द्र 38 शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 कमरा न. 05, मतदान केन्द 51 स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी माध्यम हायर सेके विद्यालय सेक्टर.6 और मतदान केन्द 62 एसएनजी विद्या भवन सेक्टर.4 कमरा नं-2 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर के मतदान केंद्र 1 खम्हरिया वार्ड 1 शा.उमा.शा. खम्हरिया कमरा 1, मतदान केन्द्र 11 जुनवानी बस्ती उत्तर स्मृति नगर वार्ड 2 शा.प्रा.शा. पुराना भवन जुनवनी हाल, मतदान केंद्र 19 जुनवानी माडल टाउन पूर्व वार्ड 3 कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर कमरा 6, मतदान केंद्र 27 मोती लाल नेहरू नगर वार्ड 4. 6 शा.प्रा.शा. भवन नेहरू नगर कमरा 1, मतदान केन्द्र 65 इंदिरा नगर सुपेला वार्ड 15, 16 शा.पू.मा.शा. सुपेला कमरा 2, मतदान केन्द्र 93 वैशाली नगर कोहका वार्ड 20 शा. कन्या उ.मा. शाला भवन वैशाली नगर कमरा 2, मतदान केंद्र 146 घासीदास नगर वार्ड 23 शा.उ.मा.शा. हाउसिंग बोर्ड छावनी कमरा 13. मतदान केन्द्र 174 आजाद मोहल्ला केम्प 1 वार्ड 28 शा.उ.मा.शा वृन्दानगर केम्प 1 भिलाई कमरा 2. मतदान केंद्र 196 शांतिपारा दक्षिण केम्प 1 वार्ड 30 शा.उमा.शा. जे.पी. नगर कमरा 1 एवं मतदान केन्द्र 239 संत रविदास नगर केम्प 2 वार्ड 32, 37 शा.पूर्व.मा.केम्प 02 कमरा 2 संगवारी मतदान केन्द्र में शामिल है। मतदान केन्द्र 19 कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर कमरा नं. 06 को दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द, मतदान केन्द्र 45 शा. प्र. शा नया भवन कृष्णा नगर सुपेला कमरा 04 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र 1 शा.उ.मा. खम्हरिया कमरा नं 1, मतदान केन्द्र क्रण् 19 कृष्णा पब्लिक नेहरू नगर कमरा नंण् 06ए मतदान केन्द्र क्रण् 45 शाण्प्राण्शाण् नया भवन कृष्णा नगर सुपेला कमरा नं 4, मतदान केन्द्र 146 शा.उ.मा.शा. हाउसिंग बोर्ड छावनी कमरा न 13 और मतदान केन्द्र 196 शा.उ.मा.जेपी नगर कमर 1 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा के संगवारी मतदान केंद्र अंर्तगत मतदान केंद्र क्रण् 16 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन पश्चिम दिशा, मतदान केंद्र 17 नंदनी नगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन का हाल, मतदान केंद्र 18 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन पश्चिम दिशा, मतदान केंद 19 नंदनीनगर डीएव्ही इस्पात पब्लिक स्कूल भवन उत्तर दिशाए मतदान केंद 154 जामुल शा.उमा. शाला जामुल कमरा न 1, मतदान केंद्र 192 भिलाई 3 शासण् उच्च. माध्य. शाला भवन कमरा नं. 3 भिलाई 3, मतदान केंद्र 247 देवबलोदा पूमा शा भवन देवबलोदा उत्तर दिशा, मतदान केंद्र 248 देवबलोदा पू.मा. शा भवन देवबलोदा दक्षिण दिशा, मतदान केंद्र 258 मोरीद हाई स्कूल मोरीद कक्ष 1 एवं मतदान केंद्र 259 मोरीद हाई स्कूल मोरीद कक्ष 2 शामिल है। मतदान केन्द्र 155 शा. उ.मा.शा.जामुल कमरा 02 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्र 193 शा.उ.मा. शा. भवन कमरा नं, 4 भिलाई.3 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र 154 जामुल शा.उ.मा.शा जामुल कमरा 1, मतदान केन्द्र 192 शा.उ.मा.शा. भवन कमरा नं. 03 भिलाई 3, मतदान केन्द्र 193 शा.उ.मा.शा.भवन कमरा नं. 4 भिलाइ 3, मतदान केन्द 247 पू.मा.शा. भवन देवबलोदा उत्तर दिशा और मतदान केन्द 254 मोरिद हाईस्कूल मोरिद कक्ष 1 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे।

# पेंशनर एसोसिएशन डोंगरगढ़, द्वारा जीवित प्रमाण पत्र 1-11-2023 को भरकर जमा किया जावेगा

**डोंगरगढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिवित प्रमाण-पत्र स्टैट बैंक शाखा डोंगरगढ़ के समसँग जमा किया जाता है, माननीय स्टेट बैंक द्वारा 1 नवम्बर 2033 दिन बुधवार समय 10.30 बजे से स्थान-मारवाड़ी धर्मशाला मे लिया जावेगा, बैंक द्वारा फार्म-पेंशनर एसोसिएशन डोंगरगढ़ को उपलब्ध करा दिया गया है जिसका वितरण वरिष्ठ पेंशनरों द्वारा वितरण किया जा रहा है, फार्म बैंक या एसोसिएशन के पदाधिकारीयों से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है। राज्य, केन्द्र, शासन से सम्बद्ध पेश दस्तावेज- ह्रपासबुक, फोटो कापी 2 पेन कार्ड 3) आधार ञ्रपी0 पी0 ओ0 नम्बर 5 स्वयम की फोटो पासपोर्ट, फार्म में चाही गई जानकारी भर कर स्वयम जमा करें हस्ताक्षर, अंगूठा स्वयम चाही गई जानकारी पर ही करे या सहयोग से सावधानीपूर्वक भरकर जमा करें उक्त जानकारी संघ के सचिव रमेश- बहेकर द्वारा दी गई, उक्त जानकारी पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित है ।



**ग्राम पटेल का चुनाव**

ग्राम बोरतलाव में शीतला मंदिर प्रांगण में ग्राम वासियों के द्वारा ग्राम पटेल का चुनाव किया गया जिसमें ग्राम पटेल नवनिर्वाचित शिवलाल नेताम ग्राम पटेल नियुक्त किया गया ।जिसमें समस्त उपस्थित ग्राम वासी , हिरामन नेताम,कार्तिक नंदेश्वर, मनीष यादव,बंटी यादव ,गणपत ,पीताम्बर ,,रुपसिंग ,धनराज, चैतराम,रमेस और ग्राम वासी उपस्थित थे।

# मतदाता सूची चिन्हित और वर्किंग प्रति के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**बेमेतरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामान्य विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर आज जिला पंचायत सभागृह मे अपर कलेक्टर सी.एल. मार्कण्डेय की उपस्थिति मे मतदाता सूची के चिन्हित और वर्किंग प्रति के हेतु प्रशिक्षण आयोजित की गई। बैठक मे मास्टर ट्रेनर झा द्वारा इसकी जानकारी दी गई । उन्होंने बताया की चिन्हित प्रति नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि को मुद्रित रोल के 2 सेट (पीबी / ईडीसी लाल स्याही में मार्किंग के साथ) तैयार किये जाते है । मतदान दलों को 1 चिह्नित प्रति, 3 कार्यशील प्रतिया (मतदान दल अधिकारी क्रमांक 2, एजेंटों के संदर्भ के लिए आरक्षित चिह्नित प्रति के शीर्ष पर निर्धारित प्रारूप में आरओ / एआरओ ( स्याही हस्ताक्षरित) द्वारा प्रमाण पत्र संलग्न किया जाता है। साथ ही इसके प्रत्येक पृष्ठ पर इसकी जांच करने वाले अधिकारी कर्मचारी एवं नामावली के हेडर एवं फूटर में नियत स्थान पर ईआरओ के हस्ताक्षर होने चाहिए ।एक प्रति को चिह्नित प्रति के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए सहायक मतदान केंद्रों के मामले में मतदाताओं की संख्या भी उपरोक्त प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से इंगित की जानी है। प्रमाण पत्र में शब्दों और अंकों दोनों में विलोपन और सुधार की कुल संख्या का भी उल्लेख किया जाना चाहिए। सहायक पोलिंग स्टेशन के मामले में उस भाग के इलेक्टोरल रोल की दो प्रतियां गैर प्रासंगिक पृष्ठ को स्याही से चिह्नित क्रॉस (×) लगाकर हटा दिया जाना चाहिए एवं अधिकारी को अपना पूरा हस्ताक्षर भी करना चाहिए।

इलेक्टोरल रोल की वर्किंग प्रतियां और चिह्नित प्रतियां मतदान दलों के प्रेषण से कम से कम 2 दिन पहले पूरी कर दी जानी चाहिए। वर्किंग कॉपी में कोई मार्किंग नहीं की जाएगी। यह उस प्रति के समान होगी जो मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को दी जाएगी ।

अपर कलेक्टर मार्कण्डेय ने मतदाता सुचना पर्ची की जानकारी देतें हुये कहा की मतदाता सूचना पर्ची



में मतदान केंद्र, मतदान का समय और दिनांक आदि जैसी जानकारी उल्लेखित होगी लेकिन मतदाताओं की तस्वीर नहीं होगी।

सभी नामांकित मतदाताओं को मतदान की तारीख से कम से कम पांच दिन पहले मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जाएगी।

प्रिंटिंग जिला स्तर पर ही की जाएगी ।इसे मतदान के लिए पहचान पत्र के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मतदान दिवस को मतदाता को ईपिक या फिर आयोग द्वारा अधिसूचित 12 अन्य पहचान पत्र में से कोई भी एक लाना होगा ।इसके वितरण कार्यक्रम की सूचना सभी उम्मीदवारों / उनके एजेंटों को दी जाएगी। एक साथ अधिक संख्या में वितरण वर्जित है। बीएलओ अपने मूल हस्ताक्षर के तहत विआईएस जारी करेगा और इसकी पावती प्राप्त करने हेतु बीएलओ अपने बीएलओ रजिस्टर के प्रारूप 2 का उपयोग करेंगे । अवितरित मतदाता सुचना पर्ची के आधार पर प्रत्येक बूथ हेतु एक एएसडी लिस्ट तैयार की जावेगी।

# डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर्मियों ने किया मताधिकार का उपयोग

**विद्या ज्योति स्कूल में स्थापित सुविधा केन्द्र पर आगामी दो दिन, 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे**

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान कार्य हेतु संलग्न अधिकारी- कर्मचारियों को डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है। विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान दल के द्वितीय चरण प्रशिक्षण के दौरान रविवार को पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक,दो और तीन द्वारा डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान किया गया। इस मौके पर कलेक्टर विजय ने सुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया।



ज्ञात हो कि इस सुविधा केंद्र के माध्यम से मतदान करवाने में संलग्न मतदान कर्मियों के द्वारा दो दिन 31 अक्टूबर 2023 तक प्रातः 10 बजे से सांयकाल 05 बजे तक विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर के कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-003 में विधानसभा क्षेत्र 85 बस्तर, कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-004 में विधानसभा क्षेत्र 86 जगदलपुर, कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-005 में विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट तथा कक्ष क्रमांक बी 3-009 में विधानसभा क्षेत्र 84 नारायणपुर के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया जा सकेगा।

# कलेक्टर ने गुमलवाड़ा के मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. रविवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्र के गुमलवाड़ा के मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुँचे थे। उन्होंने मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले निर्वाचन में गुमलवाड़ा में 84 प्रतिशत मतदान किया गया था, इस पर कलेक्टर ने मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता की सराहना की। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने इससे पूर्व जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के



वनरेबल मतदान केंद्रों प्राथमिक शाला फ्रेजरपुर, प्राथमिक शाला जाटम, प्राथमिक शाला नानगुर मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों के सामने मतदान केंद्र की पूरा विवरण का उल्लेख करने वाली जानकारी को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ भी उपस्थित थे।



# विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में बस्तर पुलिस

## शहर के चप्पे-चप्पे में और ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है फ्लैग

**फ्लैग मार्च में बस्तर पुलिस के साथ-साथ सीआईएसएफ, आरपीएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी के**

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीना के नेतृत्व में बस्तर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए पुलिस की तरफ से सभी उपाय किए जा रहे हैं। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर व भय के निष्पक्ष और निर्भीक रुप से कर सकें, इसके लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी माकूल प्रबंध किए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के द्वारा बस्तर पुलिस के जवान और सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, बीएसएफ एवं आरपीएफ के जवानों को चुनाव से संबंधित जरूरी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, साथ-ही-साथ पुलिस जवानों को चुनाव के तहत चौकसी के साथ कर्त्तव्य का निर्वाहन करने की और सुरक्षा के लिए बेहतर ढंग से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। शहर के चप्पे-चप्पे में और ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बस्तर पुलिस के जवानों के साथ-साथ सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी एवंआरपीएफ के जवान शामिल हैं। शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, आम लोगों में विश्वास जगाने और असमाजिक तत्व एवं गुंडा बदमाशों में कानून का डर बनाने को लेकर लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बस्तर जिला पुलिस बस्तर जिला के मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील करता है, साथ-ही-साथ अगर कोई व्यक्ति अफ़वाह फ़ैलाता है या किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को जरूर दें।

# कांग्रेस सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कर रही अच्छे कार्य : अंशुल अविजीत

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अविजीत ने रविवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार गरीबों का पैसा लेकर अमीरों को देती है। वहीं अब देश की सम्पति को उद्योगपतियों को सौंपने का काम कर रही है और बस्तर का नगरनार स्टील प्लांट भी विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद अपने उद्योगपति मित्रों को सौंप देंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2018 में सियासत बदला तो बस्तर में भी बदलाव आया। कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उन वादों को निभाया। छत्तीसगढ़ और आदिवासियों की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम पांच साल में भूपेश सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पांच साल में



शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ किसानों व मजदूरों के लिए भी योजना बनाकर बेहतर काम किया है, इसलिए किसान व आमजन का भरोसा कांग्रेस पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राहल गांधी ने एक दिन पहले ही यह घोषणा कर दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा और प्रति एकड़ 20 च्टिंल धान की खरीदी की जाएगी। साथ ही अब तेन्दूपत्ता संग्राहकों को भी प्रति मानक बोरा 4400 रूपए दिए जाने का घोषणा किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में अब तक आम जनगणना भी नहीं हुआ है, लेकिन कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना करने का घोषणा किया है। जातिगत जनगणना से जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी भागीदारी होगी।

# शहर के अलग-अलग जगहों में जुआ खेल रहे 8 जुआरी रंगे हाथ पकड़े गए

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जुआ, सट्टा पर अभियान चलाकर जुआरियों पर कार्यवाही करने में सफलता मिली है। शहर में मैत्री संघ गली, कुम्हारपारा भवानी चौक एवं जमाल मिल गली में कुछ जुआरी ताश के पत्तों पर रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में



टीम द्वारा रेड कार्यवाही के दौरान 3 अलग- अलग स्थानों पर 8 जुआरियों जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनसे कुल 15,000/- रुपए मौके पर जप्त किया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

## निधन

**विकास बक्शी**



छुई खदान, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास बक्शी शिक्षक शासकीय उत्तर माध्यमिक कन्या शाला छुई खदान एक बीमारी से उनका निधन हो गया वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे अपने पीछे पत्नी व दो बच्चे छोड़ गए उम्र 52 वर्ष जिनका अंतिम संस्कार स्थानी मुक्तिधाम में किया गया काफी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्य दीपक देशमुख मनोज कोचर शरद श्रीवास्तव मधुकर महोबिया संदीप श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि दी।

**रघुनंदन वर्मा**



**खरोरा**,29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम तुलसी( असौन्दा) निवासी रघुनंदन वर्मा उम्र( 75 वर्ष) आज रविवार को निधन हो गया। वह ताराचंद वर्मा , प्रकाश वर्मा , प्रदीप वर्मा , के पिता थे । व हृदयराम वर्मा के बड़े भाई थे । उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया ।जहां परिजनों सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। गाँधी नगर वार्ड में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने के आरोपी प्रकाश नाग पिता जगरनाथ ने बताया की वह गांजा विक्रय करने के लिए ग्राहक का इंतजार करना बताकर 20 कि. ग्रा. गांजा जिसका बाजार मूल्य 2,लाख रूपये को पेश करने से जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बोधघाट जगदलपुर में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया

# नारी शक्ति और सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ करवाएं मतदान : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान कर्मियों की द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर के विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में नारी शक्ति और सभी मतदान कर्मी उत्साह के साथ मतदान करवाएं, इस पर्व में मतदान कर्मी के रूप में सहभागिता निभाने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति द्वारा संचालित संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे इसलिए इन मतदान केंद्रों के बेहतर तरीके से निर्वाचन सम्पन्न करने के लिए प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को समझें। श्री विजय ने सभी मतदान कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए बिना विघ्न के मतदान सम्पन्न करवाने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने कहा कि संगवारी मतदान केंद्र में महिला पुलिस कर्मियों



को भी सुरक्षा के लिए तैनात करने की पहल की जाएगी। इस प्रशिक्षण को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता, चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक सुदेश कुमार मोखटा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम और मतदान कर्मियों के द्वारा डाकमत से मतदान करने की गतिविधि का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी जगदलपुर नंद कुमार चौबे, प्रशिक्षण प्रभारी संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, डाकमत पत्र प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# निगरानी टीम ने कार चालक से नगदी रकम 55,500 एवं वाहन को किया जप्त

**बेमेतरा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है।



बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए स्स्ञ/स्नस्ञ निगरानी टीम बनाई गई है। स्स्ञ/स्नस्ञ निगरानी टीम ने थाना बेमेतरा एवं पुलिस चौकी कंडरका क्षेत्रांतर्गत कार्यवाही की गई है। आज दिनांक 29.10.2023 को रात्रि 01/35 बजे स्नस्ञ निगरानी टीम को सूचना मिला कि कोई अज्ञात व्यक्ति अपने साथियो के साथ कार से नवागढ के तरफ से संदिग्ध हालत में आ रहा है कि सूचना पर स्नस्ञ निगरानी टीम ग्राम चारभाठा ढोलिया बायपास रोड चौराहा के पास पुरानी वाहन कार 800 क्रमांक सीजी 07 ङ्क 0193 से चंदन जायसवाल उम्र 31 साल पता विजय नगर बैंक कालोनी वार्ड नं. 12 थाना मोहन नगर दुर्ग से नगदी रकम 55,500/- रूपये एवं उक्त कार कीमती 50,000/- रूपये, कुल 1,05,500/- रूपये को मौके पर उक्त रकम के संबंध में किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जप्त किया गया हैं। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, स्नस्ञ निगरानी टीम प्रभारी अभिषेक तिवारी, सउनि जितेन्द्र कश्यप, आरक्षक लोकेश्वर साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.10.2023 के रात्रि करीबन 12/20 बजे पुलिस चौकी कंडरका क्षेत्रांतर्गत खारून नदी पुल के पास स्थित स्स्ञ निगरानी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम गुधेली की ओर से रायपुर की ओर जा रहे एक एसयूवी कार ष्ट्त्र 10 एजे 6009 से अरूण कुमार यादव निवासी धौराभाठा थाना हिर्री जिला बिलासपुर से वाहन में रखे एक राजनैतिक दल के 23 नग झंण्डा कीमती 460/- रूपये एवं वाहन कीमती 8,00,000/- रूपये, कुल 8,00,460/- रूपये को मौके पर उक्त झंण्डा के संबंध में किसी प्रकार का अनुमति/ बिल एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जप्त किया गया हैं। इस दौरान स्स्ञ निगरानी टीम अधिकारी दीप चंद्रवंशी (सब इंजिनियर), पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक ठाकुरराम घृतलहरे, आरक्षक भावेश पुरी गोस्वामी, नंदु ध्रुव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ व्यापम की भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

- जिला मुख्यालयों में दो पालियों में परीक्षा हुई
- प्रथम और दूसरी पाली में 3061 परीक्षार्थी भर्ती परीक्षा में शामिल हुए, 1891 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे



**बेमेतरा** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आज 29 अक्टूबर (रविवार) को आयोजित विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षाएं जिला मुख्यालयों में दो पालियों में आयोजित हुई।

प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12.15 बजे तक जबकि दोपहर 2 बजे से अपरान्ह 4.15 बजे तक भर्ती परीक्षा ली गयी।

प्रथम और दूसरी पाली की परीक्षा 14 सेंटरों पर आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 4242 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थीए उनमें 2730 परीक्षार्थी शामिल हुए और 1512 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।इसी प्रकार दूसरी पाली में एक परीक्षा केंद्र शासकीय प.ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालयए बेमेतराएमें आयोजित हुई।इसमें कुल 710 परीक्षार्थियों में से 331 ने परीक्षा दी और 379 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

प्रथम पाली की परीक्षा बेमेतरा के 13 केंद्रों में शासकीय प.ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालयए बेमेतरा,लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालयए बेमेतरा,शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा,स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालयए बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा,स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूलए बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए जेवरी,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए जेवरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कठिया रांका, बेमेतराए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बावामोहतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कारेसरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरदा और एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा में आयोजित हुई।

कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए अधिकारी.कर्मचारियों को दायित्व दिए थे। अपर कलेक्टर श्री सी.एल. मार्कण्डेय और डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया ।

# वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र और निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारियां

**बेमेतरा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। दो चरणों में हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियाँ अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं।

- वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप डाउनलोड कर मतदाता जान सकते हैं अपने उम्मीदवारों के बारे में

सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है। यह एक बहुउपयोगी एप है। यह एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

# ज़िले में बनाए जाएंगे 30 संगवारी मतदान केंद्र

**बेमेतरा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 में महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं सहित सभी मतदाताओं के लिए और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निर्वाचन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बेमेतरा ज़िले में 30 संगवारी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में दस-दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। इन मतदान केन्द्रों में मतदान दल और सुरक्षा बल सहित अन्य स्टॉफ महिलाएं होंगी।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पदुम सिंह एल्मा ने बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं द्वारा ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादित किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला सुरक्षा बल को सौंपी जाएंगी। इनके साथ ही पोलिंग बूथ की निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटोग्राफी महिलाओं द्वारा की जाएगी। श्री एल्मा ने बताया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ऐसे विधानसभा क्षेत्र जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है तथा पिछले निर्वाचन के दौरान कम मतदान हुआ है, उन क्षेत्रों में विशेष रूप से संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे।

# 16 वर्ष बाद पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तीन फरार स्थाई वारंटी लगा पुलिस के हाथ

**खैरागढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) प्रदीप येरेवार के दिशा निर्देश में स्थायी वारंटी टीम का गठन कर उपनिरीक्षक बिरेन्द्र चन्द्राकर, प्रआर आशुतोष सिंह,आर लोकेश ठाकुर, लाला निषाद, तेजराम, उदय बरेठ मआर लक्ष्मी चंदेल मआर राधिका के द्वारा खैरागढ़ न्यायालय के प्रक. 388/2006 धारा 4,6,10,11 पशु क्रूरता के आरोपी संतोष कुर्मी पिता सखाराम कुर्मी उम्र 55 वर्ष निवासी आमगांव थाना आमगांव जिला गोदिया महाराष्ट्र व खैरागढ़ न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 388/2006 के आरोपी सुनील केवट पिता तुलसीराम केवट उम्र 57 वर्ष निवासी आमगांव थाना आमगांव जिला गोदिया महाराष्ट्र व खैरागढ़ न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 196/2013 के आरोपी कुवरलाल सेंड पिता चमरू लाल सेंड उम्र 59 वर्ष निवासी मोहतोला थाना आमगांव जिला गोदिया महाराष्ट्र जो पिछले 16 वर्षों से पशु क्करूता अधिनियम के तहत वारंटी फरार थे। एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा स्थायी वारंटी टीम गठित किया गया है।टीम को मुखबिरी से सूचना मिला कि उक्त वारंटी अपना अलग-अलग जगह बदल कर क्षेत्र में निवास कर रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल टीम के द्वारा स्थायी वारंटी को घेराबंदी कर पकडा गया टीम के द्वारा न्यायालय में पेश किया गया है। इस तरह जिले के अन्य फरार स्थायी वारंटी की गिरफ्तारी व वारंटियों की पता तलाश की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# कांग्रेस के छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव के पर्यवेक्षक डां. वेल्ला का आज आगमन

**बेमेतरा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव के पर्यवेक्षक एवम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव डां.श्री वेल्ला प्रसाद का आज सोमवार 30 अक्तूबर जिला मुख्यालय पहुंचेंगे।वे जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए प्रस्तावित आम सभा की तैयारीयो का जायजा लेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल ने जारी प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया कि डां.श्री वेल्ला दोपहर 2ः00 बजे महासमुंद से बेमेतरा के लिए निकलेंगे जो कि तकरीबन शाम 4ः00 बजे तक पहुंचेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के द्वार प्रस्तावित आमसभा के तैयारी का जायजा जहां लेंगे वही डां.श्री वेल्ला बेमेतरा विधायक कार्यालय में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओ से भेंट मुलाकात कर प्रस्तावित आमसभा की तैयारी के संबंध में विचार-विमर्श करेंगें । कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री पटेल ने समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को इस दौरान उपस्थित होने का आ आह्वान किया है ।

- जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रस्तावित आम सभा की तैयारी का लेंगे जायजा

# जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी कर रहे जनसंपर्क

## हल चलाता किसान छाप को युवा, महिलाओं का मिल रहा भारी समर्थन

**खैरागढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 में जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी लक्की नेताम अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लगातार प्रचार प्रसार जोर शोर से कर रहा है। लक्की नेताम विधानसभा के वनांचल साल्हेवारा, नर्मदा, पैलीमेटा के आसपास गांव में जाकर अपना प्रचार प्रसार लगातार कर रहा है। मतदाताओं का व्यापक समर्थन भी लगातार प्राप्त हो रहा है। जोगी कांग्रेस का छापा हल चलाता किसान छाप है। इसी छाप से दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह दोनो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा को हराकर खैरागढ़ विधानसभा में जोगी कांग्रेस को विजय प्राप्त हुआ था। मतदाताओं ने भी हल चलाता किसान छाप में वोट देकर दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह को अपना विधायक बनाया था। इस बार जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी व कार्यकर्ता मैदान में उतरकर अपने पार्टी का प्रचार करते हुए नजर आ रहे है। जोगी कांग्रेस को युवा,महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता भी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम कर रहे है। जोगी कांग्रेस को वनांचल में आदिवासी समाज का पूरा समर्थन मिल रहा है। लक्की नेताम अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांव, बाजार में जाकर में अपने पार्टी का बैनर पोस्टर पापलेट के द्वारा जोगी कांग्रेस का प्रचार करते नज़र आ रहे है। मतदाताओं का आशीर्वाद व जनता का प्यार खूब मिल रहा है। प्रचार के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मंगल नेताम, आत्मा लोधी, लक्ष्मण डेहरे प्रकाश धुर्वे, संतराम धुर्वे, ललित धुर्वे, अरुण धुर्वे, फतेह लाल साहू, मनोहर जघेल, हेमप्रसाद धुर्वे सहित अन्य कार्यकर्ता जोगी कांग्रेस के प्रचार प्रचार में सहयोग कर रहे। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रचार के दौरान उपस्थित रहे।



# रश्मि देवी कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने लिया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग

**खैरागढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों ने जिला संयुक्त कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी (स्वीप) खैरागढ़ छुईखदान गंडई के निर्देशानुसार रंगोली, पोस्टर, मेकिंग, स्लोगन लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिला स्तरीय कार्यक्रम में विगत दिनों इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। जिसमें रंगोली निर्माण पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन व नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रश्मि देवी महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी प्रो सुरेश कुमार आडवाणी व एनएसएस प्रभारी प्रो. यशपाल जंघेल के विशेष सहयोग से महाविद्यालय के दर्जन भर से अधिक छात्र छात्राओं ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें कैंपस अम्बेसडर, टिकेंद्र वर्मा, श्रुति अग्रवाल, नगमा नियाजी, वर्षा वर्मा, वंदना वर्मा, देवेंद पटेल, हिमांचल, मुकेश कवर, कुलेश्वर मानिकपुरी, अंजू धुर्वे, विनायक साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहें।



# अचौद मे हुआ लोककला महोत्सव



**गुण्डरदेही,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को शरद पुर्णिमा के अवसर पर ग्राम अचौद मे नवीन युवा मित्र समिति एवं समस्त ग्रामवासी के संयुक्त तत्वाधान मे लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आदिवासी नृत्य मांदरी फागगीत हरिकीर्तन हास्य प्रहसंग जसगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी नृत्य मांदरी से हुई जिसमे आदिवासी वेशभूषा से सुसज्जित कलाकारों ने शोभायात्रा निकाली गई भगवान राम के चरित्र का वर्णन करते हुए हरीकीर्तन ने सब को भावविभोर कर दिया छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कलाकार उर्वशी एवं उपासना वैष्णव ने कचरा बोदरा प्रहसंग की प्रस्तुति देकर पूरे मंच को हंसाने एवं गुदगुदाने का काम किया जसगीत जैसे कार्यक्रम मे देशभक्ति का सीन दिखाकर जस झांकी परिवार ने सबका मनमोहन लिया ग्रामीणो ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनिय है हमारी संस्कृति को लुप्त होने से बचाने का एक सफल प्रयास है हमारे देश की संस्कृति बहुत ही प्राचीन एवं सभ्य है जिसको दूसरे देश के लोग भी अपना रहे है आने वाले समय मे भी इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे हमारी संस्कृति को सहेज कर रखा जा सके कार्यक्रम मे ग्रामीणजन व आसपास के सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित थे।

- प्रसिद्ध कलाकार उर्वशी एवं उपासना वैष्णव ने कचरा बोदरा प्रहसंग की दी प्रस्तुति

# दीपा लव रामटेके के पक्ष में महिलायें व शिक्षित वर्ग का बढ़ रहा है ग्राफ

**राजनांदगांव,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौतमी चुनाव अभिकर्ता दीपा लव रामटेके ने प्रेस को बताया है कि राजनांदगॉव विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जन सम्पर्क के दौरान जन चर्चा पर महिलायें, युवा वर्ग और शिक्षित वर्ग इस बार राजनांदगॉव विधानसभा में बदलाव चाहते है. विधानसभा राजनांदगॉव में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा होने हम उम्मीद कर रहें है कि इस बार उच्च शिक्षित, स्थानीय, संघर्षशील, दमदार महिला प्रत्याशी की ही विजय होगी.



विधानसभा की जनता अब किसी लालच या बहकावें में आने वाली नहीं है. दीपा लव रामटेके पेशे से हाईकोर्ट अधिवक्ता है और वे राजनांदगॉव विधानसभा को *कोई सताये हमें बतायें* की तर्ज पर बनाना चाहती है, जहॉ महिलाओं की सुरक्षा व रोजगार मुख्य मुद्दा है. किसी भी तरह की आम जनों की समस्या के लिये हमेशा आगे रहने वाली महिला प्रत्याशी दीपा लव रामटेके के पक्ष में इस बार महिलायें, युवा वर्ग व शिक्षित वर्ग आगे आ रहे है राजनीतिक वादों व बहकावें में आने वाले नहीं है.

गौतमी ने बताया कि दीपा लव रामटेके झुठे वादों पर नहीं अपनी विधानसभा राजनांदगॉव में जमीनी स्तर पर कार्य करने को तत्पर है. जन सम्पर्क के दौरान लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और देख रहें है.

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण छग में फिर बनेगी भरोसे की सरकार: गिरीश देवांगन

**राजनांदगांव,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने सघन जनसंपर्क के दौरान ग्राम इंदावानी में आम जनता से रूबरू होकर 15 वर्षीय असक्षम नेतृत्व को हटाने के लिए अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि जिस प्रकार से 15 वर्षीय भाजपा के कुशासन में उनके खुद के विधानसभा राजनांदगांव के किसानों के सुखा राहत के पैसे का गबन करने का काम रमन सिंह के साथ संरक्षण में हुआ वही योजनाओं में जिस प्रकार बंदर बांट भाजपा ने किया वह छग की संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भाजपा की भ्रष्टाचारी सरकार रमन सिंह के नेतृत्व में अस्त-व्यस्त कर दिए थे 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को जिस प्रकार से मजबूती प्रदान की गई और सीधे जनता के जेब में पैसा डाला गया और ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराए जिसके कारण छत्तीसगढ़ में खुशहाली का वातावरण निर्मित हुआ और भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कुशल प्रबंधन के कारण 40 लाख परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आए जिसका प्रमाण नीति आयोग ने अपने रिपोर्ट में दिया है और तो और छत्तीसगढ़ की सरकार ने ऐसी योजनाएं धरातल पर लागू की जिसे देश भर में सराहा गया और केंद्र की भाजपा सरकार ने भी उसे पुरस्कृत कर छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के साथ योजनाओं के क्रियांवयन के लिए प्रदान किया है भाजपा ने किसानों को युवाओं को महिलाओं को सिर्फ ठग कर अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करने में लगे रहे। रमन राज की ऐसी एक भी योजना नहीं जो भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ी हो सिर्फ निर्माण कार्य कमीशन बाजी के होती थी तभी रमन सिंह भाजपाइयों से कमीशन ना लेने की अपील करते रहे। प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भागवत साहू, अंगेश्वर देशमुख, घनश्याम देवांगन, गोवर्धन देशमुख, अजय मारकंडे, रोहित चंद्राकर, मानव देशमुख, सुलोचना मारकंडे, पिकू साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## 30 को इन वार्डों में जनसंपर्क

वार्ड 24 गुरूगोविंद सिंह वार्ड के हेमू कल्याणी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क यात्रा प्रारंभ करेंगे जो वार्ड भ्रमण करते हुए प्रभात नगर होते हुए वार्ड 23 अनुपम नगर भ्रमण करते हुए वार्ड 45 सृष्टि कालोनी, जीवन कॉलोनी होते हुए कौरिनभाठा वार्ड 44 में भ्रमण करते हुए गांधी नगर, महेश नगर में आज के जनसंपर्क यात्रा का समापन करेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के अंजोरा, कोपेडीह, मरारटोला, फुलझर, बिरेझर, नवागांव में जनसंपर्क करेंगे।

उल्टा पुल्टा

प्रेमिका अपने प्रेमी से- एक बात बताओ जब वजन, लंबाई, चौड़ाई यह सब नापने के लिए मानक हैं तो प्यार, दोस्ती और विश्वास नापने के लिए कुछ क्यूं नहीं है?
प्रेमी (काफी देर तक लड़की की तरफ देखने के बाद)- देख, दिमाग मत खा, मैं पहले ही फिजिक्स में फेल हूं।

## संपादकीय

# केजी से पीजी मुफ्त शिक्षा

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान महत्वपूर्ण है जिसमें पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर वह फिर सरकार बनाती है तो केजी से पीजी यानी स्नातकोत्तर कक्षाओं तक की शिक्षा सभी को मुफ्त में देगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इससे प्रदेश की साक्षरता दर में व्यापक सुधार होगा और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा प्राप्ति से सब के लिये जीवन निर्वाह के अवसर मिल सकेंगे।

2011 की जनगणना के मुताबिक राज्य में साक्षरता दर 70 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है जिसमें 80 फीसदी पुरुष एवं 60 प्रश महिलाएं हैं। पिछले 5 वर्षों में यानी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा पर बहुत ध्यान दिया गया है। इसमें महिला शिक्षा और अंग्रेजी स्कूलों पर विशेष फोकस किया गया है। इस दौरान भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार ने 19000 करोड़ रुपये इस क्षेत्र में खर्च किये हैं। यह राशि अनेक राज्यों के मुकाबले कुल बजट के प्रतिशत के लिहाज से काफी अधिक है जो एक अच्छा संकेत है।

निशुल्क शिक्षा का छत्तीसगढ़ के लिहाज से बहुत महत्व है क्योंकि यह मूल रूप से एक परम्परावादी समाज है जहां बच्चों को, विशेषकर लड़कियों को सीमित कक्षाओं तक पढ़ाकर स्कूल से निकाल लिया जाता है। ऐसे पालकों एवं अभिभावकों का मानना है कि चूंकि लड़कियों को उम्र होते ही ब्याह देना है, इसलिये उन्हें अधिक पढ़ाना व्यर्थ है। शिक्षा अधूरी छोड़ने वालों में लड़कियों का औसत ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। वैसे पढ़ाई के खर्च के चलते लड़के हों या लड़कियां, बड़ी संख्या में दोनों को ही शालाएं छोड़नी पड़ती हैं। अगर दो बच्चों में एक को ही पढ़ाने की क्षमता पालकों-अभिभावकों की होती है तो वरीयता लड़के को मिलती है। चाहे वह पढ़ाई में अच्छा हो या न हो। लड़कियां पढ़ाई में कितनी भी अच्छी हों, उनकी ही पढ़ाई छुड़वाई जाती है। ऐसा नहीं कि अधिक बच्चों के अभिभावकों को ही खर्च उठाने की समस्या होती है। कम हों या इकलौती संतान होने पर भी शिक्षा पर बड़ा खर्च होता है। इसलिये यह घोषणा जनहित में है। अगर कांग्रेस जीतती है और उसे यह योजना लागू करने का मौका मिलता है तो कह सकते हैं कि इससे प्रदेश की साक्षरता की दर बढ़ेगी। जिस तरह से वर्तमान सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिखाया है, उससे आशा की जा सकती है कि कांग्रेस सरकार को अवसर मिला तो राज्य में हर किसी के लिये निशुल्क शिक्षा की राह प्रशस्त होगी। उम्मीद है कि इससे बच्चों में अधिकतम शिक्षा हासिल करने की इच्छा जाग्रत होगी। साथ ही, पालकों एवं अभिभावकों का बच्चों पर अध्ययन का खर्च घटेगा जो एक बड़ी राहत होगी।

# तीन बार मुख्यमंत्री देने वाली राजिम विधानसभा सीट छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कोई भी पार्टी लगातार सीट नहीं हथिया पायी, 2003 और 13 में भाजपा पांच में कांग्रेस इस बार कौन ?

## 1977 में पहली बार गैर कांग्रेसी विधायक जनता दल से चुने गए थे पवन दीवान

**राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कोई भी प्रत्याशी लगातार दूसरी बार चुनाव जीतकर जनता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाया राजनीति में दखल रखने वालों की माने तो 1998 में पंडित श्यामा चरण शुक्ल के सांसद बनने के बाद 1999 में हुए उपचुनाव में आभिजित मध्य प्रदेश में अमितेश शुक्ल विधायक बने उसके बाद 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई 2003 तक अमितेश शुक्ल नवीन छत्तीसगढ़ राज्य में राजिम के विधायक रहे 2003 मे हुये पहले चुनाव में चंदू लाल साहू ने अमितेश शुक्ल को पराजित किया, 2008 के चुनाव में अमितेश ने पुन: जीत हासिल की फिर 2013 के चुनाव में अमितेश शुक्ल संतोष उपाध्याय से पराजित हुए 2018 में अमितेश शुक्ल ने संतोष उपाध्याय को पराजित कर राजिम सीट हासिल की अब 2023 के चुनाव में अमितेश शुक्ल और भाजपा से रोहित साहू आमने-सामने है अब आंचल एवं राजनीतिज्ञो में चर्चा है कि इस बार राजिम से कौन ?

**पिछले चुनाव में रोहित थे तीसरे क्रम में:** गली चौराहो में यह चर्चा जोरों से है कि पिछले चुनाव में रोहित साहू अमितेश और संतोष उपाध्याय के खिलाफ जनता कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़े थे और 23776 वोट पाकर तीसरे क्रम में थे अमितेश शुक्ल 58 हजार से जीते थे इस बार अमितेश शुक्ल और रोहित साहू आमने-सामने हैं जनता काग्रेंस और आप पार्टी भी अपनी किस्मत आजमा रही है यह पार्टियों किस पार्टी को प्रभावित कर पाएंगे कुछ दिनों बाद यह मालूम चल पाएगा ।



1985 में राजिम विधानसभा में भाजपा ने खोला था खाता

**एक समय था जब राजिम विधानसभा सीट अविभाजित मध्य प्रदेश का केंद्र बिंदु रहता था:** एक समय था जब अविभाजित मध्य प्रदेश में राजिम विधानसभा सीट राजनीति का केंद्र बिंदु रहता था राजिम विधानसभा ने अविभाजित मध्य प्रदेश को तीन बार मुख्यमंत्री दिया यह सीट पंडित समाचार शुक्ला की परंपरा गत सीट रही है अब उनके पुत्र अमितेश शुक्ला कांग्रेस से राजिम विधानसभा सीट को संभाल रहे इस बार भी कांग्रेस ने श्री शुक्ला पर अपना विश्वास जताया है। आपातकाल के बाद 1977 में जनता दल से संत पवन दीवान चुने गए थे आजादी के बाद यह पहला मौका था जब 77 में गैर कांग्रेसी सरकार बनी फिर 85 में भाजपा ने अपना खाता खोला और पुनीत राम साहू एक किसान का बेटा जीत कर विधानसभा पहुंचा 1990 में फिर नतीजा बदला और पंडित समाचार शुक्ला विधायक बने इस तरह से 1998 तक विधायक रहे और 1998 में लोकसभा में चले गए और राजिम सीट खाली हो गई 1999 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने पंडित श्याम चरण शुक्ल के पुत्र अमितेश पर भरोसा जताया और उपचुनाव मे विजय भी हुए । 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना और अविभाजित मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी इसलिए राज्य में भी कांग्रेस की सरकार बनी फिर जोगी मुख्यमंत्री काल में अमितेश शुक्ल 2003 तक मंत्री रहे मगर 2003 के चुनाव में अमितेश शुक्ल चुनाव हार गए और चंदूलाल साहू विजय हुए फिर 2008 के चुनाव में अमितेश शुक्ल पुन: विधायक बने 2013 में संतोष उपाध्याय बीजेपी से विजय हुए और 2018 में पुन: अमितेश शुक्ल विजय हुए ।

# हाथ में हंसिया, सर में लाल गमछा बांधे किसान के रूप में ग्राम कठिया में नजर आए राहुल गांधी, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव चरणदास मंहत और ताम्रध्वज साहू

**नवापारा राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। अभनपुर विधान सभा के अन्तर्गत नगर से कुछ किमी दूर एवम नवा रायपुर के समीप ग्राम कठिया में खेत मे काम कर रहे किसान उस समय आश्चर्य चकित हो गये जब किसानो ने अपने समीप कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्य मंत्री टी एस सिंहदेव ,चरणदास मंहत और ताम्रध्वज साहू को जब अपने बीच देखा ।. राहुल गांधी ने किसानों के साथ खेत में धान की कटाई की। इस दौरान श्री गांधी ने कहा किसान खुशहाल तो भारत खुशहाल. उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कांग्रेस सरकार के 5 सबसे बेहतरीन काम गिनाए. जिन्होंने किसानों को भारत में सबसे खुशहाल बनाया है. राहुल गांधी का कहना है कि ये छत्तीसगढ़ का एसा मॉडल है जिसे पूरे भारत में दोहराएंगे.



**अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू नजर नहीं आए जो रहता चर्चा का विषय**

बताया गया है कि श्री गांधी गांव के पीलूराम साहू के खेत में तीन गाड़ी में पांच नेता पहुंचे थे श्री गांधी ने खेत में काम कर रहे 15- 20 मजदूरों से लगभग 45 मिनट तक धूप मे खडे खडे बातचीत की बातचीत के दौरान उन्होने धूप की परवाह नही की इस दौरान उन्होने उनके साथ फोटो भी खिंचवा । इस अवसर पर आंचल में चर्चा का विषय रहा की अभनपुर विधायक अनुपस्थित रहे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है की या तो श्री गांधी अचानक पहुंचे हैं या फिर विधायक को इसकी जानकारी नहीं हो पाई.

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इन दिनों अपने अपने अलग अलग रूप को लेकर चर्चा में है। हाल में ही कुली,कारपेन्टर के रूप में नजर आने के बाद अब छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी किसान मजदूर के रूप में फसल काटते नजर आए ।उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ में धान का मुद्दा काफी अहम हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस को धान के मुद्दे और कर्ज >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# महासमुंद विधानसभा से अशवंत तुषार साहू जनता कांग्रेस छग जे के प्रत्याशी घोषित



**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छग जे ने महासमुंद विधानसभा के लिए अशवंत तुषार साहू को अपना अघिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। महामंत्री के हस्ताक्षर से 28 अक्टूबर को जारी 8 प्रत्याशियों की सूची में अशवंत तुषार साहू का नाम शामिल है। अशवंत इसके पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी की है सियत से चुनाव प्रचार कर रहे थे। जोगी कांग्रेस ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग को अपना प्रत्याशी घोषित किया था किंतु उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया और कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर करते हुए कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशी के पक्ष में काम करने का निर्णय लिया। इसके बाद जोगी कांग्रेस ने अशवंत तुषार साहू को प्रत्याशी घोषित किया है।

# वार्ड नंबर 5 के निवासी रोड नहीं तो वोट नहीं का आवाज किया बुलंद



**बलौदाबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 5 के निवासी लंबे समय से रोड और नाली की मांग पिछले कई वर्ष कर रहे हैं परंतु हर बार सिर्फआश्वासन हाथ लगता है। पार्षद जब चुनाव के समय वोट लेने आते हैं बड़े-बड़े वादे करके चुनाव जीतने के बाद कोई काम नहीं करवाते हैं सिर्फझूठा आश्वासन देते हैं। इसी के चलते वर्तमान विधानसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में पहुंचे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच नगर के वार्ड क्रमांक 5 के निवासियों ने अपनी मांग को लेकर रोड नही तो वोट नही का आवाज बुलंद किया। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष के आश्वासन के चलते वार्ड वासियो ने अपने विरोध के स्वर को बंद किया।

वार्ड वासियों ने बताया कि शहर के शनि मंदिर के सामने इंद्र वर्मा एवं रमाशंकर सोनी के मकान के बीच जो रोड गई है कई सालों से नहीं बनी है रोड जर्जर हो गई है। नाली टूट चुकी है बरसात का पानी पूरे सड़क पर आ जाता है जिससे गंदगी फैलती है। इस गंदगी से वार्डों में निवास कर रहे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जैसे ही बात नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल के पास पहुंची। उन्होंने तत्काल संज्ञान में लेकर चुनाव के बाद रोड और नाली बनाने का वार्ड वालों को आश्वासन दिया है। उन्होंने यह बताया टेंडर हो गया है आचार संहिता लगी है इसके वजह काम नहीं हो पाया है चुनाव के बाद शीघ्र काम चालू हो जाएगा। वार्ड वासियों ने बताया इसके पूर्व सीएमओ राजेश्वरी पटेल द्वारा वार्ड का निरीक्षण के दौरान वार्ड निवासी को आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही यहां पर रोड और नाली एवं सुव्यवस्थित स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी उनके ट्रांसफर हो जाने के बाद काम ठंडे बस्ते में पड़ गयां।

**अध्यक्ष के आश्वासन के बाद प्रदर्शन किया रद्द**

वार्ड निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में सड़क की दुर्दशा को लेकर सभी कॉलोनीवासी दुखी हैं। उनका कहना है कि नेताओं ने पिछले चुनाव के समय अपना काम निकालने के लिए कॉलोनी के हर घर के सामने पक्की सड़क बनाने का वादा किया था लेकिन अभी तक किसी ने अपना वादा पूरा नहीं किया।

# बलौदाबाजार में आज भाजपा की भव्य नामांकन रैली व जनसभा

**बलौदाबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा जिला इकाई के तत्वाधान में सोमवार को भव्य नामांकन रैली का आयोजन किया गया हैं। रैली के पूर्व स्थानीय दशहरा मैदान में विशाल जनसभा भी होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली, राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, सांसद सुनील सोनी, सांसद गुहाराम अजगल्ले, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल शामिल रहेंगे। पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्रमश: भाटापारा, बलौदाबाजार और कसडोल से भाजपा के प्रत्याशी शिवरतन शर्मा, टंकराम वर्मा और धनीराम धीवर पार्टी के दिग्गज नेताओं, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों के साथ रैली की शक्ल में जिला निर्वाचन कार्यालय में जाकर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जनसभा 11 बजे से 3 बजे तक स्थानीय दशहरा मैदान, बलौदाबाजार में होगी। जिसमें डॉ. जांगड़े ने पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों सहित आमजन से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# कांग्रेस की नामांकन रैली आज

**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशियों द्वारा रैली निकालकर नामांकन दाखिल 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा। नामांकन रैली कांग्रेस भवन से निकलेगी जिसकी तैयारी की जा रही है। रैली में राज्य शासन मंत्री शिव डहरिया के आने की संभावना है। छग में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने महासमुंद विधानसभा से डा. रश्मि चंद्राकर, खल्लारी विधानसभा से द्वारिकाधीश यादव, बसना से देवेंद्र बहादूर सिंह व सरायपाली से चातुरी नंद को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। नामांकन दाखिले का आज 30 अक्टूबर को अंतिम दिन है।

# कांग्रेस प्रत्याशी शैलेष त्रिवेदी ने तिल्दा एवं सुहेला क्षेत्र में किया जनसंपर्क



**बलौदाबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों में बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने आज अपने चुनावी अभियान में 29 अक्टूबर को तिल्दा एवम सुहेला क्षेत्र के अनेको ग्रामो में सघन जनसम्पर्क किया। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सबसे पहले तिल्दा ब्लॉक के सोमनाथ धाम मंदिर से पूजा कर लखना, सुगेरा, बलौदी, खैरखूँट, सगुनी, तरपोंगी, सड्डू, सांकरा, भूमिया, खम्हरिया, बेमता में जनसम्पर्क किया।

उन्होनें भूपेश बघेल सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं पिछले पॉच वर्षो में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली किसान हितैषी सरकार के लिये आशीर्वाद मांगा। इस दौरान राम गिन्डलानी ओम ठाकुर सौरभ सिरमौर, रूपेश वर्मा, बलदाऊ साहू, देवेंद्र वर्मा, अनिल सिंह भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात शैलेश त्रिवेदी ने सुहेला ब्लॉक के ग्राम नयापारा में सघन जनसम्पर्क कर आदिवासी समाज के लोगो से मुलाकात कर अपने एवम कांग्रेस पार्टी के पक्ष में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में समर्थन मांगा। ग्राम सुहेला में जनसम्पर्क करने के बाद >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दिव्यांग सेवा समिति की बैठक में जिला कार्यकारिणी का किया गया विस्तार



- डॉ निशांत बाजपाई जिलाध्यक्ष, नूतन सेन बने जिला सचिव
- समाज सेवियों का किया गया सम्मान

**बलौदाबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)।28 अक्टूबर को बलौदाबाजार मे सक्षम समदृष्टि छमता विकास एवं अनुसन्धान मंडल दिव्यांग सेवा समिति का जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक मे मुख्यअतिथि के रूप में डॉ निशांत बाजपाई, प्रांत सचिव अनुप पांडे, प्रांत चरेवेति (अस्थि बाधित) प्रकोष्ट प्रमुख ढालेन्द्र साहू सम्मिलित हुए। प्रांत सचिव अनुप पांडे द्वारा सक्षम के कार्य, उदेश्य आदि को विस्तार पूर्वक बताया गया, प्रांत चेरेवेति प्रमुख ढालेन्द्र साहू द्वारा विगत् समय बलौदाबाजार भाठापारा जिला मे सक्षम द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी दी गयी।

इस बैठक में प्रांत सचिव द्वारा जिला की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष डॉ निशांत बाजपाई बलौदाबाजार, जिला उपाध्यक्ष लता साहू बलौदाबाजार, नीलकंठ पटेल गिरौदपुरी कसडोल, जिला सचिव नूतन सेन बलौदाबाजार, जिला सह सचिव डॉ मुरित श्रीवास असनिंद कसडोल, कोमल कांत यादव टोनाटार भाठापारा, जिला कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा बलौदाबाजार, जिला महिला प्रकोष्ट प्रमुख शशिप्रभा वर्मा अमेरा पलारी, कसडोल ब्लॉक संयोजक मोतीराम बंजारे को बनाया गया। इसी के साथ खैरागढ़-छुईखदान जिला संयोजक के रूप मे तुलेश्वर सेन एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला संयोजक के रूप मे संजीव राजेत्री को जिम्मेदारी सौपी गयी है। बलौदाबाजार जिला मे दिव्यांगजनो के सेवा हेतु दिव्यांग सेवा केंद्र का उद्घाटन उपस्थिति अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमे प्रत्येक सप्ताह सक्षम के कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति शनिवार को प्रदान करेंगे। जिसमे जिले से कोई भी दिव्याग साथी सम्पर्क करके अपनी समस्या को रख सकते है जिसका समाधान के लिये मार्गदर्शन एवं सहयोग सक्षम द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर मधु सराफ एवं मुरित श्रीवास द्वारा नेत्रदान संकल्प पत्र भरा गया। कार्यक्रम् के अंत मे माधवी सराफ को समाज सेवा, राजेश्वरी बघेल समाज सेवा, किरण वर्मा समाज सेवा, राजेश केशरवानी पशु पक्षी संरक्षण, मुकेश साहू रक्तदान, प्रमा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# समाज में शक्ति का जागरण ही विजयादशमी पर्व है : उत्तरा



**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। हमारी संस्कृति में जो देता है वह देवता है। संघ आज समाज को नई दिशा देने को तैयार है। हमें सकारात्मक सोच के साथ देश और अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना है। जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने गिरि वासियों, वनवासियों को संगठित कर अधर्म और अन्याय के प्रतीक रावण का संहार कर धर्म व सज्जन शक्ति को स्थापित किया। उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक हिन्दू समाज के सज्जन शक्तियों को जागृत कर संगठित करने का कार्य करते हुए देश की रक्षा के लिए संकल्पित है। समाज में शक्ति का जागरण ही विजयादशमी पर्व है। स्वयंसेवक संघ महासमुन्द नगर द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष उत्तरा विदानी ने अपने सम्बोधन में उक्त बातें कही। अमृत वचन, एकल गीत के पश्चात मुख्य वक्ता सुबोध राठी प्रांत संयोजक गौसेवा ने कहा ष्हमारा धर्म और संस्कृति कितना भी श्रेष्ठ क्यों ना हो जब तक हमारे पास शक्ति नहीं उसका कोई औचित्य नहीं है। निर्बल शक्ति को कोई नहीं मानता। शक्ति में सामर्थ्य होनी चाहिए। शक्ति की आराधना ही हमारी मूल आराधना है। शक्ति का संचय अर्थात् समाज का जागरण हमारे पूर्वज ही हमारी संस्कृति के संवाहक हैं। हमारा इतिहास संघर्षों का इतिहास है। हमें अपनी विरासत को संजोए रखना है, शास्त्र और शस्त्र की शक्ति को पहचानना है जहां शक्ति होती है वही शांति होती है। मुख्य वक्ता ने आगे कहा ष्त्रेता युग में मंत्र शक्ति, सतयुग में ज्ञान शक्ति तथा द्वापर में युद्ध शक्ति प्रमुख बल था, किन्तु कलियुग में संगठन की शक्ति ही प्रधान है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन शक्ति के बल पर आज विश्व का सबसे बड़ा बलशाली, पराक्रमी, विजयशाली और विजुगिषु प्रवृत्ति जगाने वाला संगठन है। हमें आधा श्लोक पढ़ाया जाता है अहिंसा परमो धर्म:ष् परन्तु उसके आगे की बात नहीं बताई जाती अहिंसा परमो धर्म: धर्म हिंसा तथैव अर्थात धर्म स्थापना के लिए हिंसा किया जाए तो वह पाप नहीं है। श्रीराम ने सामाजिक समरसता के लिए शबरी के जूठे बेर खाए। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना के अवसर पर किया पथ संचलन



**नवापारा राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)।अपने राष्ट्र के अतीत का गौरव, वर्तमान की पीड़ा व भविष्य के सुनहरे सपने जिस देश के जन-जन में व्याप्त होता है, वह देश ही प्रगति कर सकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ विगत 97 वर्षों से समाज के साथ सतत कार्य कर रहा है। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नवापारा इकाई ने संघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर पथ संचलन किया। मुख्य वक्ता राजिम विभाग के बौद्धिक प्रमुख रहे। स्वयंसेवकों ने नगर के रामजानकी मंदिर से निकलकर नगर के पंजवानी चौक, महावीर चौक, पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, सुभाष चौक, काली मंदिर से गंज मंडी होते हुए पुन: रामजानकी मंदिर पहुंचे। अपने बौद्धिक में पटेल ने बताया कि संघ की स्थापना विजयादशमी को केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर के मोहिते वाड़ा में किया गया था। जो आज विश्व का सबसे बड़ा गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठन बन गया है। अपनी शताब्दी वर्ष के निकट पहुंच रहा है। संघ का काम देश, समाज एवं राष्ट्र के हितों में होकर सदा से समाज को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राजशाही दशहरा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

**फिंगेश्वर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। रात्रि 9 बजे राजा नीलेंद्र बहादुर का रथ राज परिवार के युवराज सदस्यों मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों नगर के समस्त वरिष्ठ जन जन प्रतिनिधि अस्त्र-शस्त्र धारण किए हुए सॉन्ग देवता के साथ सैनिक दल एवं समस्त शुभचिंतकों दलबल के साथ बड़े ही भव्यता ढोल नगाड़ों की धुन चका चौंध कर देने वाली लाइट साथ में भगवान बालाजी भगवान राम जी की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से लोक नृत्य के कलाकारों द्वारा प्रदर्शन के साथ नगर के युवाओं द्वारा विशेष रूप से अगवानी करते हुए शोभायात्रा निकाली गई पुराना बस स्टैंड पहुंचने तक जगह-जगह राजा का स्वागत सम्मान फूल माला आरती श्रीफल भेंट कर किया जाता रहा राजा ने भी आमंत्रित क्षेत्र के लोगों का अभिवादन हाथ हिलाकर अपने स्थान से खड़े होकर बड़े ही उत्साह एवं निर्मल भाव से जनता का अभिनंदन कर रहे थे क्षेत्र के दिवंगत राजा महेंद्र बहादुर सिंह के उत्तराधिकारी राजा नीलेद्र बहादुर को देखने लोगों का उत्साह देखते बन रहा था दशहरा पर्व राष्ट्रीय तिथि से 3 दिन बाद तेरस तिथि दिन शुक्रवार 27 अक्टूबर को आयोजित था असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीकात्मक राम रावण के युद्ध के बाद रावण के अंत होने पर विजयदशमी के दिन जीत की खुशी में राजा रामचंद्र जी का तिलक किया गया इस परंपरा के अनुसार फिंगेश्वर राजशाही दशहरा विजय दिवस के रूप में राजकीय परंपरा को निभाते हुए भव्य आयोजन के साथ शोभा यात्रा के रूप में विजय जुलूस निकालकर विजय होने की खुशी में जबरदस्त आतिशबाजी हाई स्कूल मैदान में की गई राजा की सवारी रानी श्याम कुमारी चौक पहुंची जहां उन्होंने दिवंगत रानी साहिबा रानी श्याम कुमारी देवी के मूर्ति पर हार पहना कर पूजा अर्चना की आशीर्वाद प्राप्त किया पश्चात विजय जुलूस असत्य पर सत्य की जीत की खुशी में राजा के सम्मान में जयकारा लगाते मुख्य मार्ग होते हुए राजमहल पहुंचा जहां परंपरा अनुसार अतिथियों नगर वासियों एवं क्षेत्र की जनता द्वारा राजा को भेंट दी गई एवं राजा द्वारा सभी को भेट पान अपने हाथों से दिया गया पूरे आयोजन की व्यवस्था एवं सुचारु संचालन हेतु नगर शांति समिति के सदस्यों मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों देवेंद्र बहादुर सिंह आदित्येदं बहादुर सिंह शिवकुमार सिंह ठाकुर रमेंद्र सिंह ठाकुर शिवाजी धुर्वे बिसौहा हरित पंकज शर्मा रवि तिवारी दीपक तिवारी संतोष ठाकुर डोगर सिंह मरकाम अनिल चंद्राकर अतुल श्रीवास्तव दिलीप यादव अरविंद यादव नगर के पार्षद गण जे पत्रकार संघ के सभी सदस्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार नगर के व्यापारी गण सभी का भरपूर सहयोग रहा नगर में चार मुख्य स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे प्रशासन के एवं चुनाव आचार संहिता के चलते क्षेत्र के लोगों को रात भर होने वाले दशहरे का लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया जनता के बीच चर्चा का विषय रहा लोगों ने प्रशासन के अधिकारियों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए राजशाही दशहरे को रात भर चलने वाले कार्यक्रमों को रोके जाने पर आक्रोश जताया साथ ही इसका परिणाम छोटे व्यापारी जो अपना रोजगार लेकर आते हैं उन्हें भी काफी नुकसान उठाना पड़ा।



**जगह-जगह राजा नीलेंद्र बहादुर का स्वागत सम्मान किया गया मंदिरों में लाखों की भीड़ विजय शोभा यात्रा के आते ही जबरदस्त आतिशबाजी की गई**

# चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भाटापारा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के *अपराध क्रमांक 390/2023 धारा 341, 294, 323, 506, 394 भादवि एवं 25,27 आर्म्स एक्ट* के आरोपी को गिर. किया गया।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 26.10.23 को प्रार्थी रोहन कश्यप निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25.10.23 को नाका नं. 1 से बस स्टैण्ड जाते समय श्याम पेटोल पंप के सामने आरोपी आनंद गुप्ता द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर बिना कारण के मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार चाकू से मारपीट कर चोंट पहूंचाया मौके पर आरोपी आनंद ऊर्फ लाला गुप्ता के विरूद्ध अपराध कायम का विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी लाला गुप्ता को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो घटना करना स्वीकार किया आरोपी लाला गुप्ता से एक नग लोहे का धारदार चाकू एवं मो.सा. ष्टत्र 22 ॥ 9890 को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया आरोपी द्वारा प्रार्थी को मारते समय पेंट की जेब में रखे नगदी रकम को लूटने पर प्रकरण में धारा 394 भादवि जोडी जाकर आरोपी को आज दिनांक 27.10.2023 को गिर0 कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। *उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में सउनि घनश्याम वर्मा, प्रधान आरक्षक भुखन लाल वर्मा, जेठू राम मनहरे आरक्षक रवि कंवर, बसंत पन्ना, का विशेष योगदान रहा।

**गिर0 आरोपी का नाम**

*आनंद ऊर्फ लाला गुप्ता पिता संतोष गुप्ता उम्र 25 साल निवासी संतकंवर राम वार्ड भाटापारा भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा*

# कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली

**बिलाईगढ़** 29 अक्टूबर(देशबंधु) ।कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने शाम 4 बजे जिले के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को वोटिंग मशीन-बीयू, सीयू, व्हीव्हीपैट के तार को कैसे जोड़ा जाता है, को प्रत्यक्ष जोड़कर बताया और वीडियो के माध्यम से समझाया गया।




बैठक में सेक्टर अधिकारियों को सभी कार्य निर्वाचन नियमानुसार करने, मतदाता के 18 वर्ष आयु होने के शंका की स्थिति में जन्म प्रमाण पत्र या घोषणा पत्र के साथ मतदान करने की अनुमति दी जाने की प्रक्रिया, शाम 5 बजे के 5 मिनट पूर्व घोषणा और मतदान केन्द्र में लाइन लगे मतदाताओं के अंतिम व्यक्ति को प्रथम टोकन देते हुए लाइन के प्रथम व्यक्ति को अंतिम टोकन देने, मतदान केन्द्र में सभी उम्मीदवारों के साथ समान व्यवहार करने के लिए कहा गया। इसके साथ-साथ निर्वाचन पुस्तिका 'किया जावे' और 'न किया जावे' के बारे में सूक्ष्म जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी सहित मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, एस.आर. अजय, चन्द्रा आदि उपस्थित थे।

# अंतराष्ट्रीय रेफरिंग एवं कोचिंग सेमिनार में प्रदेश के 4 प्रशिक्षकों ने भाग लिया

**भाटापारा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतराष्ट्रीय कुराश एसोसिएशन एवं एवं भारतीय कुराश महासंघ के सँयुक्त तत्वाधान में सहारनपुर ( उत्तर प्रदेश ) में आयोजित अंतराष्ट्रीय कुराश रेफरिंग एवं कोचिंग सेमिनार का आयोजन 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 4 कुराश प्रशिक्षकों ने स्टार 1 ग्रेड रेफरिंग की परीक्षा पास की , प्रशिक्षकों में आदित्य सिंह , बैजनाथ गुप्ता , वर्षा मिरी , ओमप्रकाश मिश्रा वही आशीष यादव ने नेशनल रेफरी की परीक्षा पास की , प्रशिक्षकों एवं रेफरी को प्रशिक्षण देने हेतु विशेष रूप से ईरान से अंतराष्ट्रीय कुराश एसोसिएशन सचिव रेजा नासिरी वही उज्बेकिस्तान से ओलमजोन रोवशोनोव उपस्थित थे, प्रशिक्षकों की इस सफलता पर अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ टेक्निकल डायरेक्टर रवि कपूर ,भारतीय कुराश महासंघ संरक्षक (बागपत सांसद) सत्यपाल सिंह , भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष राजन वर्गीस , भारतीय कुराश महासंघ उपाध्यक्ष परीक्षित डागर ,भारतीय कुराश महासंघ महासचिव विक्रांत कश्यप , ,भारतीय कुराश महासंघ के कोषाध्यक्ष शिवाजी सालुंके , भारतीय कुराश महासंघ के तकनीकी कमीशन सदस्य सोमबीर सिंह , राकेश सोलंकी , राहुल व्यास, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुभकामनाये देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## प्रादेशिकी का शेष...

### हाथ में हंसिया, सर में लाल गमछा...

माफी से ऐतिहासिक जीत मिली थी। ऐसे में फिर से कांग्रेस ने इस चुनाव में धान के मुद्दे पर ही फोकस किया हैं हाल में ही सीएम बघेल ने कर्ज माफी की घोषणा की थी। जिसके बाद अब राहुल गांधी भी किसानों के बीच नजर आए। बकायदा सिर के लाल गमछा बांधे, हाथ में हसिया लिए धान की फसल काटते दिखे इस दौरान उनके साथ भूपेश बघेल टीएस बाबा ताम्रध्वज साहू चरणदास मंहत भी फसल की कटाई करते दिखे, राहुल को अपने बीच पाकर किसान भी गदगद दिखे।

### काँग्रेस प्रत्याशी शैलेष त्रिवेदी...

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के सभी कार्यकर्ताओं की बैठक भी हुई। जिसमें प्रमुख रूप से भाटापारा के पूर्व विधायक चैतराम साहू, प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, बसंत आडिल, संदीप पांडेय, डॉ फारुखी, कुबेर यदु, रामविलास साहू, सुरेंद्र ठाकुर, अभिनव यदु, बिसन साहू, उमा अनन्त, रामखिलावन शर्मा, उमेश वर्मा, हरीश वर्मा, सहित बड़ी संख्या में काँग्रेसजन उपस्थित थे।

### दिव्यांग सेवा समिति की बैठक...

फाउंडेशन, दूधनाथ कुमार साहू रक्तदान, शशिप्रभा वर्मा महिला सशक्तिकरण, इंदु साहू महिला सशक्तिकरण, नरेश कुर्रे शिक्षा जागरूकता, चेतन छत्रिय स्वास्थ सेवा, शुभम सेन रक्तदान, रामेश्वरी ध्रुव महिला सशक्तिकरण, मुरित् श्रीवास स्वास्थ एवं शिक्षा, राहुल मिश्रा को रक्तदान के लिए प्रतिक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे लता साहू द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया गया एवं प्रांत सह सचिव लोकनाथ सेन द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन किया गया।

### समाज में शक्ति का...

श्री कृष्ण ने माखन चोरी कर ग्वाल बालों को खिलाया। गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज को जोड़ने का प्रयास किया। आज संघ स्थापना दिवस है, आज से 98 वर्ष पूर्व डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की। उन्होंने देखा कि भारत के पास न तो संसाधनों की कमी है और न ही शक्ति का, फिर भी भारत गुलाम है। उन्होंने पाया कि लोगों में देशभक्ति की भावना और संगठन शक्ति का अभाव है। वे भारत को परम वैभव के शिखर में पहुंचाकर विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना चाहते थे। वे खोई हुई हिन्दू संस्कृति और हिन्दू संस्कार को वापस लाना चाहते थे। संघ स्थापना के पीछे यही मूल उद्देश्य था। आज हमारे सामने मतांतरणए सामाजिक समरसता, पर्यावरण, ग्राम विकास, परिवार प्रबोधन जैसी अनेक चुनौतियां है। उन्होंने समाज को आह्वान करते हुए कहा कि ष्सर्वे भवन्तु सुखिनरू एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को लेकर हिन्दुत्व का भाव मन पैदा करें और आने वाले संकटों का डटकर मुकाबला करें। इस अवसर पर नगर संघचालक भूपेन्द्र राठौड़, खंड संघचालकए प्रांत व्यवस्था प्रमुख घनश्याम सोनी, समवैचारिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग, जिला, नगर व खंड के अधिकारी और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी नगर के प्रचार प्रमुख चन्द्रशेखर साहू ने दी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न...

प्रेरणा देना है। हम संकल्प ले कि हम सभी देश की एकता के लिए काम करेंगे। पथ संचलन के दौरान जगह जगह नगरवासियों ने मां भारती के सपूतों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। घोष दल के साथ 60 स्वयंसेवकों ने संचलन किया।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला जारी

**आरंग,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकासकार्यो ने आरंग की तस्वीर बदल दी है। मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया द्वारा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यो की सौगात दी गई है। यही कारण है कि क्षेत्र के विकास कार्यो से बीजेपी कार्यकर्ता भी काफी प्रभावित है और कांग्रेस पार्टी के प्रति लगाव हो रहा है। इसी तारतम्य में आज एक बार फिर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के समक्ष मंदिरहसौद, मुनरेठी, बड़े मुनगी से बड़ी संख्या में भाजपा छोड़कर कार्यकर्ता कांग्रेस के शामिल हो गए। कांग्रेस के जिला महामंत्री दिनेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, चंदखुरी सेक्टर अध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी के नेतृत्व में इन कार्यकर्ताओ का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया गया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्ग के लोगो का ध्यान रखती है। मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में आरंग विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए है। विकासकार्यो का सिलसिला लगातार चलता रहे यही सोचकर हम सभी मंत्री डॉ.शिवकुमार के साथ खड़े हुए है। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी और मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया इतिहास रचेंगे। कार्यक्रम में बड़े मुनगी से पंच योगेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जागेश्वर वर्मा, सोनू वर्मा, भरत वर्मा, मनीष वर्मा, मंगतू वर्मा, खूबचंद वर्मा, महेश वर्मा, रमेश वर्मा, राजेश वर्मा, सेवक वर्मा, जगदीश प्रजापति, दाऊ निर्मलकर ग्राम मुनरेठी से नेमन बंजारे, हरिश चेलक, परमेश्वर कुर्रे, सुनील बंजारे, जीवन चेलक, सुभाष चेलक, मंदिरहसौद से हेमलाल टण्डन, मनहरण टण्डन, विक्रम गायकवाड़, प्रवीण सायतोड़, सुनील टण्डन, झम्मन कुर्रे, गोविन्द गायकवाड़ सहित भारी संख्या में कांग्रेस में शामिल हुए।



# आज सुतीउरकुली में भव्य रावण दशहरा महोत्सव

**बिलाईगढ़** 29 अक्टूबर(देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सुतीउरकुली में आज भव्य रावण दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। सुतीउरकुली में प्रथम वर्ष भव्य रावण दशहरा महोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय कबडडी प्रतियोगिता(पुरुष) प्रथम ईनाम 7501रु एवं शील्ड, द्वितीय ईनाम 5001रु एवं शील्ड,तृतीय ईनाम 3001रु एवं शील्ड,यह ईनाम षडवदन(सड्डू)साहू सरपंच ग्राम पंचायत सुतीउरकुली के द्वारा, वही गढ़ तोड़ाई(लम्बी कूद) ईनाम एक बकरा सरपंच द्वारा, रात्रिकालीन कार्यक्रम प्रेमसुधारस नाईट लोककला मंच रायपुर की प्रस्तुति होगी। आयोजक टीम ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

# जनता कांग्रेस ने तेजेश्वर पर भरोसा जताया



**कुरूद** 29 नवंबर (देशबंधु )-क्षेत्र के एक सामाजिक कार्यकर्ता तेजेश्वर कुर्रे ने 27 अक्टूबर को अपना नाम निर्देशन पत्रक दाखिल किया. जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने तेजेश्वर कुर्रे थूहा वाले पर भरोसा जताया है और उन्हें कुरूद विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। तेजेश्वर कुर्रे ने हमारे संवाददाता को बताया कि वे अपनी स्वेच्छा और लोगों के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं ।उन्होंने अपने निर्वाचन अभिकर्ता और दो प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन फार्म जमा कर दिया है।

# अवैध शराब का कोरोबार करने वाले गए जेल

**आरोपी के कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 4000/- रुपये जप्त**

**बिलाईगढ़,** 29 अक्टूबर(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल एवं स्छ्हक्कबिलाईगढ़ के मार्गदर्शन पर आचार संहिता के लगने उपरांत थाना क्षेत्र में होने वाले अवैध शराब,जुआ,सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व में आज दिनांक 29.10.2023 को मय शासकीय वाहन क्रमांक ष्टत्र 03, 0226 में थाना प्रभारी के हमराह आरक्षक 238,318 के साथ टाउन देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था, बस स्टैण्ड भटगांव में जरिये मुखबीर सूचना मिला की घसिया पारा भटगांव का एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर गवाहन को धारा 160 जा0फौ0 का नोटिस देकर मौका स्थल पर पहूंचकर आरोपी मनोहर लाल सारथी को प्रयोजन बताकर तलाशी पंचनामा तैयार कर खुद का स्टाफ का एवं गवाह का मनोहर लाल सारथी से तलाशी करवाकर सूचना मिले स्थान का तलाशी लिया। तलाशी में आरोपी मनोहर लाल सारथी के कब्जे में एक भूरा लाल रंग का चेकदार पिट्ठू बैंग के अंदर रखे 50 पाव देशी प्लेन शराब सीलबंद प्रत्येक में 180- 180द्वद्य भरी हुई किमती 4000/रूपये का रखें मिला ।




आरोपी को शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस दिया। जो कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सका आरोपी के पेश करने पर मुताबिक जप्ती

# खोवा फीका 300 से 320 रुपए

**दूध की आपूर्ति बढ़ाने रायपुर और बिलासपुर का दबाव**

**भाटापारा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाटापारा का दूध। बिलासपुर और रायपुर का खोवा। बरसों से चली आ रही यह व्यवस्था, इस वर्ष भारी मांग के दबाव में है। कीमत हालांकि ठहरी हुई है लेकिन मौसम और त्यौहारी मांग का दबाव बढ़ा, तो विवशता में दूध की कीमत बढ़ानी पड़ेगी। असर खोवा के भाव में भी नजर आएगा।



मौसम शीत ऋतु का और अवसर दीपावली का। यह दोनों मिलकर दूध उत्पादकों पर दूध की आपूर्ति बढ़ाने के लिए दबाव बनाए हुए हैं। हालांकि दूध उत्पादन में 15त्न वृद्धि की खबर आ रही है लेकिन डिमांड पूरी करने में डेयरियों की सांसें फूलने लगी हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र की मदद से संतुलन बनाए रखने के प्रयास किये जा रहें हैं।

**दबाव इनका**

खोवा बनाने वाले लघु उद्यमी। इनकी डिमांड ने दस्तक दे दी है। यह इसलिए क्योंकि दीपावली के लिए स्वीट कॉर्नरों ने तैयारी चालू कर दी है। साथ ही शादियों की तारीखें भी करीब हैं। दूसरा दबाव कैटरिंग एजेंसियों का भी बना हुआ है। इसलिए खोवा की मांग बढ़ी हुई है।

**मांग बढ़ी घरेलू उपभोक्ताओं की**

मौसम के बदलने के साथ घरेलू उपभोक्ताओं ने दूध की मांग बढ़ानी चालू कर दी है। इसके अलावा टी और कॉफी कॉर्नरों से भी मांग बढ़ चली है। हमेशा की तरह इनकी मांग को इस बार भी प्राथमिकता दी जा रही है क्योंकि यह दोनों दूध के स्थाई उपभोक्ता रहे हैं।

**दूध में ऐसे हैं भाव**

खंड क्षेत्र में प्रतिदिन 10 हजार लीटर दूध का उत्पादन होता है। चूंकि मौसम का साथ मिल रहा है, इसलिए इस समय उत्पादन में 1500 लीटर प्रतिदिन की वृद्धि हो चुकी है। लगभग इतनी ही मात्रा में, मांग भी बढ़ी हुई है। लिहाजा बढ़ी हुई मात्रा, खोवा बनाने वाले लघु उद्यमियों को दी जा रही है। कीमत की बात करें, तो इस समय प्रति लीटर 45 से 50 रुपए तय है।

**मुकाबला खोवा में**

300 से 320 रुपए किलो फीका खोवा। 200 से 220 रुपए किलो मीठा खोवा। मजबूत प्रतिस्पर्धी के रूप में 20 किलो के पैक में ब्रांडेड खोवा भी इस बार मैदान में है। जिसकी खरीदी स्वीट कॉर्नरों से निकली हुई है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद स्थानीय स्तर पर बनाया और बेचा जा रहा खोवा फिलहाल आगे ही है। यह इसलिए क्योंकि छोटे होटल इसकी ही खरीदी कर रहे हैं।

## निधन

### विकास बक्शी



छुई खदान, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास बक्शी शिक्षक शासकीय उत्तर माध्यमिक कन्या शाला छुई खदान एक बीमारी से उनका निधन हो गया वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे अपने पीछे पत्नी व दो बच्चे छोड़ गए उम्र 52 वर्ष जिनका अंतिम संस्कार स्थानी मुक्तिधाम में किया गया काफी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्य दीपक देशमुख मनोज कोचर शरद श्रीवास्तव मधुकर महोबिया संदीप श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि दी।

### रघुनंदन वर्मा



**खरोरा**,29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम तुलसी( असौन्दा) निवासी रघुनंदन वर्मा उम्र( 75 वर्ष) आज रविवार को निधन हो गया। वह ताराचंद वर्मा , प्रकाश वर्मा , प्रदीप वर्मा , के पिता थे । व ह्रदयराम वर्मा के बड़े भाई थे । उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया । जहां परिजनों सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों में पौधारोपण

**पिथौरा, 29 अक्टूबर** (देशबंधु) डाक परिमंडल रायपुर के निर्देश पर संभाग के सभी उप डाकघरों एवं ग्रामीण डाकघरों में आज रविवार अवकाश होने के बाद भी स्वच्छता और पर्यावरण की सुंदरता के तारतम्य में पौधारोपण किया गया महासमुंद संभाग के उप संभागीय डाक निरीक्षक श्री सुरेंद्र साहू एवं सरायपाली उप संभाग के डाक निरीक्षक श्री दीपचंद पुरी के निर्देश पर सभी डाकघरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामीण डाकघरों के ग्रामीण डाक सेवक बीपीएम,एवम ए बीपीएम सहित ग्राम के प्रमुख लोग भी शामिल हुए।



# दो दिन बाद 1 नवंबर को होने जा रहा धान खरीदी, तैयारी का अता-पता नहीं



**राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। दो दिन बाद अर्थात 1 नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुभारंभ होने जा रहा है। खरीदी को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजिम शाखा की तैयारी किस तरह से की गई है ये बताने के लिए यहां के ब्रांच मैनेजर गंभीर नही दिख रहे है। राजिम सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन। राजिम, पोखरा, रक्शा, बासीन, कोमा, बेलटुकरी और श्यामनगर जैसे सभी 7 उपार्जन केंद्रो में बोरा, सुतली, तिरपाल पहुंचाया गया है कि नही यह भी जानकारी नही मिल पा रही है। लाईट की व्यवस्था हुई है या नही ? इन सभी खरीदी केंद्रो की साफ-सफाई और धान खरीदी से जुड़े कुछेक नियमो का फ्लैक्स लगाया गया है अथवा नही यह भी बताने वाला कोई नही है। इलेक्ट्रानिक काटा का सत्यापन हुआ कि नही ? खरीदी केंद्रो में पहुंचा कि नही ये भी जानकारी अब तक उपलब्ध नही हुआ है। इधर खरीदी केंद्रो से जुड़े कर्मचारियो की माने तो अभी फसल कटाई का प्रारंभिक चरण है। लिहाजा धान बेचने के लिए बहुत ही कम संख्या में किसानो के आने की बात चर्चा में है। टोकन काटी जा रही है परंतु कितने किसानो का पंजीयन हुआ है ये भी जानकारी सामने नही आई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि धान खरीदी का काम कितना युद्ध स्तर पर चलेगा, किसानो को खरीदी केंद्रो के कर्मचारियो का कितना सहयोग और सपोर्ट मिलेगा यह आने वाले दिनो में स्पष्ट होगा। बता दे कि पिछले सालो में असमय हुई बारिश के बीच कहीं खरीदी बंद हुआ तो कहीं बोरे की कमी दिखी इसके अलावा बेलटुकरी उपार्जन केंद्र में अधिक धान की तौलाई हुई जिसमें हंगामा भी हुआ और किसानो को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा। इस तरह के कड़वी यादों को संजोए हुए पुनरू इस वर्ष नए सीजन की धान खरीदी की शुरूआत 1 नवंबर से प्रारंभ हो जाएगी।

राजिम ब्रांच के सर्वाधिक चर्चित बेलटुकरी उपार्जन केंद्र की बात करे तो यहां के तत्कालीन फड़ प्रभारी खेलावन साहू द्वारा किसानो के धान को अधिक मात्रा में तौलने की करस्तानी पर उन्हें विभाग के उच्च अफसरों ने सस्पेंड किया था वहीं दूसरी ओर अधिक तौले गए धान वापसी के लिए उपार्जन केंद्र के सामने मेहनतकश किसानों को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा था। तब तत्कालीन राजिम एसडीएम अविनाश भोई जो आज की तारीख में गरियाबंद जिले में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ है। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू, किसान संगठन के नेता तेजराम विद्रोही की मौजूदगी में विभाग के अफसरों ने 140 क्विंटल धान वापिस करने का फैसला किया था। इस फैसले के बाद गुस्साए किसान शांत हुए और धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। उस समय के जिला नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा भी संदेह के दायरे में रहे पर उन तक आंच नही आया।

बता दे कि उस समय तौल मशीन में छेड़खानी कर धान खरीदी केंद्र में किसानों से अधिक तौल कर धान लिया गया था। जिसकी जांच की गई थी। अधिकारियों की जांच प्रतिवेदन के आधार पर औसतन 226 ग्राम प्रति बोरा अतिरिक्त धान तौल होना पाया गया। इस तरह 21 दिसंबर तक के कुल 24460 चिंटल खरीदी में किसानो के तौल में 140 चिंटल अधिक धान लिया गया था। जिसकी राशि 2 लाख 71 हजार 600 रुपये था।

बेलटुकरी खरीदी केंद्र के सात काटो का भौतिक सत्यापन खाद्य विभाग गरियाबंद भेजकर कराया गया है यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष भीमसेन साहू ने बताया कि कोई भी किसान आनलाईन टोकन कटा सकता है ऐसे किसान किसी भी दिन अपना धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंच सकते है लेकिन जिनका आनलाईन टोकन नही कटा वे अपने गांव के दिन के हिसाब से ही धान लेकर आ सकेंगे। अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि राजिम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक का अता-पता नही है और न ही अब तक वे तैयारी के निरीक्षण के लिए पहुंचे है। पखवाड़े भर पहले वे एक बार कुछ मिनट के लिए आए जरूर थे परंतु उन्होने धान खरीदी के संदर्भ में किसी भी प्रकार से तैयारी के बारे में चर्चा नही किया और चलते बने।

# दीपावली पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू



**छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय नृत्य, धान की फसल पकने पर प्रारंभ और दीपावली पर शिव गौरी की शादी पर होता है समापन**

**नवापारा-राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो गई, सुबह से घरों में सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली दस्तक दे रही है। इससे पर्व की रौनकता बढ़ जाती र है। दीपावली नजदीक आते ही गांवो में ता नारी ना मोर सुआ वो की गीत गूंजने लगी है। केवल महिलाएं ही नहीं छोटी- छोटी बालिकाएं भी साड़ियां पहनकर गांवों के घरों में सुआ नाचने निकल पड़ती हे। सुआ नृत्य करने आई महिलाओं को यथायोग्य उपहार देकर ससम्मान विदा कर दिया जाता हे। वैसे लक्ष्मी पूजा 12 नवंबर को है, लेकिन 26 अक्टूबर से सुआ नाचने महिलाएं निकल पड़ी है। घर-घर जाकर किया सुआ नृत्यरूटोकनी में मिट्टी से सुआ बनाकर गली-मोहल्लों में बच्चियों की निकली टोली गीत गाते हैं।

सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ का सबसे लोकप्रिय नृत्य हे इसे उस समय प्रारंभ करती हैं, जब छत्तीसगढ़ की प्रमुख फसल धान के पकने का समय पूर्ण हो जाता है। यह नृत्य दीपावली के कुछ दिन पूर्व प्रारंभ होता है और इसका समापन शिवगौरी के विवाह आयोजन के समय दीपावली के दिन रात्रि के समय होता है। इस नृत्य में महिलाएं प्रत्येक घर के सामने गोलाकार झुंड बनाकर ताली की थाप पर नृत्य करते हुए सुन्दर गायन करती हैं। टोकरी जिसमें धान भरा होता है, उसमें मिट्टी से बने दो सुआ शिव और गौरी के प्रतीक के रूप में श्रद्धापूर्वक रखे जाते हैं।

नृत्य करते समय महिलाएं टोकरी गोलाकर वृत के बीचों-बीच रख देती है, और सामूहिक रूप से झूम-झूमकर ताली बजाते हुए सुआ गीत गाती हैं। वस्तुत: सुआ नृत्य प्रेम नृत्य है जिसे शिव और गौरी के नाम से व्यक्त किया जाता है।

# कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत



**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम सिंधौरी में जय माँ चंडी कबड्डी दल सिन्धौरी के तत्वावधान में कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल के अनेक दलों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 10001 रूपए, द्वितीय 7001, तृतीय 5001 तथा चतुर्थ 3001 रुपए विजेता टीमों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल थे। विशेष अतिथि अभिषेक पटेल, सरपंच परसराम यादव थे। आयोजन में युवा मितान क्लब के राजकुमार पटेल, पुष्कर पटेलए, ईश्वर पटेल, जगमोहन पटेल, तिरिथ पटेल, डिगम यादव, कमलेश साहू, यशवंत पटेल, चिंता यादव, योगेश कुमार सेन, जय प्रकाशए, मोंटू साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण



**मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन कर रिपोर्ट भेजेंगे**

**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन में माइक्रो ऑब्जर्वर सूक्ष्म प्रेक्षकों का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके कर्तव्यों व दायित्वों को विस्तार से जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान प्रारम्भ होने के 90 मिनट पूर्व मतदान केन्द्र पहुंच जाना है और मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान प्रारम्भ होने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर भी नजर रखनी है। साथ ही दिनभर की सभी गतिविधियों को संबंधित प्रपत्र में संधारित करना है और पीठासीन पदाधिकारी के साथ.साथ अन्य मतदान कर्मियों से भी जानकारी लेते रहना है। उन्हांने बताया कि मतदान अभिकर्ता पर भी नजर रखनी है कि मॉक पोल के दौरान वह उपस्थित हुए है या नहीं और इसके साथ.साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मतदान केन्द्र पर अपनी ड्यूटी का अनुपालन कर रहे है इसकी भी सूचना देंगे। प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। शाम 05:00 बजे कतार में कितने मतदाता उपस्थित थे। इसकी भी रिपोर्ट देनी है। इसके बाद अंतिम समय में कितने मतदाता उपस्थित थेए जिनको पीठासीन पदाधिकारी द्वारा टोकन दिया गयाए कुल मतदान की संख्या और उसका प्रतिशत भी दर्ज करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता परिचय पत्र से कितने मतदाताओं ने वोट दिया और एएसडी सूची से कितने मतदाताओं ने वोट दिया। यह भी अवलोकन करना है कि अमिट स्याही ठीक से लगाई जा रही है या नहीं और पीठासीन अधिकारी की डायरी में समस्त घटनाएं दर्ज हो यह भी सुनिश्चित करना है। माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में बैंक, एल आई सी, केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के कुल 171 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# नारी शक्ति तथा प्रकृति की शक्तियां मनुष्य में स्वत: स्थापित शक्तियों से जागृत करना



**बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा आयोजन में मां दुर्गा के नौ रूपों की झांकी का किया प्रदर्शन**

**नवापारा-राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के निजी शिक्षण संस्थान सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में शिक्षा संकाय के तत्वाधान में छात्र हितैषी बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा नवरात्रि उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। डॉ शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य नारी शक्ति तथा ष्प्रकृतिष् की शक्तियों के बारे में एवं मनुष्य में स्वत:स्थापित शक्तियों से जागृत करना था। बीएड प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नवरात्रि पर्व नारी शक्तिष् तथा प्रकृति की शक्तियों के बारे में एवं मनुष्य में स्वत:स्थापित शक्तियों से जागृत करना था। बीएड आयोजन किया गया, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की झांकी का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा नवरात्रि के प्रत्येक दिवस मां दुर्गा का कौन सा स्वरूप आता है ? इसकी जानकारियाँ दी गई। जिसमें सीमा साहू के द्वारा मां दुर्गा का जन्म कैसे हुआ इस बारे में बताया गया, हर्षिता शुक्ला के द्वारा मां दुर्गा शेर पर क्यों सवार होती है एवं त्रिपदा ध्रुव के द्वारा हम नौ दिनों तक पूजा एवं उपवास क्यों करते हैं इस की जानकारी कार्यक्रम प्रभारी प्रो नयना पहाड़िया के मार्गदर्शन एवं लोमश साहू के नेतृत्व में बताया गया। साथ ही साथ होमनी कश्यप के द्वारा - माँ शैलपुत्री, गणेश्वरी साहू के द्वारा - माँ ब्रह्मचारिणी, कुसुम ध्रुव के द्वारा - माँ चंद्रघंटा, तारिणी साहू के द्वारा - माँ कुष्मांडा के बारे में, धनेश्वरी ध्रुव के द्वारा - माँ स्कंदमाता के बारे में, मीना वर्मा - माँ कात्यायनी की शक्तियों के बारे में, रिया यादव के द्वारा - माँ कालरात्रि, योगेश्वरी के द्वारा - माँ महागौरी एवं युवरानी के द्वारा - माँ सिद्धिदात्री की शक्तियों के बारे में जो नवरात्रि के अंतिम दिवस पर आती है, की जानकारियां दी गई। शिक्षा संकाय के द्वारा नवरात्रि उत्सव कार्यक्रम का आयोजन करने का उद्देश्य यह है कि माँ दुर्गा के नौ रूप एवं उनकी शक्तियां मनुष्य को प्रकृति से कैसे जोड़ती है तथा यह मनुष्य पर कैसे प्रभाव डालती है, इत्यादि विभिन्न जानकारियाँ इस कार्यक्रम के माध्यम से बीएड प्रशिक्षणार्थियों को बताई गई एवं छात्र हितैषी दारा गरबा कार्यक्रम आयोजन हुआ इस कार्यक्रम में मां की आराधना की गई इस रीधी बंगानी, लकी साहू, आनिकेत ढिंढी दीपिका वंदना, एस कुमार, वैष्णवी साहू, नेहा, राजकुमार, पायल, ट्विंकल सभी ने कार्यक्रम विविध कलाओं का मनमोहक प्रस्तुति की गई शिक्षा संकाय से सभी प्राध्यापक का विशेष योगदान रहा.

# खरोरा में कार्तिक स्नान पर स्वच्छता अभियान चलाया गया



**महासमुंद,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक मे 29 अक्टूबर को कार्तिक स्नान के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व सैनिक संगठन के सभी परिवार एवं संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर, देवदत्त चन्द्राकर, युवराज चन्द्राकर, माया साहू, मानिक साहू, सहदेव राम ध्रुव, के सिन्हा, आरपी साहू, प्रदीप चन्द्राकर, गुलशन चन्द्राकर, सरला सोनी, आंजन चन्द्राकर, गायत्री साहू, केशरी साहू, ज्योति चन्द्राकर, पूजा चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, किरण पटेल, रेखा बाजपेयी, सुनीता तिवारी, आकांक्षा, काजल, किरण शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज चन्द्राकर ने कहा देश की रक्षा के लिए जिन वीर सैनिकों ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उनकी शहादत को कभी नहीं भुलाया जा सकता। संसार में सबसे कीमती होती है जिंदगी और हमारे सैनिक अपनी जिंदगी की परवाह किए बिना देश की सीमाओं पर दुश्मन से लड़ते हैं। शहीद सैनिकों की कुर्बानी की ही देन है कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आपदा और आतंरिक अशांति के दौरान भी सैनिकों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। बहादुर सैनिकों के कारण ही आज देश के करोड़ों लोगों ने खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव संपन्न



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयादशमी उत्सव कसडोल खण्ड का कसडोल नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य वक्ता संजय दुबे विभाग कार्यवाह रायपुर रहे। उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवको ने नगर के इंदिरा स्कूल से निकलकर नगर के पारस नगर, बाजार पारा, बगदेवी पारा, बजरंग चौक से पथसंचलन करते हुए इंदिरा स्कूल पहुंचे।

श्री दुबे ने बताया कि संघ की स्थापना विजयादशमी को पूजनीय केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा नागपुर के मोहितेबाड़ा में किया गया था जो आज विश्व का सबसे बड़ा गैरसरकारी स्वयंसेवी सगठन बन गया है जो अपनी शताब्दी वर्ष के निकट पहुंच रहा है। संघ के काम देश समाज एवं राष्ट्र के हितों में होकर सदा से समाज को प्रेरणा देते आई है जिसके साक्षी हम सब है। आज के इस अवसर पर हम संकल्प ले की हम सभी देश की एकता अखंडता सहित समाज को विकसित बनाते हुए अपने देश के संविधान में दर्शित मूल कर्तव्यों का निर्वहन कर समाज को नई प्रेरणा देंगे। इसी प्रकार उन्होंने वीर शिवाजी की कहानी बताकर स्वयंसेवको को संगठन शक्ति के सम्बंध में विस्तार से बताया और संघ कार्य मंडलों में ले जाने की बात कही। यदि कोई व्यक्ति संघ से जुड़ना चाहता हो तो वह संघ के जागरण, गतिविधियों में जुड़ कर संघ से जुड़कर राष्ट्र कार्य मे अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकता है। कार्यक्रम में सह जिला धर्मजागरण प्रमुख पुनेश्वर नाथ मिश्रा खंड संघचालक श्री के आर कैवर्त, खण्ड कार्यवाह हरदयाल साहू सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता करना, तलवार की धार पर काम करने के समान, चुनौतीपूर्ण कार्य : शर्मा

**श्रीसालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति ने किया कलमवीर सम्मान समारोह का आयोजन**




**नवापारा राजिम,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय श्रीसालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति व श्री सालासर हनुमान चालीसा समिति द्वारा रविवार को नगर सहित अंचल के सभी पत्रकार, संवाददाता व रिपोर्टर का सम्मान किया गया. कलमवीर नाम से आयोजित इस सम्मान समारोह मे नवापारा शहर सहित अंचल के पत्रकार व संवाददाता उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुवात श्री राम दरबार व श्री सालासर बालाजी महाराज के छायाचित्र पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण से हुई. उक्त सम्मान कार्यक्रम के स्वागत मे स्वागत गीत का गायन कुमारी डॉली निसाद, मोहिनी साहू, पिंकीं साहू, के द्वारा हुआ. तत्पश्चात समिति के सचिव गुलाब साहू ने उपस्थिति कलमवीरो के सम्मान मे स्वागत भाषण प्रस्तुत किया. समिति के संस्थापक राजू काबरा ने पत्रकार व पत्रकारिता पर आधारित कविता पाठ का वाचन किया. कार्यक्रम के दौरान रमेश पहाडिया अधिमान्य पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, सहित श्रीमति सोमा शर्मा, नीरज शर्मा, विनोद जैन, मनीष जैन, आलोक पहाड़िया, डॉ. लीलाराम साहू, संपादक तुकाराम कंसारी, उमेश यादव, प्रवीण साहू, दीपक वर्मा, नागेंद्र निषाद, कृष्णा मेश्राम, श्रीकांत साहू, युवराज साहू, बिशेषर हिरवानी सहित अन्य सभी पत्रकार, संवाददाता व रिपोर्टर उपस्थित थे जिनका सम्मान किया गया.। कार्यक्रम मे उपस्थित अधिमान्य पत्रकार व ब्यूरो चीफ श्यामकिशोर शर्मा ने कहा कि पत्रकारो का सम्मान तो होता है, पर समिति द्वारा इस तरह का सम्मान देना अपने आप मे बहुत ही बड़ा कार्य है. जिसके लिए उन्होंने सभी की ओर से सम्मान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया. उन्होंने अपने पत्रकारिता जीवन के अनुभव सहित सभी उपस्थित जनों से साझा किया. उन्होंने नवापारा क्षेत्र मे कलमवीरों द्वारा सजग रहकर जो चौथे सतम्भ की सजग भूमिका निभाई जा रही है उसकी तारीफकी और इसे मिशाल बताया. पत्रकारिता को दुधारी तलवार व पत्रकारिता को चुनौती पूर्ण कार्य बताते हुए उन्होंने सभी को अच्छी पत्रकारिता के लिए टिप्स भी साझा किये. उन्होंने समिति के जनकल्याणकारी कार्यों की तारीफकरते हुए आयोजन मे हर संभव सहयोग भी करने की बात कहीं. कार्यक्रम को आईएनएच व आईबीसी 24 के रिपोर्टर नीरज शर्मा व श्रीमती सोमा शर्मा ने भी सम्बोधित किया. कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्री सालासर समिति के अध्यक्ष धरम साहू ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने मे समिति के संस्थापक राजू काबरा, संरक्षक पवन यदु, मोहन पंजवानी, अध्यक्ष धरम साहू, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर राठी, उपाध्यक्ष सुमीत पंजवानी, सचिव गुलाब साहू, सहसचिव ओमप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ सदस्य रूपेंद्र चंद्राकर, सदस्य नेमी साहू, संतोष साहू, खिलेश पैगम्बर, तुषार बया, राजकुमार यादव व हनुमान चालीसा समिति से अध्यक्ष श्रीमति तारनी शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमति आरती काबरा, कार्यकारी अध्यक्ष कु. भारती साहू, सचिव पिंकी साहू, कोषाध्यक्ष डाली निषाद, सहसचिव कु. मोहिनी साहू, वरिष्ठ सदस्य श्रीमति कविता इसरानी, सदस्य तुलसी साहू, ईशा देवांगन, लक्ष्मी साहू, मुस्कान साहू, वाशनी साहू, छाया साहू, चंचल निषाद, रिया कंसारी, तनीषा तारक, डिगेश्वरी देवांगन व भुनेश्वरी साहू सहित अन्य लोग लगे हुए थे.